

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





09 करण जौहर के साथ अनबन पर कार्तिक आर्यन ने तोड़ी ...

टी20 विश्व कप में गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला ... 11



वर्ष : 12 | अंक : 62 | पटना, बुधवार, 12 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## मामले में एनटीए को नोटिस, आठ जुलाई को होगी अगली सुनवाई

# नीट-2024 पेपर विवाद : काउंसलिंग पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल कॉलेज स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक होने संबंधी गड़बड़ी और धोखाधड़ी के आरोप वाली याचिकाओं के मद्देनजर दाखिले से संबंधित काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया, लेकिन इस मामले में की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर कहा कि कई सवाल उठाए गए हैं। परीक्षा की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए से जवाब मांगते हुए कहा कि वह इस मामले में आठ जुलाई को अगली सुनवाई करेगी। हालांकि, पीठ ने याचिकाकताओं द्वारा किए गए मौखिक अनुरोध पर काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने कहा कि नीट परीक्षा के पेपर लीक की खबर सुनकर वे अंदर तक हिल गए हैं। वे बहुत तनाव और चिंता में हैं, क्योंकि उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने एक दिन मेडिकल प्रैक्टिशनर बनने का सपना देखा था। उन्होंने न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि एनटीए ने बिहार के पटना स्थित शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज एफआईआर और बिहार पुलिस द्वारा पेपर लीक मामले में आगे की जांच की पृष्ठभूमि में संबंधित विभिन्न एजेंसियों की चल रही जांच पूरी होने से पहले ही पेपर लीक मामले में कथित अपराधियों को क्लीन चिट देते हुए अपना स्वयं का परिपत्र/अधिसूचना प्रकाशित कर दिया है। पीठ ने अधिवक्ता की ओर से काउंसलिंग पर रोक लगाने के समर्थन में बार-बार दी जा रही दलीलों कहा, हम काउंसलिंग बंद नहीं करेंगे। अगर आप आगे बहस करेंगे तो हम इसे खारिज कर देंगे। नीट 2024 परीक्षा 5 मई 2024 को आयोजित की गई थी। परिणाम 4 जून 2024 को घोषित किए गए थे। स्वास्थ्य विज्ञान महानिदेशालय, चिकित्सा परामर्श समिति की ओर से जुलाई 2024 के पहले सप्ताह में यूजी काउंसलिंग 2024 शुरू करने की संभावना है। दरअसल, इस साल हुई नीट की परीक्षा में देशभर से 23 लाख से भी अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। 4 जून को परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। इस परीक्षा की मेरिट लिस्ट में कुल 67 अभ्यर्थियों ने पहला स्थान हासिल किया है। इन सभी 67 छात्र-छात्राओं को 720 में 720 अंक मिले हैं। ये सभी छात्र हरियाणा के झज्जर के एक ही सेंटर के हैं। नतीजे सामने आने के बाद से ही इसे लेकर देशभर में विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया। तेलंगाना के रहने वाले अब्दुल्ला मोहम्मद फैज ने परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में परीक्षा को रद्द कर उसे फिर से आयोजित करने की मांग की गई है। साथ ही पूरे मामले की एसआईटी जांच और काउंसिलिंग रोकने की भी मांग की गई थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को किसी तरह की राहत देने से इनकार कर दिया है और एनटीए से जवाब मांगा है।इससे पहले इसी तरह के एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा के परिणाम की घोषणा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि उसने एनटीए तथा अन्य को नोटिस जारी किया था। परीक्षा में शामिल छात्रों द्वारा दायर याचिका में 5 मई को हुई नीट यूजी परीक्षा में कदाचार की गहन एवं जल्द जांच करने का निर्देश देने, और पेपर लीक की जांच पूरी होने तक परिणाम के प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इसमें एनटीए को परीक्षा परिणाम वापस लेने और नये सिरे से परीक्षा के आयोजन का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

## भीषण गर्मी व हीटवेव की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

# गर्मी व लू से बचाव के लिए लोगों को करें जागरूक : सीएम नीतीश

- बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो
- दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ता सुनिश्चित करें

प्रात : किरण

**अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह दुरुस्त रखें**





पटना। भीषण गर्मी और हीटवेव की आपदा जनक स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग एवं सभी जिलाधिकारी को दिया आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भीषण गर्मी और हीट वेव की आपदा जनक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन एवं राज्य के सभी जिला अधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा है कि सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखे जाएं।

उन्होंने कहा कि भूजल स्तर पर भी नजर रखें और अपने-अपने जिलों की स्थिति का आकलन करें साथ ही क्षेत्र में जाकर लोगों की पूरी सावधानी बरतने की सलाह दें। भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अभी निर्देश दिया है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अनुमंडल एवं सदर अस्पतालों में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से अलर्ट पर रहे और सभी जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित सुनिश्चित रखें। गांव हो या शहर सभी जगह पर निर्वाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है कि लोगों को लगातार जागरुक करते रहें और संपूर्ण स्थिति पर निगरानी रखें।

**सूबे में प्रचंड गर्मी का कहर जारी, जनजीवन बेहाल:** पटना। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। तेज धूप लोगों को झुलसा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पटना, जहानाबाद, अरवल, नालंदा, लखीसराय, शेखुपुरा, कैमूर, सासाराम, औरंगाबाद, नवादा, गया, भोजपुर, बक्सर में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के दक्षिण पूर्व भागों के एक से दो स्थानों पर लू (उष्ण लहर) की संभावना के साथ ही ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के उत्तर पश्चिम भाग के एक से दो स्थान पर गर्म दिन होने व उत्तर पूर्वी भागों के एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन तेज हवा की संभावना जताई है, जिसकी रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की बताई जा रही है। मौसम विभाग का मानना है कि दक्षिण मध्य भाग के पटना, गया, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय,जहानाबाद, दक्षिण पश्चिम भाग के बक्सर ,भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल जिला की तापमान मंगलवार को 42 से 44 डिग्री रहने की संभावना है। दक्षिणी भागों के अधिकांश जिला में 14 जून तक हीट वेव की पूवानुर्मान बताई गई है। मौसम विभाग का यह मानना है कि सन स्ट्रोक से आम लोगों को जहां तक हो बचने का प्रयास करना चाहिए। इसके साथ ही मौसम विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि बीमारी और बेहोशी महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी को ओमान के सुल्तान ने फोन पर बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक का फोन आया। सुल्तान हैथम बिन तारिक ने हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों के बाद तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार तारिक ने ओमान और भारत के बीच सदियों पुराने मैत्री संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने भारत के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक को उनकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया और दिसंबर 2023 में भारत की अपनी ऐतिहासिक यात्रा का जिक्र किया, जिससे सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में मजबूती आई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए भारत-ओमान साझेदारी को और गहरा तथा मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने तारिक और ओमान के लोगों को आने वाली ईद अल अजहा पर हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

### पुलवामा में लश्कर-ए-तैयबा के तीन सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

श्रीनगर। पुलवामा जिले में दो आईईडी बरामद होने के मामले में लश्कर-ए-तैयबा के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 3 जून को लश्कर कमांडर रेयाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की मुठभेड़ के दौरान मारे जाने के बाद आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों के सक्रिय कार्यकताओं (ओजीडब्ल्यू) के नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए। रविवार को बरामद किए गए करीब छह किलोग्राम वजनी विस्फोटक उपकरण एक दिन बाद नष्ट कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान करने के आरोप में तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

## लालू प्रसाद ने 77 वें जन्मदिवस पर काटा 77 पाउंड का केक

# सामाजिक न्याय तथा धर्मनिरपेक्षता की मजबूती के लिए सजग रहना होगा : लालू

### सोनिया गांधी, सीएम नीतीश, राहुल,खरगे सहित कई नेताओं ने दी बधाई



पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्म दिन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को 10 सर्कुलर रोड पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर राजद सुप्रीमो ने परिवार, नेताओं और कार्यकताओं के साथ मिलकर जन्मदिन का केक काटा और सबको अपने हाथों से केक खिलाया। जन्मदिन पर संदेश देते हुए कहा कि हम सभी को गरीबों से शोषितों, वंचितों के बीच जाकर काम करना चाहिए और उनको गले लगा कर उनको सम्मान का भाव देना चाहिए। साथ ही साथ देश में गंगा-यमुना संस्कृति और भाईचारा के माहौल को मजबूत बनाने के लिए सभी लोगों को मिलकर कार्य करना चाहिए, सामाजिक न्याय तथा धर्मनिरपेक्षता की धारा को मजबूती प्रदान करने के लिए हर स्तर पर सजग रहना होगा। जन्मदिन के अवसर पर राजनीति के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों से जुड़े अनेक सेलीब्रिटी लोगों के साथ हीं बड़ी संख्या में आम लोगों ने मिलकर, दूरभाष द्वारा एवं सोशल मीडिया के माध्यम से लालू के जन्म दिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घ जीवन की कामना की।

शुभकामना देने वालों में कोंग्रेस नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, कोंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी,बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, तामिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन,पं बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनसीपी नेता शरद पवार, तेलगु देशम पार्टी के नेता चन्द्रबाबू नायडू,महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, आप सांसद संजय सिंह, कोंग्रेस सांसद राजीव शुक्ला, समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव, केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान , पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा , सीपीआई माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सीपीएम नेता सीताराम येचुरी, सीपीआई नेता डी राजा, पत्रकार रजत शर्मा, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के नाम उल्लेखनीय हैं।

# शाह, जयशंकर समेत केंद्र में नई सरकार के विभिन्न मंत्रियों ने संभाला कार्यभार

### मंत्रियों ने कार्यभार संभालने के बाद अपने विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए मंत्रियों में अमित शाह, डॉ. एस जयशंकर, किरन रिजिजू और सबानंद सोनोवाल समेत विभिन्न मंत्रियों ने अपने-अपने कार्यभार संभाल लिए हैं। अमित शाह समेत कई मंत्रियों ने मंगलवार को कार्यभार संभालने के बाद अपने विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। आज कार्यभार ग्रहण करने वाले मंत्रियों में जगत प्रकाश नड्डा, मनोहर लाल, अर्जुन राम मेघवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, गिरिराज सिंह, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और अश्विनी वैष्णव भी शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर कल नई सरकार के मंत्रियों के विभागों की अधिसूचना जारी की।

रविवार को प्रधानमंत्री, उनकी सरकार के 30 नए कैबिनेट मंत्रियों, पांच राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलायी गयी थी। श्री शाह ने लगातार दूसरी बार केन्द्रीय गृह मंत्री का कार्यभार संभाला है। श्री शाह गृह मंत्रालय के नार्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में कार्यभार संभालने से पहले सुबह साढे दस बजे यहां चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक गये। उन्होंने वहां शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और गृह सचिव अजय कुमार भल्ला भी थे।

श्री नड्डा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने आज विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभाला। उन्होंने मंत्रालय में पहली बार राज्य मंत्री का पदभार संभालने वाले गोंडा (उत्तर प्रदेश) के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह तथा पवित्र मार्गेरीटा का मंत्रालय में स्वागत किया। श्री मागेरीटा को कपड़ा मंत्रालय में राज्य मंत्री की भी जिम्मेदारी दी गयी है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने अपना कार्यभार संभालने के बाद कहा कि देशवासियों ने चुनाव के माध्यम से सत्ता पक्ष तथा विपक्ष की भूमिका तय कर दी है। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री के तौर पर उनकी कोशिश रहेगी कि विपक्ष को साथ लेकर संसद को सुचारू रूप से चलाया जाये।

# बागमती में डूबने से तीन बच्चों की मौत, सीएम ने जताया शोक

प्रात : किरण

पटना। बिहार के सीतामढ़ी जिला के सुप्पी प्रखंड की अख्ता पूर्वी पंचायत के वाजपेयी टोला के पास बागमती नदी में स्नान के दौरान एक युवक व तीन बच्चे डूब गये। घटना मंगलवार की है। सूचना मिलने पर स्थानीय थाना व एसडीआरएफ की टीम ने पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ के गोताखोरों की मदद से तीन शवों को निकाला गया। एक बच्चा लापता बताया जा रहा है। शवों की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के ढाका थाने के झिटकाही गांव निवासी मो महमूद के पुत्र मो दिलशाद , अख्ता पूर्वी वार्ड नंबर निवासी जालिम खान के पुत्र मो शाहनवाज तथा मो जुनैद के पुत्र मो सोहैल के रूप में की गयी है। स्थानीय नूर मोहम्मद के पुत्र सहमद मंसूरी लापता है। उसकी तलाश जारी है।

**बच्चों की मौत पर सीएम ने जताया शोक :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया में बागमती नदी में तीन बच्चों के डूबने से हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में लापता एक अन्य बच्चों की समुचित खोजबीन जारी करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।




बिहार सरकार

**संदेश**

मुख्यमंत्री
बिहार

बाल श्रम एक सामाजिक एवं आर्थिक समस्या है। यह न केवल देश की प्रगति में बाधक है, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए एक अभिशाप है। राज्य सरकार इस जटिल समस्या को समाप्त करने एवं बाल श्रम से विमुक्त कराये गये बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु दृढ़ संकल्पित है। इसी संकल्प को और मजबूत करने के लिए हर वर्ष 12 जून को ''विश्व बाल श्रम निषेध दिवस'' मनाया जाता है।

विभिन्न नियोजनों/प्रतिष्ठानों में बाल श्रम की सतत् निगरानी हेतु जिला स्तरीय धावा दल का गठन किया गया है। बाल श्रम से विमुक्त किये गये बच्चों को विभिन्न प्रकार की सुविधायें दी जाती है तथा उन्हें पुनर्वास कार्यक्रमों से जोड़ा जाता है। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुदान भी दिया जाता है। बिहार को बाल श्रम से मुक्त राज्य बनाना राज्य सरकार का संकल्प है और हम इस दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। ऐसे पुनीत कार्य समाज के सभी वर्गों की साझेदारी एवं सहयोग के बिना संभव नहीं है।

**''विश्व बाल श्रम निषेध दिवस''** के अवसर पर हम समाज के सभी वर्गों यथा जन–प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, आम नागरिकों, श्रमिक संगठनों एवं बुद्धिजीवियों से राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने में सहयोग की अपेक्षा करते हैं। आइये, हम सब मिलकर बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 001715 (LRD)D. 2024-25



बिहार सरकार

**संदेश**

बच्चे हमारे समाज रूपी बगिया के वो सुदंर फूल हैं जिनका सुगंध पूरे समाज को प्राप्त होता है। बच्चों को उनका अधिकार देना एवं नैसर्गिक वातावरण में पालन–पोषण हमारा दायित्व है, परन्तु बाल श्रम जैसा समाजिक कुचक्र इन फूलों के विकास में बाधक तो है ही साथ ही साथ किसी भी सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य भर में अभियान चलाया जा रहा है। यह एक सामाजिक–आर्थिक समस्या है। इस जटिल समस्या को समाप्त करने एवं बाल श्रमिकों के कल्याण एवं पुनर्वास को सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष 12 जून को **''विश्व बाल श्रम निषेध दिवस''** के रूप मे मनाया जाता है।

बच्चों की सही जगह स्कूल एवं खेल का मैदान है। बाल श्रम के उन्मूलन, विमुक्ति एवं पुनर्वास हेतु राज्य कार्ययोजना के माध्यम से इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिए हम सतत् प्रयत्नशील हैं। बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने का हमारा संकल्प है एवं हम इस दिशा की ओर प्रयासरत हैं। बिहार को बाल श्रम मुक्त बनाने में समाज के सभी वर्गों की साझेदारी एवं परस्पर सहयोग अपेक्षित है। बाल श्रम मुक्त समाज ही समग्र राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। 21वीं सदी का विकसित भारत और विकसित बिहार बनाने के लिए इस अभिशाप से मुक्त करने की जिम्मेवारी हम सब की है।

हम सभी आज संकल्प लें एवं पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

(विजय कुमार सिन्हा)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 001716 (LRD)D. 2024-25

# धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना लालू प्रसाद का 77 वां जन्म दिन

## अपने परिवार, नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ राजद सुप्रीमो ने मनाया जन्म दिन

- विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, बधाईयों का लगा तांता

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद का 77 वां जन्मदिन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, सारण से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉ रोहिणी आचार्य, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनू यादव, विधान पार्षद कारी शोएब, अशोक पांडेय, विधायक विजय मंडल,अनिरुद्ध यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, मधु मंजरी,अरुण यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा ,पूर्व विधायक अनवर आलम, दीनानाथ सिंह यादव, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद साहनी, प्रदेश महासचिव मुकुंद सिंह, श्री बल्ली यादव, ई अशोक यादव,डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, गुलाम रब्बानी, मनोज कुमार सिंह, जेम्स कुमार यादव, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय, राजेश पाल,उपेंद्र चंद्रवंशी, अरुण कुमार सिंह, चंदेश्वर प्रसाद सिंह, अफरोज आलम, राकेश रंजन रजक सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि लालू के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता अनिल जायसवाल ने ढोल नगाड़े के साथ 11 ठेले पर लड्डू और विभिन्न तरह की मिठाइयां और खाजा लेकर धूमधाम के साथ दस, सर्कुलर रोड पहुंचे। जन्मदिन के पूर्व संध्या से ही राजद कार्यालय को रंगीन बल्ब की रोशनी से सजावट की गई और इसकी भव्यता देखते बन रही है। साथ ही पूरे पटना में पोस्टर, बैनर लगाकर लालू जी के दीघार्यु होने और देश तथा बिहार की राजनीति को नई दिशा देने में महती भूमिका निभाएं इसकी नेताओं औरकार्यकताओं ने कामना की।

वहीं, राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि प्रदेश एवं देश के विभिन्न स्थानों पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित राजनीति एवं विभिन्न क्षेत्रों से सम्बद्ध अनेक लोगों ने लालू जी को शुभकामनाएं दी एवं उनके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि राज्य के सभी जिला एवं प्रखंड मुख्यालयों पर लालू जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटा गया और मिठाइयां बांटी गई। राज्य के विभिन्न मठों - मन्दिरों पर धार्मिक आयोजन किए गए और सहभोज आयोजन के साथ हीं गरीबों को भोजन कराया गया। विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अस्पतालों में मरीजों के बीच फल एवं होर्लिक्स के पांच बांटे गए। गरीब बस्तियों में कपड़े बांटे गए। गरीब परिवार के बच्चों के बीच कापी , कलम , ड्राइंग कलर और चॉकलेट बांटे गए। राजद प्रवक्ता ने बताया कि बिहार के अलावा दूसरे प्रदेशों में भी राजद समर्थकों एवं लालू के प्रशंसकों द्वारा उनका जन्मदिन काफी धूमधाम से मनाया गया एवं अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# गरीबों के मसीहा है लालू प्रसाद :तेजस्वी

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



राजद सुप्रीमो के 77वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया जा रहा है। जन्म दिन के अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री से बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू प्रसाद गरीबों के मसीहा हैं। उन्होंने हमेशा गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। रेल मंत्री के रूप में अपनी भूमिका के दौरान उन्होंने 90,000 करोड़ रुपये का मुनाफा दिया। उन्होंने बिहार को 2-3 रेलवे कारखाने दिए। उनके नेतृत्व में, मुझे उम्मीद है कि पार्टी बढ़ती रहेगी। वहीं, इससे पहले मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी ने केन्द्र सरकार पर तंज कसा। केंद्रीय मंत्रियों के बीच मंत्रालयों का बंटवारे के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि बिहार से एनडीए के 30 सांसद चुनकर गए हैं। पिछली बार भी 39 सासंद चुने गए थे लेकिन बिहार को कुछ नहीं मिला था। लेकिन इस बार बिहार निर्णायक भूमिका में है तो कम से कम बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। देशभर में जातीय गणना कराया जाए। इसके साथ ही जो अन्य जरूरी मांगे हैं उसे पूरा कराएं। बिहार के जो सांसद मंत्री बने हैं, कम से कम उनसे तो यह अपेक्षा रखी जानी चाहिए कि वह बिहार के लिए आवाज उठाएंगे। मोदी कैबिनेट में एक भी मुसलमान को जगह नहीं मिलने के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि इससे साफ दिख रहा है कि मुसलमानों के प्रति उनके मन में कितनी नफरत है। हमलोगों का तो मानना है कि सभी को बराबर मान-सम्मान मिलना चाहिए और हर किसी को आगे बढने का मौका मिलना चाहिए।

# गरीब मेधावी बच्चों का आईआईटी जाने का सपना हो रहा है पूरा :आर के सिन्हा

- अवसर ट्रस्ट के बच्चों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में लहराया परचम
- इस बार 13 में से 8 छात्रों ने जबरदस्त सफलता पाई

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आर के सिन्हा ने कहा है कि गरीब मेधावी बच्चों के आईआईटी जाने का सपना हो रहा है। श्री सिन्हा मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि जो बच्चे आगे पढ़ना चाहते हैं लेकिन गरीबी के कारण आईआईटी और नीट जैसी परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पाते उनको अवसर ट्रस्ट मौका देता है। अब तो अवसर एक ऐसा फोरम बन गया है जहां बड़ी संख्या में गरीब छात्र अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए आते हैं और उच्च श्रेणी के प्रशिक्षण के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने आगे बताया कि अवसर ट्रस्ट के बच्चों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में अपना परचम लहराया है। इस बार 13 में से 8 छात्रों ने जबरदस्त सफलता पाई है। अवसर के जिन छात्रों ने अपना परचम लहराया है उनमें खुसरूपुर पटना के रहने वाले आदित्य रंजन को ऑल इंडिया रैंक 128 मिला है तो दरभंगा के रहने वाले शुभम कृष्ण ने ऑल इंडिया रैंक 254 प्राप्त किया है, इसके अलावा शिवम कुमार का रैंक 3773, शिवांश कुमार सिन्हा का रैंक 3902 ,कुणाल शर्मा का रैंक 4001, विशाखा कुमारी का रैंक 4772, आर्यन कुमार का रैंक 5045 एवं अभय कुमार का रैंक 8817 आया है। इसमें 5000 के अंदर रैंक लाने वाले का आईआईटी का प्रवेश तो निश्चित है। श्री सिन्हा ने बताया कि वह शिक्षकों के परिश्रम और बच्चों के उत्साह से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि अवसर से शिक्षा प्राप्त किए हुए बच्चे हर क्षेत्र में अन्य बच्चों से बेहतर साबित हो रहे हैं।

पूर्व सांसद ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष भी अवसर के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। पिछले वर्ष भी आर्थिक रुप से गरीब स्टूडेंट्स आईआईटी प्रवेश परीक्षा में सफल हुए थे। पिछले साल मोकामा के रहने वाले अभिषेक सिन्हा ने ऑल इंडिया में रैंक 245 प्राप्त किया और आजकल वे आईआईटी रुड़की में पढ़ाई कर रहे हैं । इसी तरह गिरिडीह के मोमबत्ती विक्रेता के पुत्र पिंटू वर्णवाल आईआईटी बीएचयू और पटना के पोस्टर बैनर लगाने वाले मजदूर की बेटी दिव्या कुमारी अवसर शैक्षणिक संस्थान से पढ़कर आईआईटी धनबाद पहुंच चुकी है। बताते चलें कि 2018 में शुरू हुआ अवसर ट्रस्ट हर साल गरीब मेधावी बच्चों का चयन करता है ।चयनित छात्रों के लिए 2 वर्षों तक उनके रहने-खाने और पाठ्य सामग्री एवं उत्कृष्ट कोचिंग आदि की व्यवस्था संस्थान करता है।

**अगले सत्र के लिए 10 जून से काउंसलिंग :**

अवसर ट्रस्ट की ओर से जानकारी दी गई है कि अगले सत्र के लिए 10 जून से काउंसलिंग शुरू हो चुकी है, जिसके आधार पर जेईई प्रवेश परीक्षा में सफल विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला ले पाएंगे और सफल सभी विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज आईआईटी , ट्रिपल आईटी, एनआईटी में अपना मन पसंद सीट आवंटित कर पाएंगे। इस प्रेस कांफ्रेंस में अवसर क्लासेज के निदेशक मैथेमेटिक्स गुरु के नाम से विख्यात रजनीकांत श्रीवास्तव उपस्थित थें , जिनके मार्गदर्शन में बच्चे तैयार किये जा रहे हैं।

# एनडीए सरकार विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित : उमेश

- बोलें-यूपीए सरकार में रेल मंत्रालय बना था भ्रष्टाचार का अड्डा

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव में तेजस्वी यादव को बिहार की जनता ने करारी शिकस्त दी और बेइंतेहा झूठ फैलाने के बावजूद भी उन्हें महज चार सीट नसीब हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तेजस्वी यादव के पिता जब यूपीए सरकार में महत्वपूर्ण सहयोगी और केन्द्रीय मंत्री थे तो उन्होंने कभी बिहार के हितों की चिंता नहीं की। बातौर रेल मंत्री अपने पिता की उपलब्धियों को गिनाने का नैतिक बल तेजस्वी यादव के पास नहीं है इसलिए जनता का ध्यान भटकाने के लिए अनर्गल बयान दे रहें हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश और बिहार की जनता यह बात बखूबी जानती है कि लालू प्रसाद यादव ने यूपीए सरकार में रेल मंत्रालय को अपने बेटे-बेटियों के नाम अवैध संपत्ति अर्जित करने का जरिया बना दिया था। रेलवे में आईआरसीटीसी होटल घोटाला और लैंड फॉर जॉब घोटाला लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल की एकमात्र पहचान रही है। बातौर रेल मंत्री बिहार की मूलभूत समस्याओं को दूर करने के बजाए तेजस्वी यादव के पिता ने रेलवे में नौकरी बदले गरीबों का जमीन कब्जा किया। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है। अपनी कार्यक्षमता और कुशलता के बदौलत हम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। शोषित और वंचित वर्ग के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार एनडीए सरकार की पहली प्राथमिकता है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सक्षम नेतृत्व जनसेवा के प्रति ईमानदार और प्रतिबद्ध है। जनता को पूर्ण विश्वास है कि आने वाले कुछ साल बिहार और देश के लिए स्वर्णिम काल साबित होंगे।

# डबल इंजन सरकार की डबल सौगात से बिहार के विकास को मिलेगी हाई स्पीड : विजय

- कनेक्टिविटी बढ़ाकर राज्य के विकास की स्पीड और स्कोप को बढ़ाएंगे हाई स्पीड कॉरिडोर

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार की भारतमाला 2अ योजना के तहत जिन दर्जनभर हाई स्पीड कॉरिडोर को स्वीकृति मिली है उनमें से 2 कॉरिडोर बिहार से होकर गुजरने जा रहे हैं। राज्य से होकर रक्सौल-हल्दिया हाई स्पीड कॉरिडोर के लगभग 367 किलोमीटर तथा गोरखपुर-किशनगंज हाई स्पीड कॉरिडोर के लगभग 416 किलोमीटर परिपथ निर्मित होने जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृत भारतमाला-2 के तहत एनएच-319इ वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस वे की 170 किमी लंबाई का परिपथ बिहार से गुजरने वाला है। जिसमें अबतक कुल 5 पैकेज में लगभग 5241 करोड़ रुपए की लागत से 136 किमी की सड़कों के निर्माण से जुड़ी निविदाएं निष्पादित हो चुकी हैं और इन पैकेजों पर जल्द ही कार्य भी शुरू हो जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों की सोच है कि बुनियादी ढांचे के माध्यम से गति, गुणवत्ता और पहुंच पर अनुकूल प्रभाव पड़ना चाहिए। ये दोनों कॉरिडोर उसी सोच को धरातल पर उतारने में सक्षम होंगे । इनसे आवागमन में सुविधा, समय और लागत की कमी के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक गतिशीलता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि रक्सौल-हल्दिया हाई स्पीड कॉरिडोर बिहार के पू. चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, बेगुसराय, लखीसराय, जमुई और बांका जिलों से गुजरने जा रहा है। जबकि गोरखपुर-सिल्लीगुड़ी हाई स्पीड कॉरिडोर राज्य के प. चंपारण, पू. चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया एवं किशनगंज जिलों से होकर गुजरने वाली है। भारतमाला 2अ योजना के तहत बनने वाले ये दोनों कॉरिडोर देश की सामरिक जरूरतों के लिए भी व्यापक उपयोगिता रखते हैं। बिहार में ये जिन इलाकों से होकर गुजरने जा रहे हैं वहां विकास की संभावनाओं पर भी गुणात्मक प्रभाव डालेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विकसित भारत के निर्माण में बिहार जैसे पूर्वी भारत के राज्यों की निर्णायक भूमिका होगी। भारतमाला 2अ के तहत बनने वाले ये दोनों हाई स्पीड कॉरिडोर राज्य में कनेक्टिविटी और कॉमर्स को गति देते हुए विकास की स्पीड और स्कोप को बढ़ाने वाले साबित होंगे।

# अगर गलत नहीं है तो जाँच से डर क्यों रहे हैं तेजस्वी : राजीव

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव रंजन ने आज कहा है कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे तेजस्वी जिस तरह से केंद्रीय जांच एजेंसियों को धमका रहे हैं, उससे पता चलता है कि वह जेल जाने को लेकर बुरी तरह से डरे हुए हैं। उन्हें बताना चाहिए कि अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो फिर डर किस लिए रहे हैं? वह बताएं कि क्या उन्हें देश की न्यायपालिका पर भरोसा नहीं है? उन्होंने कहा कि वास्तव में तेजस्वी यह जानते हैं कि जैसे-जैसे जांच आगे बढती जायेगी वैसे-वैसे उनके भ्रष्टाचार की कलई खुलती जायेगी। जो मामले अभी तक दबे हुए हैं जांच में उनका भी खुलासा हो जाने की संभावना है। इसीलिए वह अभी से ही जांच एजेंसियों के खिलाफ बयानबाजी कर अपना दामन साफ दिखाने के प्रयास कर रहे हैं। उन्हें समझ लेना चाहिए कि बिहारियों से हड़पी जमीन और लूटे हुए रुपए उन्हें पचने वाले नहीं है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि जब भी तेजस्वी से बिना काम-धंधे के अरजी हुई करोड़ों की संपत्तियों के बारे में सवाल पूछे जाते हैं तो वह उस समय नाबालिग होने की दलील देते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि यदि उस समय उन्होंने नादानी में गलती कर दी थी तो आज उन्हें उसे सुधारने से कौन रोक रहा है? यदि वह वास्तव में भ्रष्टाचारी नहीं है तो आम लोगों से हथियाई हुई जमीनों को वापस क्यों नहीं कर देते? उन्होंने कहा कि तेजस्वी जी को समझना चाहिए कि जांच एजेंसियों को धमकाने से उनके भ्रष्टाचार के दाग मिटने वाले नहीं है। अगर उनकी नियत साफ है तो उन्हें खुद से अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक कर देना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिन गरीबों से उन्होंने नौकरी के बदले जमीने लिखवाई हैं, उन्हें खुद आगे बढ़कर वापस लौटा देनी चाहिए। वह जान लें कि 90 का दशक बीत चुका है, उनके बेवजह के हो-हल्ला करने से कोई डरने वाला नहीं है।

# राजद कार्यालय में मनी समाजवादी सदाशिव शाने गुरु की पुण्यतिथि



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में समाजवादी विचारधारा के नायक मराठी लेखक, शिक्षक, स्वतत्रंता सेनानी और समाजिक क्रांति के अग्रदूत सदाशिव शाने गुरू की पुण्यतिथि प्रदेश राजद के अध्यक्ष जगदानंद सिंह की अध्यक्षता में उनके तैलचित्र पर नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जगदानंद सिंह ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि इन्होंने ने स्वतंत्रता आंदोलन के क्रम में नौकरी छोड़कर महात्मा गांधी जी के साथ भारत छोड़ो आंदोलन और दांडी मार्च में शामिल हुए। साथ ही छुआछूत के खिलाफ पूरे महाराष्ट्र में आंदोलन चलाया। ये अपनी कविताओं और लेखनी से भारतीय समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। और अपनी कलम से समाज में जातिवाद, असमानता और विभाजन के खिलाफ आवाजें बुलन्द की। शाने गुरु जी का यह संदेश स्वतंत्रता संग्राम के समय और बाद में भी जारी रहा। उनका योगदान सिर्फ साहित्य में ही नहीं रहा, बल्कि समाज में जातिवाद और विभाजन के खिलाफ आवाज उठाने में भी इनकी सक्रियता दिखाई दी । इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, बीनु यादव, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रवक्ता एजाज अहमद, सारिका पासवान, अरुण कुमार यादव, प्रदेश महासचिव फैयाज आलम कमाल, मदन शर्मा, मुकुंद सिंह, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, संटू यादव,अभिषेक कुमार सिंह, रितु जायसवाल, महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी, कुमार राय, गगन कुमार, उपेंद्र चंद्रवंशी, राधेलाल गुप्ता, शिवेंद्र कुमार तांती, गणेश यादव, ओम प्रकाश चैटाला, गुड्डू यादव सहित अन्य नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 1 करोड़ लोगों को संस्थापक सदस्य बनाने का अभियान तेज : पीके

## बिहार में नया राजनीतिक विकल्प बनने को तैयार है जन सुराज



पटना। जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर एक करोड़ लोगों को संस्थापक सदस्य बनायेगा। लोग सदस्य बनते जा रहे हैं। उन्होंने संगठन के भूमिका निभाने की अपील की। वे आज पटना और उक्त लक्ष्य दिए। उन्होंने कहा कि एक सर्वे राजनीतिक दलों की कारगुजारियों से हलकान लोगों को ये नहीं पता है कि वो दल कौन होना दल हैं उससे बिहार सुधरने वाला नहीं है। सभी पर पहुंचा दिया है। प्रशांत किशोर ने कहा है कि नया लोगों को इकट्ठा किया जाने का प्रयास जारी हैं। यदि ने कहा है कि अगले छः महीने में जन सुराज बिहार के यह अभियान तेजी से जारी है और रोज बड़ी संख्या में सभी प्रकोष्ठों के अधिकारियों से इस अभियान में सक्रिय में संगठन के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की के अनुसार बिहार के 50 से 55 प्रतिशत लोग मौजूदा है और नया राजनीतिक विकल्प की तलाश में हैं। इन चाहिए, लेकिन उन्हें यह पता है कि वर्तमान में जो मौजूदा राजनीतिक दलों ने बिहार को बबार्दी के कगार राजनीतिक विकल्प की इच्छा रखने वाले उन 50 फीसदी सभी को जोड़ा जाए तो उनकी संख्या 6 करोड़ हो जाएगी। जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर ने जानकारी दी कि बीते 15 महीनों में हर प्रखंड से करीब दो से ढाई हजार लोग जन सुराज से जुड़े हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि जब हमने पदयात्रा शुरू की तो हमारा लक्ष्य था कि हर प्रखंड से 20 लोगों को चुनकर निकालेंगे, तो बिहार में करीब 15 हजार लोग हो जाएंगे। वर्तमान में हर प्रखंड से दो से ढाई हजार लोग हमसे जुड़ चुके हैं। इस चीज को व्यवस्थित करने के लिए हम संस्थापक सदस्य बनाने का अभियान शुरू कर रहे हैं। जो लोग भी संस्थापक सदस्य बनना चाहते हैं वे बन सकते हैं। हमारा मानना है कि अगले 6 महीने में करीब 1 करोड़ लोगों को संस्थापक सदस्य के रूप में जोड़ा जाएगा। उक्त जानकारी आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने दी है।

# संविधान एवं लोकतंत्र बचाने की लड़ाई हमारी सफल हुई : डी राजा

## भाकपा के राष्ट्रीय सचिव का अतुल कुमार अंजान एवं प्रख्यात लेखक डा व्रज कुमार पांडेय के निधन पर स्मृति-संकल्प सभा

- बोलें-अतुल अंजान के निधन से वामपंथी आंदोलन एवं किसान आंदोलन को अपूरणीय क्षति

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड अतुल कुमार अंजान एवं चर्चित लेखक डॉ व्रज कुमार पांडेय के निधन पर आज यहां भाकपा द्वारा अदालतगंज स्थित अभियंता भवन में सर्वदलीय स्मृति संकल्प सभा आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा के राज्य सचिव एवं पूर्व विधायक राम नरेश पांडेय एवं संचालन पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य रामबाबू कुमार ने की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य परिषद की ओर से का० अतुल कुमार अंजान के प्रति श्रद्धांजलि शोक प्रस्ताव पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य का. प्रमोद प्रभाकर एवं का. डा. व्रज कुमार पांडेय के प्रति प्रगतिशील लेखक संघ के राज्य के उपमहासचिव का. अनीश अंकूर ने पेश की। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने दिवंगत नेताओं के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर अपनी श्रद्धांजलि दी। स्मृति सह संकल्प सभा को संबोधित करते हुए भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड डी राजा ने कहा कि कामरेड अतुल कुमार अंजान के निधन से देश में न सिर्फ वामपंथी आंदोलन एवं किसान आंदोलन को अपूरणीय क्षति हुई है, बल्कि देश में प्रगतिशील एवं जनवादी आंदोलन को गहरा आघात लगा है। जबकि व्रज कुमार पांडेय के निधन से साहित्य जगत को बड़ी क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि संपन्न लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने किसी एक पार्टी को जनादेश नहीं दिया है, संविधान एवं लोकतंत्र बचाने की लड़ाई हमारी सफल हुई है। डी राजा ने केंद्र और राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों कि खिलाफ एवं जनता के ज्वलन्त सवालों को लेकर आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। भाकपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा ने कहा कामरेड अतुल जी का छात्र आंदोलन से लेकर कम्युनिस्ट आंदोलन तक संघर्षों का इतिहास भुलाया नहीं जा सकता। बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने कहा कि अतुल जी एवं व्रज कुमार पांडेय जैसे प्रतिभावान शख्सियत सदैव हीं प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। राजद के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि अतुल जी छात्र आंदोलन के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय ख्याती प्राप्त छात्र नेता एवं वाम आंदोलन का एक बड़े चेहरा थे जिसकी क्षति पूर्ति संभव नहीं है। जदयू के विधान पार्षद एवं प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि मुझे फक्र है कि मैं उनके नेतृत्व में छात्र राजनीति में लंबे समय तक रहा हूँ। उन्होंने कहा कि अतुल कुमार अंजान के निधन से देश में एक मुखर आवाज सदा के लिए खो गया। स्मृति सभा को माकपा के राज्य सचिव ललन चौधरी, अवधेश कुमार, भाकपा माले का नन्द किशोर जी, प्रो० दीपक कुमार राय, पूनम भाटिया, बेगूसराय से इंडिया गठबंधन के पूर्व प्रत्याशी अवधेश राय, विधायक राम रतन सिंह, पूर्व विधान पार्षद संजय कुमार, बीकेएमयू के प्रदेश महासचिव जानकी पासवान, आदि नेताओं ने अपने संबोधन में दिवंगत नेताओं के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि हम उनके अधूरे कामों को पूरा कर हीं उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।


**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**

Govt. of Bihar

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CENTRAL BUILDING DIVISION, PATNA
SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- 05 YEAR 2024-25
(On the Eve of Bengal Diwas in Raj Bhawan, Patna)
(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated 18.06.2024 at 12:30 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.

Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500. and Earnest Money 2% (2% of Original Quoted Rate) attached Mandatory with Quotation

**Details of Works :-**

| क्रमांक | कार्य का नाम / विशिष्टयों | मात्रा | ईकाई | उद्धृत दर (अंको एवं शब्दों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Making waterproof Pandal & Supply of Different Items etc. on Hire basis on the Eve of Bengal Diwas Occasion on Dated 20.06.2024 at Raj Bhawan, Patna for the year 2024 -25. | | | |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 001549 (BCD) 2024-25

Executive Engineer,
Central Building Division, Patna

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



**Minor Water Resources Department**
National Hydrology Project (NHP),
New Secretariat, Patna-800015
Short Notice Inviting Quotation

Govt. of Bihar

Sealed Quotation are invited under two bid systems i.e. Technical bid and Financial bid for Providing registered commercial AC vehicles (not older than May, 2021 model) along with drivers on monthly basis in Patna for National Hydrology Project under Minor Water Resources Department, Govt of Bihar.

The requirement of vehicles shall be as under:-

| S.No. | Description | Model | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1. | Providing Commercial Vehicles on Monthly basis (Only AC) | Innova/Safari/Scorpio or equivalent (Latest Model) | 01 or as per requirement |

1. Opening of Technical Bid- Date 25.06.2024Time: 05:00 PM.
2. Opening of Financial Bid- Date 25.06.2024Time: 05:00 PM.
3. The bidder has to dispatch and submit the bid, by speed post/registered post (in Person) at the office of Executive Engineer-Cum-Procurement Officer, National Hydrology Project, Minor Water Resources Department, Room No-422, Vikash Bhawan, Bailley Road, Patna-800015.

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

PR. No. 001447 (MWRD) 2024-25

Executive Engineer-Cum-Procurement Officer,
National Hydrology Project,
Minor Water Resources Department,
Bihar, Patna-800015.

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

1. **कार्य का नाम एवं स्थान** : स्टॉप सिग्नल (120 मीटर से नीचे) के पास आने वाले इंसुलेटेड ओवरलैप का स्थानांतरण।, 2. कार्य का अनुमानित मूल्य (रू) : 1,84,14,446 /—, 3. जमानत राशि (रू) : रू 2,42,100 /—, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू) : (रू) 0, **4.** ई—निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खुलने की तिथि : ई—निविदा प्रपत्र जमा करने की निर्धारित तिथि एवं समय : दिनांक 01.07.2024 को 12.00 बजे तक, ई—निविदा प्रपत्र खुलने का निर्धारित समय : दिनांक 01.07.2024 को 12.00 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) कार्यालय, पूर्व मध्य रेल / सोनपुर में खोले जायेगें ।, **5.** वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड का लोकेशन जहॉ से ई—निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वेबसाईट : **http:/www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड** : मंडल रेल प्रबंधक / सोनपुर के कैम्पस भवन, पूर्व मध्य रेल / सोनपुर।

**वरीय मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/0447/एसईई/वि./टी/24—25/28

## संक्षिप्त खबरें

### कर्ज से परेशान युवक ने की आत्महत्या

बोचहा।थाना क्षेत्र के ककरा चक में समूह के कर्ज से परेशान हो कर एक शादीशुदा युवक ने मंगलवार की अहले सुबह लीची गाछी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। मृतक की पहचान गरहां थाना क्षेत्र के पटियासा जलाल के रहने वाले चंदेश्वर भगत के 28 वर्षीय पुत्र संदेश कुमार के रूप में हुई है।ककरा चक वार्ड संख्या दो निवासी मृतक की पत्नी पूजा कुमारी ने बताया कि उसके पति कबाड़ा का काम करते थे, लेकिन उन्हें नशे की बुरी लत लग गई थी। वे चार अलग-अलग समूह से कर्ज लिए हुए थे। हम पूर्ण रूप से कर्ज में डूबे हुए थे। वह काफी दिनों से काम पर भी नहीं जा रहे थे।पैसों के लिए घर में लड़ाई- झगड़ा होती रहती थी।सोमवार की देर रत तक उन्होंने उसके साथ मारपीट की और सुबह करीब 4 बजे घर से निकल गए।थोड़ी देर बाद उनकी मौत की खबर मिली। लोगों ने बताया कि मृतक की पत्नी पूजा एक आंख से नहीं देख सकती है।पति के मौत के बाद वह खुद दुसरे का मोहताज हो गई है। दो-दो मासूम बच्चों के भरण पोषण का बोझ अकेली महिला कैसे सहेगी। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि लीची गाछी से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जयनगर स्टेशन के प्लेटफार्म का फर्श निर्माण पूरा

मधुबनी जयनगर अमृत भारत योजना के तहत जयनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर राजस्थानी पत्थर कोटा स्टोन लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। सीमावर्ती जयनगर रेलवे स्टेशन सौंदर्य करण योजना के तहत प्लेटफार्म दू , तिन चार एवं पांच पर कोटा स्टोन से फर्श लगा दिया गया है। भारत अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन के डेवलपमेंट के तहत प्लेटफार्म के पुराने फर्श को तोड़कर नए फर्श निर्माण किया गया है। वहीं प्लेटफार्म नंबर एक पर जब नवनिर्मित भवन बनकर तैयार हो जाएगा उसके बाद आधुनिक तरीका से नए ढंग से उसके फर्श का निर्माण किया जाएगा। यह जानकारी आई ओडब्लू सत्येंद्र झा ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत सीमावर्ती रेलवे स्टेशन को यात्री सुविधा एवं सुंदरीकरण, डेवलपमेंट के तहत प्लेटफार्म के फर्श का निर्माण किया गया है। यह देखने में सुंदर लगता है साथ ही मौसम के प्रतिकूल यात्रियों के लिए आरामदायक है। पानी पर फिसलन मुक्त है साथ ही गर्मी के मौसम मे यात्रियों के लिए प्रतिकूल है। प्लेटफार्म की लंबाई लगभग 600 मीटर एवं चौड़ाई लगभग 10 मीटर है। इस कार्य में 50 लाख का बजट है। जयनगर रेलवे स्टेशन के तहत भारत अमृत योजना स्टेशन का सुंदरीकरण विस्तारीकरण एवं आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए स्टेशन परिसर पर फाउंडेशन का निर्माण शुरू हो गया है।

### धेरुख में हुई मारपीट दो लोग घायल

बेनीपुर(दरभंगा)। बहेड़ा थाना क्षेत्र के धेरुख में रविवार की शाम हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गये। अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने दोनों का प्राथमिक इलाज किया तथा एक को डीएमसीएच रेफर कर दिया। स्थानीय संतोष झा बहेड़ा थाना में आवेदन देकर तीन लोगों पर मारपीट, छुड़ा मारने व रुपये छिनने का आरोप लगाया है। आवेदन में विवेकानंद चौधरी, कृष्णानंद चौधरी, बमबम चौधरी सहित पांच लोगों पर उक्त आरोप लगाया गया है। घायल आशुतोष कुमार झा, रोशन कुमार झा का प्राथमिक इलाज अनुमंडल बेनीपुर में किया गया तथा गंभीर रूप से घायल रोशन को बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। बहेड़ा एसएचओ चंद्रकांत गौड़ी ने मारपीट होने की पुष्टि की। मामले में आगे की कार्रवाई करने की बात कही।

# श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। आगामी श्रावणी मेला के अवसर पर बाबा गरीब नाथ मंदिर में जलाभिषेक/दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने , भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था के संधारण हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में मंदिर न्यास समिति,स्वयं सेवी संस्थाओं तथा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार मे बैठक की गई तथा आवश्यक निर्देश दिया गया । बैठक में न्यास समिति के सदस्यों तथा स्वयं सेवी संस्थाओं से भी आवश्यक सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किया गया। ज्ञातव्य हो कि 22 जुलाई से श्रावणी मेला का शुभारंभ होगा। मेला का विधिवत उद्घाटन 21 जुलाई को संध्या 4 बजे किया जाएगा।बैठक में जिलाधिकारी ने श्रद्धालु भक्तों की सुविधा हेतु मंदिर के भीतर , मंदिर के बाहर, कांवरिया पथ तथा ठहराव स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मेला के अवसर पर भीड़ भाड़ को देखते हुए मंदिर के भीतर एवं बाहर तथा महत्वपूर्ण जगहों पर सीसीटीवी पर्याप्त मात्रा में लगाने, उसे कार्यरत रखने तथा उसके द्वारा भीड़ की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग को वॉच टावर लगाने, बैरिकेडिंग करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। शहर में नियमित रूप से साफ सफाई करने,जल जमाव की समस्या को दूर करने, मंदिर में लाइव टेलीकास्ट एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था करने का निर्देश नगर निगम के अपर नगर आयुक्त को दिया। जिलाधिकारी ने बुडको स्मार्ट सिटी के इंजीनियर एवं सीजीएम तथा एनएचएआई के इंजीनियर को अगली बैठक में बुलाने का निर्देश दिया। कांवरिया पथ पर यातायात नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी एवं डीएसपी ट्रैफिक को दिया। उन्होंने ट्रैफिक प्लान के तहत जगह-जगह साइनेज लगाने का निर्देश दिया। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को श्रद्धालु भक्तों के रूट लाइन तथा अन्य जगह पर तार की स्थिति का निरीक्षण करने तथा जर्जर तार को बदलने का निर्देश दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पर बनाये जानेवाले ठहराव स्थल पर स्नानागार, शौचालय, पेयजल, बिजली की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को विशेष दल का गठन कर शौचालय की नियमित साफ सफाई का ध्यान रखना तथा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए पेयजल की उत्तम व्यवस्था करने को कहा। इसके लिए आवश्यकता अनुसार सोख्ता बनाने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा तीन पाली में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर मेला का प्रभावी मॉनिटरिंग करने को कहा । जिलाधिकारी ने श्रावणी मेला के सफल एवं सुचारु संचालन करने तथा श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सेवा उपलब्ध कराने हेतु कोषांगों का गठन करने, कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा विधि व्यवस्था संधारित रखने, पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रति नियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने सिविल सर्जन को श्रद्धालु भक्तों की सुविधा हेतु प्रति 3 किलोमीटर पर स्वास्थ्य कैंप लगाने तथा आवश्यक दवा के साथ डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। रामदयालु से मंदिर तक के चापाकलों का अपर नगर आयुक्त को निरीक्षण करने, खराब चापाकलों की मरम्मती करने तथा जल की गुणवत्ता की जांच पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता से कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को 30 जून तक अपने-अपने दायित्व को पूरा करने का निर्देश दिया तथा अपर समाहर्ता राजस्व को संबंधित विभागों से कार्य पूरा करने संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त करने को कहा। श्रावणी मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।इसके लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया गयाजिलाधिकारी में रामदयालु से मधौल तक की सड़क तथा भगवानपुर वाले रोड को ठीक करने हेतु एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्देशित करने को कहा। श्रद्धालु भक्तों को चलने में कोई असुविधा न हो इसके लिए एनएच के फ्लैंक पर मिट्टी भराई करने को कहा।बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ,नगर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित, अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा सहित कई अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## लैंगिक समानता से भारत के जीडीपी में 64 लाख करोड़ की वृद्धि संभव: डॉ. मयंक

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार) के सहयोग से डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार द्वारा 3 दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण (वर्चुअल मोड) कार्यक्रम का आयोजन ह्यकृषि को लैंगिक मुख्य धारा से जोड़ेह्व विषय पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डा. मयंक राय ने कहा कि समय आ चुका है, महिलाओं को कृषि की मुख्य धारा से जोड़े का। उन्होंने कहा कृषि विकास के लिए ह्य3 डब्ल्यूह्व महिला, जल और खरपतवार का संतुलन आवश्यक है। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट को उद्धरित करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करके भारत 2025 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद में 64 लाख करोड़ जोड़ सकता है। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के जेंडर अध्ययन, मैनेज, हैदराबाद के उप निदेशक डॉ. वीनीता कुमारी ने लिंग संबंधी अवधारणाएं और रुढ़ियों को तोड़ने पर बल दिया। डॉ. लिपि दास प्रधान वैज्ञानिक एवं नोडल, अखिल भारतीय समन्वयक अनुसंधान परियोजना-कृषि में महिलाएं, नोडल ऑफिसर आईसीएआर-शिवा, भुवनेश्वर ने कृषि में नवाचार पर प्रकाश डाला। डॉ. रत्नेश कुमार झा, प्रमुख अन्वेषक, जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम ने लैंगिक मुख्यधारा में जलवायु स्मार्ट कृषि उद्यमों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 23 राज्य, 95 विभिन्न संस्थानों के 190 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा. सुधानन्द प्रसाद लाल (काडिनेटर) ने कहा कि जनसंख्या में 48% हिस्सेदारी के बावजूद सकल घरेलू उत्पाद में महिलाओं का योगदान भारत में केवल 18 प्रतिशत है।धन्यवाद ज्ञापन डा. सत्य प्रकाश ने किया।

## केक काटकर विधायक आवास पर मनाया गया राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्मदिन



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

शहर के धरमपुर स्थित विधायक आवास पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्मदिन समारोह बेहद हर्ष व उमंग के साथ आयोजित किया गया। केक काटा गया व मिठाई वितरित की गई। अपने सम्बोधन के क्रम में स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि लालू प्रसाद यादव सामाजिक क्रांति व समाजिक न्याय के महानायक हैं। वो शोषित-पीड़ित के बुलंद आवाज के प्रतीक हैं। उन्होंने देश में जन जागरण कर गरीबों व शोषितों के कल्याण व उत्थान कर समाजिक न्याय की धारा को मजबूती प्रदान की है। वह जन-जन के नेता हैं तथा उनकी चर्चा देश के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में होती है। उन्होंने राजद सुप्रीमो के अच्छे स्वास्थय व शतायु होने की कामना भी की। सामारोह के मुख्य अतिथि व राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयंत जिज्ञाशु ने कहा कि गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन यह प्रेरणा देता है कि उनकी तरह ही मुखरता से गरीबों शोषितों और वंचितों की लड़ाई बिना सिद्धांतों से समझौता किए लड़ते रहें। चाहे कितनी भी विषम परिस्थिति आई, उन्होंने कभी घुटने नहीं टेके और कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। समारोह की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार दास ने की। मौके पर जिला राजद महासचिव मो. परवेज आलम, जिला राजद महासचिव राकेश यादव, मुखिया उपेन्द्र सिंह, समाजसेवी मो. रिजुउल इस्लाम रिज्जू, राजद नेता जयशंकर ठाकुर, प्रशांत यादव, सुरेश राय, अशोक साह, मन्नू पासवान, सैयद फैसल आलम मन्नू, संतोष कुमार, मुखिया राजीव कुमार राय, पूर्व मुखिया मुकेश कुमार राय, ई. राजेश कुमार राय, जयलाल राय, ज्योतिष महतो, राकेश कुशवाहा, मनोज पटेल, रविन्द्र कुमार रवि, रंजीत कुमार रम्भू, मनोज कुमार राय, राजेश कुमार साह, केशव कुमार सोनू, डॉ. रामपुकार सिंह आदि उपस्थित थे।

## वैशाली जिला में 402 बैट्री चालित ट्राई साईकिल वितरित

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली के जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के मार्गदर्शन और जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के पहल पर वैशाली जिला में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना (सम्बल) के तहत 402 बैट्री चालित ट्राई साईकिल वितरित किया गया है। समाज कल्याण विभाग के दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना (सम्बल) योजना के तहत बैट्री चालित ट्राई साईकिल एवं अन्य कृत्रिम उपकरणों का वितरण किया जाता है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित दिव्यांगजन क्षेत्र की सभी योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराना, दिव्यांगजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें शारीरिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उनके अधिकारों को सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैट्री चालित ट्राई साईकिल दी जाती है। अगर पात्रता की बात करें तो बैट्री चलित ट्राई साईकिल उन दिव्यांगजनों को दी जाती है, जिनका दिव्यांगता का प्रतिशत 60% या इससे अधिक हो, जो जिले के स्थायी निवासी हो तथा कॉलेज या यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहें हो या स्वरोजगार कर रहे हो, उनके आवास से शैक्षणिक संस्थान या कार्य स्थल की दूरी तीन (3) कि.मी. से अधिक हो, उम्र 18 वर्ष से अधिक हो तथा वार्षिक आय 2 लाख से कम हो। उप निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, वैशाली द्वारा बताया गया कि योजना का लाभ लेने के लिये आवदेक को समाज कल्याण विभाग के वेबसाईट पर ऑनलाईन आवदेन करना है। इस साईट पर जाकर बैट्री संचालित ट्राई साईकिल के लिंक पर क्लिक करना है। क्लिक करने के बाद आवदेक को मोबाईल नं०, ई-मेल तथा आधार नं० द्वारा पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के बाद आवेदक का यूजर आई.डी. एवं पासर्वड तैयार होगा।

## चेकिंग के दौरान रहिका थाना क्षेत्र से चुरायी गयी मोटरसाइकिल को पुलिस ने किया जब्त

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली संध्या गश्ती के दौरान मंगती चौक स्थित एसआई मुनेश्वर गुप्ता ने पुलिस बल के सहयोग से वाहन चेकिंग के दौरान रहिका थाना क्षेत्र से चुरायी गयी मोटरसाइकिल को जप्त कर वाइक चोर गंगा को गिरप्तार कर सोमवार को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया. एसआई एमपी. गुप्ता ने बताया कि वाइक चोर खजौली थाना क्षेत्र के मंगती चौक हटिया निवासी मोहन दास की पुत्र गंगा के रूप में पहचान की गयी. एसआई श्री गुप्ता ने कहा कि वाइक चोर गंगा से शख्ती से पूछताछ करने पर वाइक चोर ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पहले रहिका थाना क्षेत्र वाइक को चुरा कर खजौली लाया था.वही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि वाइक चोर को गिरप्तार कर जेल भेज दिया गया.

## भीषण गर्मी की चपेट में आने के कारण एक बच्चे की मौत

प्रात: किरण संवाददाता

महनार - महनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोरिगामा पंचायत में भीषण गर्मी की चपेट में आने के कारण पूर्व से बीमार चल रहे एक बच्चे की मौत हो गई।इस सम्बंध में बताया गया कि उक्त घटना में गोरिगामा पंचायत के वार्ड संख्या 7 निवासी देवेंद्र राय के पुत्र विवेक कुमार की मौत हो गई।बताया गया कि मृतक विवेक कुमार पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय गोरिगमा में वर्ग 9 का छात्र था।सोमवार को स्कूल से लौटने के दौरान वह भीषण गर्मी के कारण रास्ते मे ही मूर्छित होकर गिर गया।जिसके बाद उसके स्वजन उसे ग्रामीण चिकित्सक के पास लेकर गए।स्थिति में सुधार नही होने पर उसे इलाज जे लिए सदर अस्पताल हाजीपुर लेकर गए।जहां उसकी चिकित्सा की गई।वहां भी उसकी हालत में सुधार होता नही देख स्वजनों को दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई।लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई।बताया गया कि विवेक कुमार पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहा था।उसका इलाज भी कराया जा रहा था।घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम है।स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।वह दो भाइयों में सबसे छोटा था।विवेक की मौत पर पंचायत की मुखिया संगीता सिंह,खन्ना सिंह,सरपंच शिला देवी आदि सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक प्रकट करते हुये पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग किया है।

## राष्ट्रीय विकास के लक्ष्य को साधने में सफल होगी एनडीए सरकार: अरूण शंकर

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी एनडीए के नेतृत्व में भारतवर्ष में तीसरी बार केंद्र सरकार का गठन होने पर खजौली विधानसभा के विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने खुशी प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। विधायक ने कहा कि बिहार में एनडीए की स्वच्छ छवि और विचारों को लेकर मिली अच्छी सीट से पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और अधिक मजबूत हुआ है। बिहार प्रांत में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में एनडीए ने अच्छा प्रदर्शन कर महागठबंधन के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। देश की आमजनों ने विरोधियों की पार्टियों की एक नहीं चलने दिया। आगामी वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में भी बिहार में एनडीए का डंका बजेगा और एनडीए की ही विकासशील सरकार बनेगी। राष्ट्रीय विकास के लक्ष्य को साधने में सफल होगी एनडीए सरकार। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के पर झंझारपुर लोकसभा अंतर्गत खजौली विधानसभा के हम सभी ठऊअ कार्यकर्ता बंधुओं को साधुवाद देते हुए विधायक ने कहा कि एनडीए की लगातार तीसरी विजय नरेंद्र मोदी के विकास , विरासत और विश्वसनीयता का प्रतीक है। एनडीए अपने तीसरे कार्यकाल में भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को निश्चित रूप से पूरा करेगा एवं देश के गरीब, किसान, युवा और मातृ-शक्तियों के कल्याण व सशक्तिकरण तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित भाव से लगातार काम करेगा।

## उत्तर मध्य बिहार के वैशाली में हीट वेव का ऑरेंज व अन्य जिलों में येलो अलर्ट, तीन-चार दिनों तक पड़ेगी भीषण गर्मी

- 16-17 जून को अनेक स्थानों पर हल्के से मध्यम बारिश की अधिक संभावना, तेज रफ्तार से चल सकती है हवा
- 38-42 डिग्री सेल्सियस रह सकता है अधिकतम तापमान



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर मध्य बिहार के जिलों सहित पूरे बिहार में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग के द्वारा उत्तर मध्य बिहार के वैशाली को छोड़कर मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर जिले में 16 जून तक हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं वैशाली जिले में 16 जून तक हीट वेव के साथ-साथ प्रचंड गर्मी पड़ने की संभावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान वैशाली जिले के कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। हालांकि 14 जून से तापमान में एक-दो डिग्री सेल्सियस की कमी होने का अनुमान है। बता दें कि इन जिलों में प्री-मानसून बारिश की संभावना मौसम विभाग के द्वारा व्यक्त की गई थी। दक्षिण पश्चिम मॉनसून पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर में पिछले 11 दिनों से रुका हुआ है। अब इन जिलों में 14-15 जून को कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं 16-17 जून को अनेक स्थानों पर हल्के से मध्यम बारिश की अधिक संभावना है। वहीं इस दौरान 30-50 किमी प्रति घंटे की हवा के साथ मेघ गर्जन की संभावना है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा मंगलवार को 12 से 16 जून तक का मौसम पूर्वानुमान जारी किया गया। इस पूर्वानुमानित अवधि में उत्तर बिहार में अगले 2-3 दिनों तक आसमान प्रायः साफ तथा मौसम के आमतौर पर शुष्क रहने की सम्भावना है। इसी अवधि में हॉट डे व मध्यम हीट वेव की स्थिति बनी रह सकती है। मानसून के सक्रिय होने की सम्भावना के कारण 15-16 जून के आसपास उत्तर बिहार के जिलों के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 38-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 25-27 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 75 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 35 से 45 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 20 से 25 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पूरवा हवा चलने का अनुमान है। मंगलवार को जिले का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा।

## 20 को होगी अंतर विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अंतर विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 20 जून को पूवार्ह 9 बजे राजभवन ,पटना की ओर से आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को 21 जून को राज्यपाल सह- कुलाधिपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी प्रो. अजय नाथ झा ने जानकारी साझा करते हुए उपरोक्त बातें कहीं। खेल अधिकारी ने मंगलवार को अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेज के प्रधानाचार्यों, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय और विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली इस योग प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय भी भागीदारी करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर पर टोली चयन हेतु विश्वविद्यालय के नागेंद्र झा स्टेडियम में 13 जून को विश्वविद्यालय के खेल एवं संस्कृति विभाग द्वारा योग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के माध्यम से राजभवन में भाग लेने वाली टोली का चयन किया जाएगा।उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी अपने- अपने संस्थान से प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छात्र व छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराए।

## मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं होने पर 12 जून के बाद हड़ताल पर जाएंगे जिले के सभी एंबुलेंस कर्मी

### सदर अस्पताल में एंबुलेंस कर्मियों ने मांगों के समर्थन में अपना काम किया हुआ है बंद



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

रेफर मरीज को डीएमसीएच ले जाने के दौरान 102 एंबुलेंस कर्मियों के साथ मारपीट की घटना किए जाने के संबंध में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को लिखित शिकायत देने के एक दिन बीत जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध 102 एंबुलेंस कर्मियों ने डीएम को पत्र के माध्यम से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने की चेतावनी दी है। बता दें कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी सुरेश सहनी के पुत्र रवींद्र कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने डीएमसीएच रेफर कर दिया था। जिसे एंबुलेंस से डीएमसीएच ले जाया जा रहा था। इसी दौरान मुक्तापुर गुमटी पर मरीज की मौत हो गई थी। जिसके बाद उसे गोपालपुर स्थित उसके घर ले जाया गया। जहां मृतक के पिता, मां, भाई, बहन, चाचा, चाची, जीजा व अन्य लोगों के द्वारा एंबुलेंस चालक श्रवण कुमार व ईएमटी कर्मचंद के साथ मारपीट किया गया और उनका मोबाइल व जेब से दो हजार 850 रुपए छीन लिया गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस के आने के बाद उन लोगों को मुक्त कराया गया। एंबुलेंस कर्मियों ने इस मामले में डीएम से आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई व एंबुलेंस कर्मियों की सुरक्षा की मांग करते हुए कहा है कि 12 जून तक अगर उनकी मांगों के आलोक में कार्रवाई नहीं होती है, तो जिले भर के सभी एंबुलेंस कर्मी अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य हो जाएंगे। जिसकी सारी जवाबदेही स्वास्थ्य विभाग की होगी। बता दें कि इस घटना के बाद आरोपियों पर उचित कार्रवाई व 102 एंबुलेंस कर्मियों की सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार की शाम से सदर अस्पताल के 102 एंबुलेंस कर्मियों ने अपना कार्य बाधित किया हुआ है।

## अनुसंधान परिषद की बैठक में की गई अनुसंधान परियोजना की गहन समीक्षा, कुलपति ने दिए निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के सोलहवें अनुसंधान परिषद, विशेष की बैठक के दूसरे दिन अनुसंधान परियोजनाओं की प्रस्तुति जारी है। कुलपति डॉ पी एस पांडेय और बाह्य विशेषज्ञों के द्वारा सभी परियोजनाओं की गहन समीक्षा की जा रही है। कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कई अनुसंधान परियोजनाओं में कई बदलाव के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान कुलपति डॉ पांडेय ने कहा कि अनुसंधान का मूल उद्देश्य किसानों की समस्या का हल करना होना चाहिए। अनुसंधान सिर्फ दिखावे के लिए नहीं होना चाहिए। अनुसंधान किसान केंद्रित हो जिससे कि किसानों की विभिन्न समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान निकल सके। उन्होंने कहा कि सभी वैज्ञानिकों को जनता के पैसे से वेतन मिलता है और हम सबको मिलकर यह सोचना चाहिए कि हम अपना बेहतरीन योगदान कैसे दे। उन्होंने कहा कि देश को 2047 तक विकसित बनाना है, इसमें कृषि वैज्ञानिकों का अहम योगदान है। हम सबको मिलकर मिशन मोड में काम करने में जुट जाना चाहिए। झांसी केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ एस के चतुर्वेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुसंधान को लेकर कुलपति काफी गंभीर है। और उनका स्पष्ट विचार है कि अनुसंधान किसान केंद्रित हों जिससे कि किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं पर अपने विचार रखे और वैज्ञानिकों को उन्हें बेहतर बनाने के सुझाव दिए। कृषि विश्वविद्यालय बैंगलुरू के पूर्व निदेशक कृषि डॉ एन आर गंगाधरप्पा ने भी अनुसंधान परियोजनाओं की गहन समीक्षा की और कई परियोजना को बदलाव के साथ प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह हर विश्वविद्यालय किसानों की समस्याओं पर आधारित अनुसंधान करने लगे तो आने वाले वर्षों में किसानों को बहुत फायदा होगा और देश के विकास में भी बेहतर योगदान दिया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## राज्य के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार : प्रो विनय चौधरी

प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।विधायक सह जदयू के प्रदेश प्रवक्ता प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट निर्देश है कि राज्य के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार बनता है। वे मंगलवार को बेनीपुर अंचल के सज्जनपुरा पंचायत में दो अग्नि पीड़ितों के बीच आपदा राहत राशि का चेक सौंपते हुए उक्त बातें कहीं। ज्ञात हो कि विधायक श्री चौधरी ने गत 20 अप्रैल को शार्ट सर्किट के कारण सज्जनपुरा पंचायत के सचित कुमार सिंह और राखी कुमारी के घर में आग लग गई थी। पीड़ितों को आपदा राहत मद से राहत राशि देने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया था । लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण राहत राशि नहीं उपलब्ध कराई गई थी । लेकिन लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही आज पीड़ितों को बारह बारह हजार की राहत राशि बर्तन,कपड़ा एवं अनाज उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान विधायक प्रो चौधरी ने उपस्थित लोगों को लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिए आभार प्रकट किया एवं कहा कि सरकार के मुखिया बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा बिहार के लोगों के सुख दुख में साथ रहे है और आगे भी रहेंगे। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में विकास की गति हर क्षेत्र में तेजी से चल रहा है। लोकसभा चुनाव के कारण कुछ नयी योजनाओं पर काम रुका हुआ था जो अब तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। इस मौके पर पंचायत के मुखिया कुंदन सिंह, गोविंद सिंह पप्पू सिंह, मुरारी सिंह, रणजीत सिंह, राजेंद्र पासवान, पप्पू पासवान, रितेश सिंह, रामनरेश सिंह, राम सुरेश सिंह, आदर्श सिंह, दिलीप सिंह, कौशल सिंह, नरेश सिंह सहित दर्जनों स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आरटीई के तहत नामांकित बच्चों के नाम की सूची करनी होगी सार्वजनिक

जमुई/गिद्धौर।आरटीई के तहत नामांकन को लेकर विभाग लगातार तैयारी कर रही है।इसी को लेकर निर्देशक ने सोमवार को एनआईसी में शिक्षा विभाग के अधिकारीयों व निजी स्कूल के संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि निर्देशक ने निर्देश दिया है कि सभी प्रस्वीकृत निजी स्कूल संचालकों को सूचना पट पर वर्ग एक में आरटीई के तहत कितने बच्चों का नामांकन हुआ इसको प्रदर्शित करना पड़ेगा।डीईओं ने बताया कि ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से 1 से 16 जून तक नामांकन के लिए बच्चे व अभिभावक संबंधित कागजात के साथ आवेदन करेंगे। 18 से 19 जून तक बच्चों का स्कूल आवंटन शिक्षा विभाग के द्वारा किया जाएगा। जिन स्कूलों में बच्चों का आवंटन शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा बच्चे उस स्कूल में 20 से 30 जून तक नामांकन ले सकते हैं। डीईओ राजेश कुमार ने कहा कि लाभकारी समूह के वैसे बच्चे जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समूह के बच्चे जिनके माता-पिता वैधानिक अभिभावक की वार्षिक एक लाख रुपए तक हो।

# 25 हजार का इनामी कुख्यात आशीष कुमार एक देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस के साथ हुआ गिरफ्तार

## गिरफ्तार अपराधी पर है आधे दर्जन हत्या, लूट, रंगदारी के मामले दर्ज

- पुलिस ने किया सदर थाना क्षेत्र के पिठाही गांव से गिरफ्तार
- अपराधी के ऊपर 25 हजार रुपए का इनाम था घोषित



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी मर्डर केस के आरोपी पिठाही वार्ड-11 निवासी आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया गया। 3 जनवरी 2024 को मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रिका पब्लिक स्कूल के पास मनीष कुमार हत्याकांड मामले में नामजद आरोपी है। इसकी जानकारी एसपी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 3 जनवरी 2024 को मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रिका पब्लिक स्कूल के पास अपराधियों ने गढ़िया भेलवा निवासी भूपेंद्र यादव के बेटे मनीष कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के परिजन द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पिठाही वार्ड-11 निवासी सिकंदर यादव के बेटे आशीष कुमार सहित कुल 10 नामजद अपराधियों की विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई थी। घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही थी, परंतु उक्त कांड के अभियुक्त फरार चल रहे थे। गठित टीम के द्वारा छापेमारी के दौरान 10 जून को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उक्त कांड में शामिल अपराधी आशीष कुमार अपने सहयोगी के साथ गढ़िया स्थित दीपक कुमार के घर के निकट इकट्ठा हुए हैं। गठित टीम के द्वारा इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए गढ़िया पहुंचकर घेराबंदी कर कुख्यात अपराधी आशीष कुमार को एक लोडेड देसी कट्टा और एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी आशीष कुमार के द्वारा पूर्व में लूट, हत्या, शस्त्र एवं नशीली दवाओं के कारोबार किए जाने जैसे अपराधिक घटना को अंजाम दिया जा चुका है। इसके ऊपर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि आशीष की गिरफ्तारी से मधेपुरा थाना क्षेत्र सहित अन्य जिला में अपराधिक घटना में कमी आएगी। प्रेस वार्ता में सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार भी शामिल थे। छापेमारी टीम में दरोगा इंद्रजीत तांती, सिपाही सोमू कुमार, सिपुल कुमार, संतोष कुमार यादव, संतोष कुमार शामिल थे।

# पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सात बाईक किया जब्त



प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना पुलिस ने सोमवार शाम को बाजार स्थित दुर्गा मंदिर चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एसपी संदीप सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान ने दो पहिया वाहनों की सघन रूप से जांच की।

जांच के दौरान डिक्की, सभी तरह के कागजात, हेलमेट, जूता, दो से अधिक सवारी बैठे रहने की जांच की गई। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सघन वाहन चेकिंग के दौरान दर्जनों बाइक की जांच की गई। जिसमें सात अलग-अलग बाइक को जप्त कर लिया गया। जिसमें किसी बाइक पर तीन सवारी बैठे थे तो किसी के पास ड्राइवरी लाइसेंस, वाहन के कागजात, या हेलमेट या प्रदुषण के कागजात नहीं रहने पर ऐसे बाइक को जप्त कर थाना ले आया गया। उन्होंने बताया कि जप्त वाहन की सूची जिला परिवहन कार्यालय को भेज दिए गए हैं। जहां से जुमार्ना लेकर समुचित कार्रवाई के बाद बाइक को छोड़ा जाएगा। इस दौरान थानाध्यक्ष संजीव कुमार,एसआई गणेश पासवान सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान व ग्रामीण पुलिस मौजूद थे।

# पीएचसी का एक एंबुलेंस सालों से खराब



प्रात: किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) पीएचसी केंद्र में रोजाना दर्जनों भर से अधिक मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं। पीएचसी में प्रखंड के नौ पंचायतों के आबादी को देखते हुए दो एंबुलेंस दिया गया है। जहां पीएचसी के एक एंबुलेंस की सेवा करीब एक सालों से बंद है। वही प्रखंड के नौ पंचायतों के आबादी में मात्र एक एंबुलेंस के सहारे, किसी मरीज को एंबुलेंस की सेवा मिल पाती है या किसी को नहीं भी मिल पाती है। एक एंबुलेंस के खराब होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले गरीब मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही आबादी के अनुसार एक ही सरकारी एबुंलेस के पीएचसी में उपलब्ध रहने के कारण निजी वाहनों को किराये पर लेकर आर्थिक दोहन का शिकार होना पड़ रहा है। खास कर प्रसव कराने आने वाली महिलाओं को ज्यादा दिक्कत होती है।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व संबंधित पदाधिकारियों को प्रखंड के रोगियों व प्रसव महिलाओं को सुविधा मुहैया कराने की चिंता नहीं होती है। सालों भर से एक खराब एंबुलेंस पीएचसी परिसर में शोभा की वस्तु बनकर खड़ी रहती है। घैलाढ़ में कभी सरकारी एंबुलेंस की जरूरत पड़ी तो इंतजार करना रोगी की जान आफत में डाल सकता है। यहां एंबुलेंस सेवा आबादी के लिहाज से बहुत कम है। 108 नंबर की सरकारी एंबुलेंस सेवा का हाल तो कुछ यही बयां कर रहा है।सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल बुरा है। ऊपर से एंबुलेंस का भी कमी है। जिसके चलते स्थिति और खराब हो जाती है। किसी तरह की आपातकालीन स्थिति में ज्यादातर लोग 108 नंबर पर एंबुलेंस के लिए कॉल करते हैं, लेकिन एंबुलेंस की कमी के चलते अधिकतर लोगों को यह सुविधा नहीं मिल पाती है। यदि प्रखंड क्षेत्र के किसी एरिया में कोई सड़क दुर्घटना होती है तो पीड़ितों को राहत पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग तथा प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाता है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ललन कुमार ने कहा पुराना एम्बुलेंस कंडम हो गया। उसके बदले में एक नया एम्बुलेंस दिया गया है और ये पीएचसी है, पीएचसी में एक ही एंबुलेंस दिया जाता है वही नया बिल्डिंग में पीएचसी शिफ्ट होने पर दो एंबुलेंस दिया जाएगा।

# मधेपुरा में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला पदाधिकारी, मधेपुरा श्री विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार, मधेपुरा में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के चिन्हित विद्यालयों में स्थापित किये जा रहे आई सी टी लैब के भौतिक सत्यापन करने हेतु संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया। आगामी बैठक में सभी वार्डेन की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु एवं सभी प्रखंड संसाधन केन्द्रों में बायोमेट्रिक्स मशीन के माध्यम से उपस्थिति बनाने हेतु सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निदेशित किया गया। जिले के सभी विद्यालयों के शौचालय में नल का पानी, बेसीन की सुविधा एक माह के अंदर पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। इस क्रम में अतिरिक्त वर्ग कक्ष की अधियाचना संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रा शि एवं सर्व शिक्षा अभियान के कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को कक्षावार नामांकन का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। अतिक्रमित भूमि जैसे हीं मुक्त कराई जाय तो वहाँ जल्द ही बाउन्ड्री का कार्य प्रारंभ कराने एवं सभी विद्यालयों के चाहरदिवारी एवं मुख्य भवन पर रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सभी संबंधितों को निदेशित किया गया।

# ईंट की ढेर से टकराई लग्जरी कार, कई बार पलटी मारने से मौके पर हुई तीन की मौत

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई जिले के चकाई देवघर सड़क मार्ग पर गोपीडीह के पास एक अनियंत्रित कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई. काफी मशक्कत के बाद मृतकों की पहचान हो सकी है. हादसे में जिन तीन लोगों की मौत हुई है और पटना के रहने वाले थे. मृतकों के नाम संतोष यादव, साहिल कुमार और गोरेलाल यादव बताया गया है, तीनों मृतक पटना के गोरिया टोली और जक्कनपुर के रहने वाले बताए गए हैं. तीनों मृतक की उम्र लगभग 35 साल बताई जा रही है, जो आपस में दोस्त थे. जानकारी के अनुसार, तीनों हुंडई कार में सवार होकर पटना से सोमवार के दिन में पूजा करने के देवघर निकले थे.बताया जा रहा है कि चकाई से देवघर सड़क मार्ग पर सुबह लगभग चार बजे तेज गति से जा रही कार सड़क के किनारे रखी ईंट की ढेर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर कई बार पलटी मारी. ईंट के ढेर में टक्कर लगने के बाद कार में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. आशंका जताया जा रहा है कि कर चला रहे युवक को नींद आई होगी जिस कारण वह सड़क के किनारे रखे ईंट के ढेर में टक्कर मार दी।इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने चंद्रमंडीह पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने लगभग 2 घंटे के मशक्कत के बाद जेसीबी और गैस कटर की मदद से दुर्घटनाग्रस्त कर से तीनों शवों को बाहर निकाला और फिर चकाई रेफरल अस्पताल भेजा गया जहां मौजूद डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया. तीनों मृतक के पास शिनाख्त के कागजात नहीं रहने के कारण उनकी पहचान के लिए पुलिस को काफी परेशानी उठानी पड़ी. फिर कार के नंबर के द्वारा पुलिस ने परिवार वालों को इस बारे में बताया गया।

# पुलिस ने कुमारखंड चौक से नशे की हालत में एक पियक्कड़ को किया गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना पुलिस ने मंगलवार को कुमारखंड चौक पर से नशे की हालत में हंगामा करते एक पियक्कड़ युवक को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि कुमारखंड चौक पर एक युवक नशे की हालत में हंगामा कर रहा है। तत्काल पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर सुपौल जिला के किशनपुर थाना क्षेत्र के राजपुर वार्ड सात निवासी रामचंद्र राम का 26 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार नामक युवक को नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार पियक्कड़ को आगे की समुचित कार्रवाई के लिए मधेपुरा कोर्ट में पेश किया गया।

# देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार को लेकर मधेपुरा में खुशी की लहर, कार्यकताओं ने निकाली विजय जुलूस

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने की खुशी में मधेपुरा में एनडीए गठबंधन के कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाल कर पीएम मोदी जिंदाबाद की नारे जमकर लगाए। दरअसल देश में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद बीजेपी-जेडीयू सहित एनडीए के अन्य घटक दलों में खुशी की लहर है।मधेपुरा में भारी संख्या में एनडीए कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाल कर शहर में सड़क मार्च की, जहां बीजेपी जिलाध्यक्ष दीपक यादव, जदयू जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश ऋषिदेव के नेतृत्व में निकाले गए इस जुलूस में एनडीए कार्यकताओं ने एक दूसरे को जमकर अबीर-गुलाल लगाया और आपस में मिठाईयाँ बाँट कर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर मौजूद एनडीए के सैकड़ों कार्यकताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार और लगातार दूसरी बार मधेपुरा के सांसद चुने गए दिनेश चंद्र यादव जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वहीं इस मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव विजेंद्र यादव ने कहा कि एक तरफ जहाँ केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है तो वही मधेपुरा लोकसभा से दिनेश चंद्र यादव दूसरी बार मधेपुरा के सांसद चुने गए हैं। इस अवसर पर एनडीए के सभी साथी मिलकर विजय जुलूस निकाले हैं। साथ हीं भाजपा प्रदेश मंत्री स्वदेश कुमार ने कहा कि 62 साल बाद ऐसा अवसर आया है कि किसी व्यक्ति ने लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लिया है। एनडीए गठबंधन की सरकार एक बार फिर देश को विकास की दिशा देगी और भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफल होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा-जदयू सहित एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मदनी नगर वार्ड 4 में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से आठ लोग घायल

प्रात: किरण संवाददाता



कुमारखंड (मधेपुरा) श्रीनगर थाना क्षेत्र के मंगलवारा पंचायत स्थित मदनी नगर वार्ड नंबर 4 में मंगलवार को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए जमकर मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से आठ लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने सभी घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर दोनों पक्ष से पांच लोग को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया। एक पक्ष के मोहम्मद बदरुल, दूसरा पक्ष के मोहम्मद लाखों के बीच खेत में लगे मूंग के पौधे को बकरी द्वारा चराने लेकर मारपीट की घटना हुई है। एक पक्ष के घायल मोहम्मद चांद ने बताया मेरे खेत में लगे मूंग के फसल को मोहम्मद लाखों का बकरी बार-बार पौधे को खा जाते बकरी को कई बार बांधने को कहे तो नहीं माने और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मोहम्मद लाखों, मोहम्मद शाहीन, रूही खातून अन्य परिजन मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में एक पक्ष के मोहम्मद रहमान, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद बदरुल, मोहम्मद चांद आलम घायल हो गए।

वही दूसरा पक्ष के घायल मोहम्मद लाखों ने बताया मेरी बकरी एक पक्ष के मोहम्मद बदरुल के मूंग के फसल के पौधे को खाया तो बकरी के साथ मारपीट किया जब कहने गए तो एक पक्ष के मोहम्मद रहमान, मोहम्मद सज्जाद, मोहम्मद बदरुल, मोहम्मद चांद लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में मोहम्मद लाखों, मोहम्मद शाहीन और रुही खातून घायल हो गई। दोनों पक्ष के घायल को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर वरुण कुमार ने प्राथमिक उपचार कर मोहम्मद रहमान, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद लाखों, मोहम्मद शाहीन, रूही खातून को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष राघवेंद्र नारायण ने बताया मारपीट की घटना हुई है इलाज के लिए भेजा गया है। आवेदन मिलते ही जांच कार्यवाई की जाएगी।

# जिले में भीषण गर्मी और बढ़ते सूर्य के तपिश से बचने हेतु जिलाधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक, दिये कई आवश्यक निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता




जमुई के जिलाधिकारी राकेश कुमार के द्वारा भीषण गर्मी एवं लू से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई । बैठक में आये दिन बढ़ते तापमान के कारण जन जीवन की सुरक्षा को लेकर उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए । जिलाधिकारी राकेश कुमार ने जिले में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, रेफरल अस्पताल, सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल में लू से प्रभावितों के ईलाज के लिए पर्याप्त मात्रा में ओआरएस की पैकेट, आईभी फ्लूड, जीवन रक्षक दवा, आइसोलेशन वार्ड इत्यादि की विशेष व्यवस्था करने हेतु सिविल सर्जन जमुई को निदेश दिया गया । साथ ही लू से बचाव से संबंधित आईईईईसीई सामग्री स्थानीय स्तर पर मुद्रित का पंपलेट पोस्ट के माध्यम से प्रचार प्रसार भी कराई जाए ।कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग शिवदयाल को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर नल का जल नहीं पहुंचता हो वहां टैंकरों के माध्यम से पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था की जाए तथा खराब चापाकल की मरम्मती की जाए । जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार को निदेश दिया कि भीषण गर्मी से स्कूली बच्चों को बचाने के लिए आवश्यक है कि विद्यालय या तो सुबह की पाली में ही संचालित हो अथवा गर्मी की छुट्टियां निर्धारित समय से ही पूर्व घोषित की जाए ।साथ ही सभी स्कूलों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं लू से बचाव हेतु प्रचार -प्रसार कराई जाए । सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था एवं वहां पर गर्म हवाओं व लू से बचाव से संबंधित (बच्चों को समझने हेतु) सामग्री प्रदर्शित कर जनता को जागरूक किये जाने हेतु समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र पर जीवन रक्षक घोल (डफर) की व्यवस्था की जाए। नवजात शिशु, बच्चों मातृ एवं गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था कराई जाए । पशु और मत्स्य विभाग जमुई को निर्देश दिया कि सरकारी ट्यूबवेल के समीप अथवा अन्य सुविधा युक्त स्थान पर गड्ढा खुदवा कर पानी इकट्ठा कराई जाए ताकि पशु पक्षियों को पानी मिल सके ।

ग्रामीण विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि मनरेगा अंतर्गत तालाबों, आहर तथा पोखरों इत्यादि का खुदाई कराई जाए और इनमें पानी इकट्ठा कर पशु पक्षियों को पानी उपलब्ध कराई जा सके। मनरेगा अंतर्गत कार्य स्थल पर पेय जल तथा लू लगने पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाए ' पंचायत में लू चलने के दौरान क्या करें ? क्या ना करें ? का प्रचार प्रसार करने हेतु जिला पंचायती राज पदाधिकारी जमुई को निर्देशित किया ' साथ ही गांवों में पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु पंचायतों को कार्य योजना बनाने का निदेश दिया ।

उसी क्रम में श्रम अधीक्षक जमुई को लू से बचाव हेतु मजदूरों के कार्य स्थल पर पेयजल की व्यवस्था तथा लू लगने पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करने को निर्देशित किया । साथ ही खुले में काम करने वाले, भवन बनाने वाले तथा कल-कारखानों में काम करने वाले मजदूरों के लिए पेय जल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। गर्मियों के दिनों में लू चलने से वन्य जीव भी प्रभावित होते हैं, उन सभी वन्य जीव उद्यानों तथा अभ्यारणों में गड्ढे खोदकर जल की व्यवस्था कराने हेतु वन एवं पर्यावरण विभाग को निर्देश दिया गया । जिला अग्निशमन पदाधिकारी जमुई को निर्देश दिया कि भीषण गर्मी के कारण आग लगी की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती है, अतः आग लगने जैसी घटनाओं से निपटने एवं उनके रोकथाम के लिए एदत विषयक विभागीय मानक संचालन प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की जाए ।

# डायट सेंटर गिद्धौर में प्रशिक्षण ले रहीं शिक्षिका सड़क दुर्घटना में घायल, दाहिना हाथ टूटा

## सड़क पार करने के दौरान टोटो ने मारी टक्कर



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/ गिद्धौर:-जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं शेखपुरा निवासी 55 वर्षीय शिक्षिका सोनी लता देवी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। जिसमें उनका दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया। उक्त घटना के बारे में बताया गया कि बीते सोमवार की देर शाम वे गिद्धौर बाजार से खरीददारी कर वापस डायट सेंटर जा रही थीं। इसी दौरान डायट सेंटर के निकट ही रोड क्रॉस करने के क्रम में विपरीत दिशा से रतनपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार टोटो ने जोरदार टक्कर मार दी। आसपास किसी के मौजूद न होने से उसी टोटो वाले ने घायल शिक्षिका को दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और खुद रफूचक्कर हो गया।

जिसके बाद अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी द्वारा प्राथमिक उपचार कर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। वहीं घायल शिक्षिका के परिजनों को भी दूरभाष द्वारा घटना की सूचना दी गई।

# पूर्व मुख्यमंत्री लालू का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया



प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड के राजद नेता इंजीनियर नवीन निषाद के आवास परिसर में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर राजद कार्यकताओं ने सामाजिक न्याय एवं सद्भावना दिवस के रुप में मनाया। इस दौरान ई नवीन कुमार निषाद केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाने के साथ साथ समाज के गरीब बच्चों को भी केक खिलाकर 77वाँ जन्मदिन मनाया। वहीं इस दौरान इंजीनियर नवीन कुमार निषाद ने बताया कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव गरीब शोषित दलित वंचित पिछड़ों के मसीहा है वे सदैव इनके उत्थान के लिए चिंतित रहते हैं उन्होंने बताया कि आज देश में जो स्थिति पैदा हुई है वह समाज को बाटने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि देश में जहां चारों ओर बेरोजगारी भ्रष्टाचार का बोलबाला है वही मोदी सरकार अपने पीठ थपथपाना का काम कर रही है

हम लोगों के सामाजिक न्यायिक मसीहा राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव हैं तब तक इस तरह की सोच रखने वाले समाज को बांट कर राज करने वालों की मंशा पूरी नहीं होने देंगे वही इस दौरान दर्जनों लोगों और बच्चे बच्चियों उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्नातक सेमेस्टर 1 के छात्राओं से नहीं लिया जाएगा प्रैक्टिकल शुल्क

आरा। स्नातक सेमेस्टर १ सत्र २०२४ - २८ में नामांकन लेने वाली छात्राओं का प्रैक्टिकल शुल्क अब नहीं लिया जाएगा। अब उन्हें केवल पंजीकरण का शुल्क ६०० रुपए ही देना है। ज्ञात हो कि राजभवन के निदेशानुसार छात्राओं से प्रैक्टिकल शुल्क नहीं लेना है और पिछले सत्र में भी ऐसा कोई शुल्क नहीं लिया गया था। इस सत्र में भी कई विश्वविद्यालयों में ऐसा शुल्क नहीं लिया जा रहा है मगर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में छात्राओं से प्रैक्टिकल शुल्क के नाम पर कई जगह ६०० रुपए लिए जाने की शिकायत हो रही थी। इसकी सूचना पाकर भोजपुरी छात्र संघ के सह संयोजक सोहित सिन्हा और आइसा के छात्र नेता रौशन कुशवाहा विश्वविद्यालय पहुंचे और इस बाबत कुलसचिव सह छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष रणविजय कुमार से बातचीत की। उसके बाद कुलसचिव ने कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी से तत्काल बात की और छात्राओं से किसी भी तरह का प्रैक्टिकल शुल्क नहीं लेने का निर्णय लिया गया।

### श्रीराम सुपर 4400 धान बीज से कृषि पुनर्जागरण की शुरूआत

भागलपुर। बिहार में श्रीराम सुपर 4400 धान के बीजों की परिवर्तनकारी शक्ति को अपनाने वाले किसानों के बीच एक शांत क्रांति चल रही है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस द्वारा विकसित ये अत्याधुनिक बीज अपनी उल्लेखनीय लचीलापन और उत्पादकता के साथ कृषि के नियमों को फिर से लिख रहे हैं। बिहार के देवरिया निवासी अवधेश मिश्रा उन कई किसानों में से हैं, जो श्रीराम सुपर 4400 के ठोस लाभों को देख रहे हैं। वे रिकॉर्ड समय में और न्यूनतम पानी के उपयोग के साथ प्रचुर उपज देने की इसकी क्षमता की पुष्टि करते हैं। उनके समर्थन से उनके साथी भी प्रभावित हुए हैं और इस बीज को अपनाने का आग्रह किया है। नालंदा के आलोक प्रसाद यादव मिश्रा की भावना को दोहराते हुए कहते हैं कि पिछले साल जल संसाधनों की कमी के बावजूद श्रीराम सुपर 4400 की बदौलत भरपूर फसल हुई। साथ ही अन्य किसानों को भी इसे अपनाने की सलाह देते हैं।

### महादलित परिवार को प्रधानमंत्री द्वारा मिला सम्मान : राष्ट्रीय प्रवक्ता

गया। समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले मांझी महादलित परिवार को मिला सम्मान, जीतन राम मांझी को मिला कैबिनेट का दर्जा, नरेंद्र मोदी को दिल से धन्यवाद, गरीब समाज की ओर से धन्यवाद। गया वासी को धन्यवाद नरेंद्र मोदी को धन्यवाद आजादी के बाद पहली बार मुसहर महादलित परिवार, दशरथ मांझी के वंशज को भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला है।

### शिक्षा मंत्री बनने पर शिक्षाविद हरी प्रपन्ना एवं श्रवण शाणिडल्य ने दी बधाई

गया। भारत सरकार तिसरे कार्यकाल में उडीसा ही नही भारत के शिक्षा की अलग पहचान दिलाने वाले केन्द्रीय शाक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को फिर से शिक्षा मंत्री बनाए जाने पर भारत के विकास पुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आभार व्यक्त किया गया के शिक्षाविद सह किडिजी स्कुल के निदेशक हरि प्रपन्न उर्फ पप्पू जी ने शुभकामनाएं दी साथ में शिक्षा विद श्रवण शाणिडल्य, पूर्व गया जिल अध्यक्ष महिला मोर्चा डा शालनी कुमारी ने धर्मेंद्र प्रधान को दी बधाई।

### फेड़ीवाले से तीस हजार रुपए छीने

तरैया। थाना क्षेत्र के गलिमापुर पुल के समीप एक फेड़ीवाले से मारपीट कर तीस हजार रुपए छीन लेने का मामला प्रकाश में आया है। घायल रामबाबू राय का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया। रामबाबू राय ने बताया की वह टेंपो से गांव गांव घूमकर फेड़ी का कार्य करता है। जब वह गलीमापुर है स्थित पुल के समीप पहुंचा तो कुछ लोग घेर कर मारपीट कर उसके गल्ले से तीस हजार रुपए छीन लिए। पीड़ित ने बताया की मारपीट में उसके गांव का भी एक व्यक्ति था। जिसे वह पूर्व में दस हजार रुपए दिया था। दिए हुए पैसा मांगने को लेकर विवाद हुआ था। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में एक शिकायत प्रतिवेदन दिया है।

### तीसरी बार पीएम बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

औरंगाबाद। पीएम नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार शपथ लेने पर औरंगाबाद भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है सभी नेताओं व कार्यकताओं ने पीएम को बधाई व शुभकामना दी है। बधाई देते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी का तीसरी बार चुना जाना देश की जनता के लिए महत्वपूर्ण है प्रधानमंत्री जी का साधना का प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का नव उत्थान हुआ है। देश के गरीब युवा महिला एवं किसान के साथ-साथ वंचित वर्ग का जीवन भी आसान हुआ है। 140 करोड़ भारतवासियों की सुख शांति और समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री जी का यह कार्यकाल निःसंदेह आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करते हुए भारत को विश्व में महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला सिद्ध होगा।

# पेयजल की संकट से जूझ रहे लोग खराब पड़े चापाकल का नहीं हुआ मरम्मत

## प्रत्येक दिन दूर-दूर के हजारों ग्रामीण का आना जाना होता है, शुध लेने वाले नहीं दिखे अलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। एक तरफ बढ़ते गर्मी से लोग परेशान है तो दूसरे तरफ पानी नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। जिले के बेलखारा पंचायत करपी बाजार अनुवा पंचायत खटंगी पंचायत चमंडी पंचायत रामपुर चाय पंचायत के कई गांव में पेयजल की संकट से लोग तरस रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के अलावा ऐसे स्थान जहां पर लोगों का ठहराव है फिर भी पानी की कोई व्यवस्था नहीं है चापाकल खराब पड़े हैं। जिले के अनेक इलाके जगहों पर जलस्तर काफी नीचे चले जाने के कारण लोग पानी के लिए झेल रहे हैं समस्या, एक डेढ़ किलोमीटर की दूरी से लोग माथे पर करके लाते हैं पीने का पानी

**कई गांव में चापाकल सोभा की वस्तु बनकर खड़ी है लेकिन पानी नहीं:** मामला रामपुर चाय पंचायत के प्रयाग बिगहा स्थित हनुमान मंदिर की है जहां पर चापाकल की स्थिति बद से बदतर है। उसरी बाजार से रामपुर चाय जाए जाने वाली अबगिला गांव एव कसौटी गांव के बीच सड़क पर खराब पड़े हैंड पंप। इस पर न तो अब तक जिले के आला अधिकारियों को ध्यान आकर्षित हुआ और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि का। बता दें कि उस रास्ते से प्रत्येक दिन दूर-दूर के सैकड़ों ग्रामीण लोगों का आना जाना होता है। चापाकल की सुविधा रहने से लोगों को काफी सहूलियत मिलती और पानी भी पीते, लेकिन बीते कई महीने से खराब चापाकल को देखने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि तो हाथ पर हाथ रख कर बैठे हैं। हालांकि ग्रामीण बताते हैं कि चापाकल रहने से आने-जाने वाले राहगीरों के अलावे स्थानीय लोगों को भी काफी सुविधा होती थी। इधर राहगीरों का कहना है कि चापाकल नहीं रहने से राहगीरों को भी काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है।

# जिला परिषद भोजपुर सभागार में लालू प्रसाद यादव का मनाया गया 77वां जन्मदिन

प्रात : किरण संवाददाता



युवा राजद भोजपुर द्वारा राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव जी का 77 वां जन्मदिन जिला परिषद भोजपुर सभागार मे मनाई गई। वही युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह जिला परिषद सदस्य धनंजय सिंह के नेतृत्व मे धूमधाम से मनाई गई। वही जन्मोत्सव कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि युवा राजद भोजपुर के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, वरिष्ठ राजद नेता सह पूर्व अध्यक्ष जिप भोजपुर हाकिम प्रसाद जी उपस्थित रहे।

वही अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा की उत्तम स्वास्थ्य, सुदृढ़ विचार के पथ प्रदर्शक हम सबके नेता आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी के मंगल कामना करते है ताकि समाजवाद का झंडा बुलंद रहे। वही पूर्व अध्यक्ष जिप भोजपुर सह राजद नेता हाकिम प्रसाद ने कहा की देश के एक मात्र नेता आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी रहे जो समाजवाद के झंडा को बुलंद करने का काम किए अपने नेता को दीघार्यु होने की कामना करते है। वही जिप सदस्य सह प्रदेश महासचिव धनंजय सिंह ने कहा की ईश्वर उनको स्वस्थ रखे ताकी हम सब को मार्गदर्शन प्राप्त होते रहे। वही प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने कहा की आज अपने नेता के जन्मदिन के अवसर पर हम सभी संविधान, लोकतंत्र को मानने वाले समाजवादी ने दृढ संकल्पबद्ध हुए की आजीवन लालू जी के दिखाए रास्ते पर चलने का काम करेंगे वही सभागार मे सभी महानुभाव ने आदरणीय नेता श्री लालू प्रसाद यादव जी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना किए। वही जिप सदस्य जिप्सा आनन्द ने कहा की जन नेता आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी का स्वास्थ्य सही हो यही कामना है। जन्मोत्सव कार्यक्रम मे उपस्थित समाजवादी नेता शेषनाथ सिंह, कांग्रेस नेता विरेन्द्र मिश्रा, प्रधान महासचिव रजनीश यादव, विनोद चंद्रवंशी, शिव परसन यादव, योगेन्द्र मुखिया, सहदेव यादव, चुलु यादव, मनन यादव, बद्री यादव, सुभाष, रविन्द्र यादव, अनील यादव सहित सैकड़ो राजद कार्यकर्ता रहे।

# आतंकियों के हमले की जवाब लेगी केन्द्र सरकार : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता



गया। माता वैष्णो देवी दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं पर पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा हमला करने के चलते बस ड्राइवर को गोली लग जाने के कारण बस के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने के कारण लगभग 10 हिंदू श्रद्धालु की दुःखद मृत्यु एवं दर्जनों की संख्या में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और वर्तमान में उनका इलाज कराया जा रहा है। इस कायरता पूर्ण आतंकी हमले पर बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष सह जिला प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा "आतंकवादियों के द्वारा कायरता का काम किया गया है निर्दोष श्रद्धालुओं पर आतंकी हमला कर हत्या किया जाना एक तरफ पूरे हिंदुस्तान के जनता देश के उजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण समारोह में जश्न मना रहे थे आतंकवादियों के आका पाकिस्तान के द्वारा मोदी का तीसरा शपथ ग्रहण समारोह को खुशी से विचलित होकर अपने प्रशिक्षित गुर्दे आतंकवादियों के सहारे हिंदू श्रद्धालुओं पर गोली चलाकर खुशी का जशन दुखदाई बनाना चाहते थे भारत किसी भी हालत में आतंकवादियों के द्वारा किए गए गुनाह को कतई माफ नहीं करेगा और उन असामाजिक तत्वों को अवश्य सजा देगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा पिछले कुछ वर्षो से सुरक्षा कर्मियों के द्वारा स्थानीय युवाओं को समझाकर और कर भारत के इतिहास बताकर, नौजवानों को रोजगार देकर देश हित में आतंकी घटनाओं पर हद तक नियंत्रण कर लिया है। पाकिस्तान के संरक्षण में फल फूल रहे आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या कर अपनी उपस्थिति दर्ज करना चाहते हैं। क्योंकि मौजूदा लोकसभा का चुनाव में विश्व ने देखा कि बड़ी संख्या मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र का पर्व को लोकतांत्रिक परिक्रया में भागीदारी की इससे विचलित होकर पाकिस्तान के द्वारा अपने प्रशिक्षण प्राप्तआतंकवादियों के द्वारा बार-बार भारत में अशांति करने के लिए पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या कर भारत को विचलित करना चाहते हैं। पाकिस्तान भूले नहीं की एक-एक निर्दोष लोगों की हत्या का बदला लिया जाएगा। आतंकवादी अगर चूहें के बिल में भी रहेंगें तो खोज खोज कर उन्हें सजा जरूर मिलेगी। भारत आतंकवाद को कुचलना के लिए सरहद पार कर भी बदला लेंगे। श्रद्धालुओं की हत्या पर शोक व्यक्त करने वालों में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक दीपक पांडे, सहकारिता मंच के संयोजक दयानंद पांडे, सुनील बंबईया, संजय यादव महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता आदि।

# जीतनराम मांझी ने संभाला पदभार, गरीबों तक विकास की रौशनी पहुंचाने का लिया संकल्प



'गया। कर्म ही पूजा है' इसी सिद्धांत को प्रतिपादित करते हुए जीतनराम मांझी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय का जिम्मा संभाले हैं। उन्होंने मंगलवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय का पदभार संभाला. मांझी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं कि एक ऐसा मंत्रालय उन्हें दिया गया है जो भारत में गरीबों का उत्थान करने में महत्ती भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उनसे कहा है कि यह गरीबो के उत्थान करने वाला विभाग है। जहाँ विकास की रौशनी नहीं पहुंची है वहां प्रकाश फैलेगा। मांझी ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की देश में गरीबों के कल्याण में अहम भूमिका होगी। वे अपने मंत्रालय के माध्यम से इस दिशा में काम करेंगे। अगले 100 दिनों की रुपरेखा पर वे काम करेंगे। इस अवसर पर जीतन राम मांझी के पुत्र और बिहार सरकार में मंत्री संतोष सुमन, जदयू व्यवसाय उद्योग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रकाश पटवा, प्रदेश उपाध्यक्ष लालजी प्रसाद, जदयू प्रदेश सलाहकार सदस्य पुष्पेंद्र पुष्प, जदयू नेता संजीत अधिवक्ता, तनुज कानू, राजू रजक, महेंद्र बरनवाल, नीरज वर्मा, दिग्विजय कुमार, विमल रंजन विनोद कुमार, केदार शाह, राजकुमार शाह, मेघनाथ पटवा, अजीत जैन, मुन्ना पटवा, संजय सिन्हा, ललू वर्णबाल, विकास विक्रांत, जितेंद्र कुशवाहा, विवेक पांडे, अन्य पार्टी नेताओं ने उन्हें बधाई दी।

# निजी अस्पताल में मरीज के ऑपरेशन के नाम पर डेढ़ लाख की कर रहे थे मांग

## हड्डी रोग विशेष चिकित्सक डा. विकास कुमार ने मुफ्त किया इलाज

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। हमारे समाज में चिकित्सक को भगवान का रूप कहा जाता है। यह अलग बात है कि कभी कभी चिकित्सकों पर आरोप भी लगते रहते हैं, लेकिन समाज में आज भी बहुत से ऐसे चिकित्सक मौजूद हैं जो अपने दायित्वों की गरिमा का ध्यान रखते हुए समाज हित के लिए ऐसे कार्य करते रहते हैं जिसकी वजह से लोग चिकित्सक को भगवान का रूप कहते ही नहीं बल्कि मानते भी हैं। ऐसा ही एक नाम है सदर अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. विकास कुमार सिंह का। वे एक बार फिर गरीब मरीज के लिए सदर अस्पताल से अपना ड्यूटी करके चार बजे तक घर चले गए। शाम छह बजे ओबरा थाना क्षेत्र के छपरा गांव का बैजू राम सदर अस्पताल पहुंचता है और अपना सारी कहानी अस्पताल में स्वास्थ कर्मियों को कहता है। सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने इसकी जानकारी डा. विकास कुमार सिंह को फोन पर दिया तो डा. विकास ने अभिलंब घर से उसे गरीब परिवार के लिए सदर अस्पताल स्वयं देखने के लिए पहुंच कर मरीज की स्थिति का जायजा लिया। मरीज ने अपनी सारी कहानियां उन्हें बताई तो लोग सुनकर उन मरीज भी हैरान हो गया। साबित कर दिया है कि चिकित्सक को भगवान का रूप जो कहा जाता है वो सही है। गंभीरता से लेते हुए डा. विकास कुमार सिंह ने अपने से चल बनकर मरीज को प्लास्टर किया और पूरी तरीके से हाथ को अपने से बिठाया जहां दूसरी और चिकित्सक इस आपरेशन का कर रहे थे और डेढ़ लाख की मांग कर रहे थे। चिकित्सक एक अपने निजी राशि से बाहर से मंगवा कर भी उसे एक इंजेक्शन देखकर उसे हाथ को सही तरीके से ऐसा कर दिखाया कि सदर अस्पताल में चर्चा का विषय बना हुआ है

जिस हाथ के हड्डी टूट जाने और आपरेशन करने को लेकर डेढ़ लाख का खर्च निजी अस्पताल ने बताया। सदर अस्पताल में सोमवार की शाम चार बजे सदर अस्पताल में कार्य हड्डी रोग विकास कुमार सिंह के द्वारा सही तरीके से 30 मिनट में डेढ़ लाख रुपये रुपये लाए। कहा गया कि मरीज के यदि आज आधा घंटे के अंदर आपरेशन नहीं होगा तो मरीज की जान नहीं बचेगी। 30 मिनट के अंदर रुपये की व्यवस्था नहीं हुई तो यह मर जाएंगे। स्वजन और पत्नी के पास इतने रुपये की व्यवस्था नहीं थी। नगद भी मात्र 3000 से 5000 रुपये मरीज के पास स्वजन के पास थे।

वहीं घायल बैजू राम ने सदर अस्पताल में हड्डी डा. विकास कुमार सिंह का हाथ पकड़ कर रोने लगा। कहा कि आप भगवान से काम नहीं है जहां मुझे डेढ़ लाख रुपये मांग रहा था और एक पैसा नहीं लगा मेरा इलाज फ्री में कर दिया और हाथ को बैठा दिया। मैं आपका मरते दम तक कभी नहीं भूलूंगा। चिकित्सक के विकास के इस कार्य से सदर अस्पताल में अनमैरिड जो बाहर से लोग आए थे। उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं करने लगा कि ऐसे चिकित्सक भी इंसानियत जिंदा है।

# केंद्रीय विद्यालय में जल संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित




दरियापुर। विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की चौथी कड़ी में मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय बेला में इको क्लब मिशन लाइफ के तहत जल 'बचाईए' विषय पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन प्राचार्य शिवा कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले हर जगह कुआं, तालाब आदि रहता था जहां शीतल जल मिलता था। घर घर में घड़ा रहता था। अब इसकी जगह बोतलबंद पानी ने ले लिया है। इससे जल जीवन व हरियाली तीनों खतरे में है। इसलिए जल का संरक्षण जरूरी है। अभिजीत कुमार, प्रिंस कुमार, रवि कुमार, श्रृष्टि श्रेया, सोनाक्षी पंडित, तनिषा कुमारी, रिशा कुमारी, आस्था कुमारी, अनिशा कुमारी, अर्पणा यादव, रौशन कुमार, अनुष्का कुमारी, सोनाली सिन्हा, तनविका कुमारी, इंद्रा कुमारी, प्रगति कुमारी, अतुल राज आदि छात्र छात्राओं ने जल संरक्षण पर अपने अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। संचालन शारीरिक शिक्षक रामानुज कुमार ने किया।

# नालों पर बने अतिक्रमण को युद्धस्तर पर अतिक्रमण हटवाया जाए : सहाकिरता मंत्री

गया। मंत्री सहकारिता विभाग बिहार सरकार डॉ प्रेम कुमार की अध्यक्षता में कल देर संध्या समाहरणालय सभाकक्ष में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभागों के पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। सर्वप्रथम प्रभारी जिला पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त गया द्वारा मंत्री का स्वागत किया गया है। इस समीक्षा बैठक करते हुए मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या से निजात देना अतिआवश्यक है। मंत्री ने उपस्थित डीएसपी यातायात को निर्देश दिया कि जाम से निजात के लिये सड़को की चौड़ाई का आकलन कर निगर निगम से समन्वय कर पार्किंग की व्यवस्था एव जाम से निजात के लिये कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि जाम से निजात के लिये, नालों पर बने अतिक्रमण को युद्धस्तर पर अतिक्रमण हटवाया गया है। मंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया है हर दिन गाँधी मैदान में बड़ी संख्या में लोग टहलने आते हैं। इस दृष्टिकोण से मैदान की प्रतिदिन सफाई व्यवस्था मुकम्मल रखे। नगर आयुक्त ने मंत्री को बताया कि भीषण गर्मी हीट वेब को देखते हुए जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में नगर निगम के सभी वार्डो में स्थापित 132 प्याउ के माध्यम से राहगीरों को पेयजल दिया जा रहा है। इसके अलावा 675 चापाकलों को ठीक करवाया गया है। 367 वैट के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। इसके अलावा वैसा टोला जहाँ पानी की समस्या की सूचना मिलती है वहा तुरंत टैंकर से पानी भेजवाने की व्यवस्था रखी गयी है। अभी के समय मे 32 स्पॉट्स पर टैंकर भेजे जा रहे हैं। राहगीरों मुसाफिरों को भीषण गर्मी में पानी की व्यवस्था के लिये 19 स्थानों पर पनशाला की व्यवस्था रखी गयी है। इसका राहगीर भरपूर प्रयोग कर रहे हैं पनशाला में मटके में पानी रखा जाता है ताकि पानी पूरी तरह ठंडा रहे। इसके अलावा सभी रेन बसेरा पर कूलर, पंखा, पानी, ड्ड१२ की व्यवस्था रखी गई है। मंत्री ने कहा कि कोई भी चापाकल बंद होता है या कोई भी वैट या प्याउ बंद होता है उसे तुरंत तुरंत ठीक करावे। शहरी क्षेत्र में कहीं भी कोई पानी की समस्या नहीं आए इसे सुनिश्चित करावे। उन्होंने कहा कि जिस स्थान से भी पानी टैंकर की मांग आगे वहां पर तत्काल टैंकर भेजने की व्यवस्था रखें। मंत्री ने हर घर गंगाजल पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली गई है। बुडको के अभियंता द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में 70000 से ऊपर घरों में गंगाजल पेयजल दिया जा रहा है। कुछ नए बसावट, टोलो में नए सिरे से पाइपलाइन बिछाने के लिए विभाग स्तर से पत्राचार किया जा रहा है।

# भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाई गई भजन संध्या

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के महाराजगंज रोड में निजी होटल सभागार में एकल अभियान परिवार के सान्निध्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य गोपाल शरण सिंह, नगर परिषद औरंगाबाद के अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता, रेड क्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, महामंत्री धनंजय जयपुरी, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, डॉ शिवपूजन सिंह, डॉ रणधीर सिंह, जगनारायण बाबू, अधिवक्ता योगेंद्र नारायण सिंह, अमित श्रीवास्तव, डॉ महावीर प्रसाद जैन, रामभजन सिंह, सुरेश विद्यार्थी, शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक, उर्मिला देवी, मीना देवी सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। एकल विद्यालय के अंचल अध्यक्ष डॉ रामाधार सिंह के नेतृत्व में आयोजित भजन संध्या में दरभंगा की खुशबू कुमारी, अमेठी की विद्या कुमारी, कानपुर की अंकिता कुमार, कौशांबी की श्वेता कुमारी, फतेहपुर की वंदना कुमारी, बाराबंकी की प्रियंका कुमारी, लखीमपुर खीरी के कमलजीत जी ने शिवसागर जी, आनंद कुमार सिंह ने शिरकत किया और मंगल भवन अमंगल हारी से भजन की शुरूआत की।

भजन संध्या में सनातनी परंपरा से ओतप्रोत एक से एक प्रस्तुतियां दी गई जिसे सुनकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग भक्ति के अविरल धारा में सराबोर भाव विह्वल होकर करतल ध्वनि के साथ झुमने लगे। देवा ओ देवा गणपति देवा सारी उमर करुंगी तेरी सेवा, का जब गान किया गया तो लोग खुशी से झूमने लगे। एकल विद्यालय के सचिव सिंहेश सिंह, कोषाध्यक्ष कमलेश तिवारी अशोक सिंह ने सभी आगंतुकों को पुष्पहार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि गोपाल शरण सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सामाजिक समरसता एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलती है। भजन संध्या के मौके पर सत्येंद्र राम, विजय कुमार, सूर्य देवदास नंद किशोर सिंह, संजय सिंह, अरुण सिंह, जनेश्वर पासवान, माया देवी, इंदु देवी, पूनम कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# लोगों की सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं : सल्लू

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। शहर के विभिन्न जगहों पर मंगलवार को मानव संस्थाएं इंसानियत सेवा समिति स्वस्थ जिलाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान की ओर से बढ़ती तापमान को देखकर सड़कों पर खुद नजर आए और मीडिया के कमरे में कैद हुए सल्लू खान इस कड़ाके के धूप में भी एक सच्चे दिल से सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जो आजकल दिखाई। लोगों ने इंसानियत को देखते हुए दिल से आभार जताया। सल्लू खान ने अपने निजी राशि से विभिन्न जगहों पर बिसलेरी पानी की बोतल नींबू खीरा के साथ ओआरएस लिक्विड का वितरण के साथ रिक्शा चालक ठेला आने जाने वाले राहगीरों के बीच वितरण किया। शहर के ओवर ब्रिज शहर की देरी जाने वाली बस स्टैंड शहर के राम बंद चतरा जाने वाली मोड गया जाने वाली रूट आदि जगहों परलोगों ने इसके लिए सल्लू खान को दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सचमुच में इंसानियत का जो भी सीखना है तो वह सल्लू खान से ही सीखें। जिलाध्यक्ष सल्लू खा ने बताया की लू लगने पर लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर उसके शरीर पर तंग कपड़े हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें। लू लगे व्यक्ति का शरीर ठंडे गीले कपड़े से पोछे या ठंडे पानी से नहलाएं। उसके शरीर के तापमान को कम करने के लिए कूलर, पंखे सहित का प्रयोग करें। उसके गर्दन, पेट एवं सिर पर बार-बार गीला तथा ठंडा कपड़ा रखें। उस व्यक्ति को ओआरएस/नींबू-पानी, नमक चीनी का घोल, छाछ या शरबत पीने को दें, जो शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके। लू लगे व्यक्ति की हालत में यदि एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। भीषण गर्मी की चपेट में है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, सुकुल राम द्वारा अपने प्रकोष्ठ में आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया जिसमें अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, श्रीमती माधवी सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी राजेश सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दीवान फहद खान और अविनाश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शोभित सौरभ, श्रीमती निधि जयसवाल न्यायिक दंडाधिकारी शुभँक शुक्ला उपस्थित हुए।

सचिव द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों से लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु अब तक कि गयी कार्यवाही की समीक्षा की गई और आगे की रूप रेखा तय की गई। सचिव के द्वारा न्यायिक पदाधिकारीयों को अपने न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय वादों को चिन्हित वादों से सम्बन्धित पक्षकार की सूचना और नोटिस की अद्यतन जानकारी प्राधिकार को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि समय रहते सम्बन्धित पक्षकारों से प्रि-काउन्सलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके।

जिसपर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने न्यायालय सम्बन्धित पुरी सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने का आष्वासन दिया गया। विदित है कि दिनांक 13 जुलाई 2024 को वर्ष को राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्राधिकार में वृहत रूप से तैयारी किया जा रहा है। सचिव द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। सचिव द्वारा आम जन से भी अपील किया गया गया कि 13 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पदाधिकारी/ कर्मियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया शुभारंभ



आरा : विद्या भवन आरा के सभागार में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पदाधिकारी/ कर्मियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 11/6/2024 से 14/ 6/ 2014 तक विद्या भवन के सभागार में आयोजित किया जाएगा। यह शिविर ई एस आई सी बिहटा के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में शरीर के विभिन्न अंगों के जुड़े हुए डॉक्टर उपस्थित रहेंगे, जिसमें मुख्य रूप से दात, आंख, पेट, मस्तिक इत्यादि से संबंधित बीमारियों की जांच की गई। जिला विकास शाखा की प्रभारी पदाधिकारी अशमा खातून ने कहा की यह जिला अधिकारी और उप विकास आयुक्त महोदय की एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे ऐसे कर्मी है जो व्यस्ततम जीवन में अपने शरीर और शरीर के अंदर होने वाली बीमारियों से अनभिज्ञ रहते हैं। अगर सही समय पर उनको सही चिकित्सीय सलाह अगर दी जाए तो उनकी जिंदगी में आने वाले बड़े रोगों से निजात दिलाया जा सकता है। शिविर में मुख्य रूप से, डॉ प्रतीक निशान असिस्टेंट प्रोफेसर (आई) डॉ अंबिका शाश्वत सीनियर रेसिडेट (सीएम) डॉ विकास जे आर डेंटल, डॉक्टर अभिषेक एस आर डेंटल, डॉक्टर श्याम ड एच डेंटल, बिट्टू कुमार न ओ (ओबीजी), डॉ सरफराज अली ऑर्थो, अमित कुमार एम एस डब्ल्यू कम्युनिटी मेडिकल आज के शिविर में विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# थंडेल के लिए कमर कस रहे नागा चैतन्य

साउथ स्टार नागा चैतन्य अपनी नई फिल्म थंडेल के लिए कमर कस रहे हैं। इस फिल्म में नागा के साथ साई पल्लवी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेता ने बताया था कि थंडेल की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। वहीं, अब इसकी शूटिंग पर भी बड़ा अपडेट सामने आया है। आइए जानते हैं कि अभिनेता कब और कहां थंडेल की शूटिंग करेंगे-

## थंडेल की शूटिंग पर आया अपडेट

थंडेल का अगला शेड्यूल 10 जून को रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होने वाला है। आरएफसी में कुछ दिनों की शूटिंग के बाद, टीम कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों को फिल्माने के लिए श्रीकाकुलम जाएगी। बताते चलें कि फिल्म का निर्माण गीता आर्ट्स द्वारा किया जा रहा है, जिसे संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने अपनी धुनों से सजाया है। जानकारी तो यह भी है कि देवी प्रसाद ने पहले ही दो गानों की री-रिकॉर्डिंग पूरी कर ली है। वहीं, निर्देशन की कमान चंदू मोंदेती ने संभाली है।

## साई पल्लवी होंगी मुख्य हीरोइन

थंडेल में एक बार फिर साई पल्लवी और नागा चैतन्य की जोड़ी जमने वाली है। इससे पहले दोनों ने शेखर कमुला की लव स्टोरी में साथ काम किया था। वहीं, इस फिल्म से नागा चैतन्य को काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि उन्हें हाल के वर्षों में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा है।

## सच्ची घटना पर आधारित है थंडेल

थंडेल की कहानी साल 2018 में हुई घटना पर आधारित है, जिसमें आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम के कुछ मछुआरे गलती से पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे, जहां उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। मालूम हो कि नागा चैतन्य ने खुद उन मछुआरों से मुलाकात की थी और उस परेशान कर देने वाली घटना को लेकर उनके अनुभव भी जाने थे। निर्माता इस फिल्म को 20 दिसंबर 2024 को रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।



# कलयुग एक्ट्रेस स्माइली सूरी का 19 साल बाद छलका दर्द

क्या आपको मोहित सूरी की फिल्म कलयुग मूवी याद है? 2005 में रिलीज इस फिल्म से कुणाल खेमू ने बतौर हीरो डेब्यू किया था और उनकी हीरोइन थीं स्माइली सूरी। इस फिल्म से स्माइली रातोंरात फेमस हो गई थीं, लेकिन वो अपनी सफलता को आगे भुना नहीं पाईं। चकाचौंध भरी दुनिया से लगभग गायब हो गईं। अब 19 साल बाद उन्होंने खुलासा किया है कि उनका करियर बर्बाद होने के पीछे कजिन पूजा भट्ट का हाथ था। कलयुग फिल्म से मोहित सूरी की बहन स्माइली सूरी ने बॉलीवुड में कदम रखा था। रेणुका आहूजा के रोल में उन्हें पसंद किया गया था। इस फिल्म के बाद उन्होंने कई फिल्में कीं, लेकिन वैसी सफलता नहीं मिली, जैसी कलयुग से मिली थी। स्माइली सूरी ने हाल ही में अपनी चचेरी बहन पूजा भट्ट की 2006 में निर्देशित फिल्म हॉलिडे से निकाले जाने के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि हॉलिडे से निकाले जाने के बाद भी उन्हें महेश भट्ट की फिल्म कलयुग में रोल मिला, लेकिन फिल्ममेकर अपनी बेटी पूजा के दबाव के कारण उन्हें कोई और रोल नहीं दे सके।

पूजा की वजह से डिप्रेशन में चली गई थीं स्माइली अब 41 साल की स्माइली सूरी ने सिद्धार्थ कन्नन से बात करते हुए कहा, पूजा ने मुझे अपनी पहली फिल्म हॉलिडे से निकाल दिया था। मुझे खुशी है कि मुझे फिल्म से निकाल दिया गया, क्योंकि मुझे कलयुग करने का मौका मिला जो हिट रही। उन्होंने आगे कहा, मैं बहुत शर्म और डिप्रेशन से गुजर रही थी।

## महेश भट्ट पर पूजा ने बनाया दबाव

जब स्माइली हॉलिडे से निकाले जाने के बाद डिप्रेशन से जूझ रही थीं, तब महेश भट्ट ने उनकी मदद की और उन्हें कलयुग ऑफर की। उन्होंने कहा, जब मैं हॉलिडे के सेट से वापस आई तो मैंने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। उस समय भट्ट साहब (महेश भट्ट) ने मुझसे कहा कि मैं कलयुग करूंगी। मुझे लगता है कि कलयुग के बाद भट्ट साहब मुझे कोई फिल्म ऑफर नहीं कर पाए, क्योंकि उन्हें अपनी बेटी की बात माननी थी और मैं उन्हें दोष नहीं देती।

## दर्दनाक समय, नहीं करनी बात

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी हॉलिडे से निकाले जाने के पीछे की वजह के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, यह उनका फैसला था। मैंने वास्तव में वह प्रोजेक्ट बनाया था। मैंने कोरियोग्राफर संदीप सोपारकर के साथ काम किया। हमने रिहर्सल की। मुझे निकालना उनका फैसला था, लेकिन मैं यह जरूर कहूंगी कि छह महीने तक उस फिल्म पर काम करते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा। मुझे निकालने के पीछे की वजह के बारे में तो वो ही जानती हैं। बहुत कुछ हुआ और वह एक दर्दनाक समय था, इसलिए मैं इसके बारे में बात नहीं करना चाहती।

## इस वेब सीरीज से स्माइली सूरी का कमबैक

स्माइली सूरी, फिल्म निर्माता मोहित सूरी की बहन और आलिया भट्ट, इमरान हाशमी और राहुल भट्ट की चचेरी बहन हैं। कलयुग के बाद स्माइली ने कुछ फिल्मों में एक्टिंग की और बाद में एक पेशेवर पोल डांसर बन गईं। वह वेब सीरीज हाउस ऑफ लाइज से वापसी कर रही हैं, जिसमें संजय कपूर भी हैं।



# जहीर इकबाल से 23 जून को मुंबई में शादी करेंगी सोनाक्षी!




मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से 23 जून को मुंबई में शादी करने वाली हैं। दोनों काफी समय से साथ में रह रहे हैं, लेकिन अपने रिश्ते को निजी रखा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि सोनाक्षी और जहीर साउथ मुंबई में शादी के बंधन में बंधेंगे। हालांकि, इस जोड़े ने अभी तक अपनी शादी से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी के निमंत्रण को एक मैगजीन कवर की तरह डिजाइन किया गया है, जिस पर लिखा है अफवाह सच है। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि हीरामंडी की स्टार कास्ट समेत परिवार और करीबी दोस्तों को ही समारोह में आमंत्रित किया गया है। सोनाक्षी और जहीर दोनों ने सलमान खान की फिल्मों से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सोनाक्षी ने 2010 में दबंग से डेब्यू किया था, जबकि जहीर की पहली फ़िल्म 2019 में नोटबुक थी। सोनाक्षी और जहीर दोनों ने 2022 में कॉमेडी-ड्रामा फिल्म डबल एक्सएल में भी साथ काम किया। पिछले हफ्ते जहीर ने सोनाक्षी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की थी। तस्वीरों में वे दोनों एक दूसरे के साथ काफी खुश नजर आ रहे हैं। तस्वीर किस जगह की थी, ये पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों छुट्टियां बिता रहे थे। उन्होंने तस्वीरों के साथ लिखा, जन्मदिन मुबारक सोनाक्षी।

# करण जौहर के साथ अनबन पर कार्तिक आर्यन ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड में कुछ वक्त पहले कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच अनबन की खबरें सामने आईं। इस चक्कर में करण जौहर ने कार्तिक को अपनी फिल्म से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। यह मामला दरअसल 2021 का है। करण जौहर के प्रोडक्शन की फिल्म दोस्ताना 2 में कार्तिक के अभिनय की खबर ने खूब सुर्खियां बटोरीं। कुछ ही महीनों बाद धर्मा की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि पेशेवर परिस्थितियों के चलते दोस्ताना 2 की कास्टिंग फिर से होगी। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए गए कि रचनात्मक मतभेदों के चलते कार्तिक आर्यन इस प्रोजेक्ट से दूर हुए। मतभेदों के चलते उनके और करण जौहर के बीच दरार आ गई थी। इस मामले पर कार्तिक आर्यन ने चुप्पी साधे रखी। लेकिन हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस पर बात की है। कार्तिक आर्यन ने कहा कि यह मसला अब काफी ज्यादा पुराना हो गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अक्सर गलत कम्युनिकेशन होता है और चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। खासकर जब इस बारे में लिखा जाता है तो यह अलग लगता है।





# अगस्त्य ने इक्कीस से साझा की अपनी झलक

अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने फिल्म द आर्चीज से अभिनय में कदम रखा। जल्द ही वह अपनी अगली फिल्म इक्कीस में नजर आएंगे। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बन रही फिल्म के लिए अभिनेता ने पूरी तैयारी कर ली है। अगस्त्य ने फिल्म से अपनी एक झलक साझा की है, जिसे देखकर फैंस का उत्साह और बढ़ गया है। इसमें वह सफेद शर्ट पहने हुए कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं, जिसे पर 21 लिखा है। इक्कीस में जयदीप अहलावत भी अहम किरदार में नजर आएंगे।

# पिता को याद कर भावुक हुई प्रियंका चोपड़ा

हर बेटी की तरह प्रियंका चोपड़ा भी अपने पिता से बहुत प्यार करती हैं। उन्होंने अपने इंस्टग्राम हैंडल से एक पोस्ट को साझा करते हुए लिखा है, आप आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आप की मौजूदगी को मैं हर दिन अपने आस-पास महसूस करती हूं। मुझे तो अभी भी यकीन नहीं होता है कि आप हमारे बीच नहीं रहे। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी बात जारी रखते हुए आगे लिखा है, आप हमारे बीच रौशनी की तरह मौजूद हैं। आपके होने से ही हमारी जिंदगी रौशन है। आप को गए 11 साल हो गए, लेकिन मैं अब भी इस बात को स्वीकार नहीं कर पाई हूं। प्रियंका चोपड़ा के लिए उनका परिवार काफी महत्व रखता है। वे अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपने पति, मां और बेटी पर प्यार लुटाती नजर आती हैं। आज भी अपने पिता के लिए लिखे गए पोस्ट में अभिनेत्री ने लिखा है, अपने करीबी लोगों के साथ समय बिताएं। उन्हें प्यार दें क्योंकि इस दुनिया में हर कोई एक लिमटेड समय के साथ ही आया है। हो सकता है कि आपके पास किसी को देने के लिए कम समय हो। पिछले कई वर्षों में ऐसे कई मौके आए हैं जब प्रियंका चोपड़ा अपने पिता को याद करती नजर आई हैं। अपनी शादी के बाद एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने पिता को याद करते हुए कहा था, जब मेरी शादी हो रही थी तब लगातार मुझे उनकी याद आ रही थी। जब भी मैं मां को सबकुछ अकेले करते देखती हूं मुझे उनकी याद आती है। वे मेरी शादी को लेकर बहुत उत्साहित रहते थे।





# टीवी से फिल्मों में आने के कारण कभी नहीं हुआ भेदभाव

अवनीत कौर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म लव की अरेंज मैरिज के लिए चर्चा में हैं। उनके लिए यह एक सही फैसला साबित हुआ है। फिल्म की कहानी, उनका किरदार और फिल्म में अनुभवी सितारों की मौजूदगी उनके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है । फिल्म की कहानी उनकी मां का किरदार निभा रहीं सुप्रिया पाठक के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में अनुभवी कलाकार अन्नू कपूर, उनके साथी के पिता बने हैं। फिल्म का हिस्सा बन कर अवनीत काफी रोमांचित महसूस कर रही हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए अनुभव पर कहा, मैं हमेशा सुप्रिया मैम के हाव भाव को ध्यान से देखा करती थी, जब भी वह शूटिंग करती थीं। उनके सहज अभिनय को देखना मेरे लिए एक काफी सीखने वाला अनुभव रहा। मुझे उनकी सभी फिल्में काफी पसंद आती हैं। मुझे याद है कि गोलियों की रासलीला रामलीला में अपने अभिनय से उन्होंने मुझे चौंका दिया था।

## टीवी से होने के कारण नहीं हुआ भेदभाव

अभिनय से अवनीत कौर का रिश्ता 14 साल पुराना है। उन्होनें अपने अभिनय करियर की शुरुआत टीवी से की थी। उसके बाद उन्होंने फिल्मों का रूख किया। रानी मुखर्जी अभिनीत साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म मर्दानी से उन्होंने डेब्यू किया था। उन्होंने टीवी अभिनेताओं के बॉलीवुड में करियर बनाने के दौरान आने वाली चुनौतियों पर बात की। उन्होंने कहा, जब मैं फिल्मों में आने की कोशिश कर रही थी, तो बहुत से लोगों ने मुझसे कहा कि यह असंभव है। हालांकि, अब मेरी धारणा अब बहुत बदल गई है। टीवी से आने के कारण फिल्म उद्योग में मेरे साथ कभी बुरा व्यवहार नहीं किया गया। वरुण धवन और अनन्या पांडे मेरे अच्छे दोस्त हैं। लव की अरेंज मैरिज 14 जून 2024 को जी 5 पर प्रीमियर होने वाली है। यह इशरत आर खान द्वारा निर्देशित फिल्म है। फिल्म रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा है, जो इस बात पर प्रकाश डालती है कि प्यार उम्र से परे है। फिल्म में अवनीत कौर के अलावा सनी सिंह, अनुभवी अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक, राजपाल यादव आदि कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का लेखन राज शांडिल्य ने किया है।

# गुरमीत चौधरी की पहली वेब सीरीज का टीजर जारी



गुरमीत चौधरी टीवी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। वह अब तक कई फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। अब गुरमीत अपनी पहली वेब सीरीज कमांडर करण सक्सेना के जरिए ओटीटी पर धमाल मचाने को तैयार हैं। इस वेब सीरीज में वह दहशतगर्दों के खिलाफ लड़ते नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस शो का टीजर सामने आया है इस टीजर को देखकर गुरमीत के फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं।

# बिहार सरकार द्वारा जल जीवन हरियाली के अंतर्गत कराया जा रहा है तालाब का निर्माण

प्रातः किरण संवाददाता




संग्रामपुर (मुंगेर)। बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा लगातार मौसम को देखते हुए जल जीवन हरियाली के तहत कई तरह के कार्यक्रम चलाया रहा है। इसको लेकर बिहार सरकार तत्पर्यता के साथ कार्य कर रही है। बिहार सरकार प्रखंड क्षेत्र में कहीं नल का निर्माण तो कहीं तालाब का निर्माण करा रहा है। ताकि किसानों को पटवन करने एवं मछली पालन करने में सुविधा हो। वहीं वहीं प्रखंड के पदाधिकारियों के उदासीनता के कारण यह कार्य कागज पर सिमटता हुआ नजर आ रहा है।

संग्रामपुर प्रखंड के रतनपुरा गांव के एक पोखर का मामला बताया जा रहा है कि यह पोखर एक माह पूर्व खुदाई किया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि रतनपुरा गांव के यह पोखर को आनन फानन की स्थिति में खुदाई का कार्य कर लिया गया है। लाल मुनी मांझी राजेश मांझी सुरेश मांझी रामोतार मांझी राजू मांझी दारा मण्डल ग्रामीण के द्वारा आरोप लगाया गया है कि यह पोखर का निर्माण किस विभाग से हो रहा है हमें नहीं पता है इसकी राशि कितनी है यह भी हमें नहीं पता है यह इनकी खुदाई कितनी गहराई तक करना है यह भी ग्रामीणों को नहीं पता होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक ने पोखर की खुदाई 2 से 3 फीट का खोदाई मात्र किया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि संवेदक ने बताया की कार्य पूरी तरह से पूर्ण हो चुका है। ग्रामीणों ने कहा कि इस पोखर से लगभग 100 एकड़ से अधिक जमीन का पटवन होता है। कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी अभी तक ना कोई बोर्ड लगाया गया है ना ही ग्रामीणों को विभाग की जानकारी है वहीं इस सन्दर्भ में लघु जलसंसाधन विभाग के अभियंता से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि रतनपुरा पोखर की खुदाई लघु जल संसाधन विभाग के द्वारा करवाया गया है का यह योजना है इसकी वजट राशि 31 लाख 7716 रुपया है। इस कार्य का मुख्य प्रावधान मिट्टी कार्य एवं आउटलेट एवं इनलेट का निर्माण करना था इस कार्य को प्रारंभ करने की तिथि 6 दिसंबर 2023 है एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि 5 जून 2024 है।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के डुमरी छपिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पीड़ित ने तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें रविकांत प्रसाद उर्फ हीरालाल प्रसाद, अंकित कुमार, अजीत कुमार को आरोपित किया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उक्त तीनों लोग मुझे रास्ते में घेर कर मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान मैं चिल्लाने लगा तो गांव के लोग आकर मेरा जान बचाए लोगों के आते ही उक्त लोग भाग गए। मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने के नियत से बिजली का तार मेरे घर से सटाकर लगा दिए हैं जिसके कारण जान माल का नुकसान होने का डर बना रहता है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### खरीफ महा अभियान सह प्रशिक्षण शिविर आयोजित

बनियापुर। प्रखंड के ई किसान भवन मे सैकड़ो किसानो के बीच एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय खरीफ महोत्स्व सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्धघाटन जिला कृषि पदाधिकारी व बी ए ओ ने संयुक्तरूप से दिप प्रज्वलित के किया जहा किसानो को जागरूक करने के उदेश्य से आयोजित कार्यक्रम मे कृषि विज्ञान केंद्र माझी के विशेषज्ञ डा जीतेन्द्र चंदेल के द्वारा किसानो को कृषि की उर्वरता बढ़ाए रखने व नई पद्धति से कृषि करने के लिए जैविक खेती पर बल दिया, कम खर्च पर उन्नत खेती की जानकारी दिया, वही खरीफ फसल की बुआई व नई कृषि प्रणाली की विधियों के बारे मे विस्तार से जानकारी दिया बी ए ओ अभय कुमार उप निदशक शमसेर आलम सहित कई विशेषज्ञो द्वारा किसानो को जानकारी दिया, जहा भारी संख्या मे किसन अन्य कर्मी शामिल थे।

### बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ ने माननीय न्यायमूर्ति का किया स्वागत

छपरा कोर्ट। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ द्वारा माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ से स्थानांतरित होकर पटना उच्च न्यायालय आए। माननीय न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल का स्वागत संगठन अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी एवं संगठन सचिव पवन कुमार सहित अन्य संगठन सदस्यो संजीव कुमार चौधरी शशि कुमार सिंह सहित अन्य सगठन पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया।

### गायघाट थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी गांव के ग्रामीणों ने थानेदार पर कार्रवाई एवं स्थानांतरण का मांग किया है। गांव के पांच दर्जन ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन वरीय पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमे बताया गया है कि बीते 4 अप्रैल को दो बजे छापेमारी करने के दौरान थानेदार पुरुषोत्तम यादव ने मां बेटी को बेरहमी से घसीट घसीट कर पीटाई की थी। इसके बाद पीड़िता ने राष्ट्रपति समेत सभी वरीय प्रशासनिक अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। इसके साथ ही कोर्ट में थानेदार के विरुद्ध परिवाद भी दायर किया गया था। उचित न्याय की मांग को लेकर घटना स्थल पर तीन दिनों तक अनशन भी किया गया था। इसके बाद सिटी एसपी पीड़िता के घर पर पहुंच अनशनकारियों को थानेदार पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर अनशन समाप्त कराया था। उन्होंने बताया था कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। इस समय चुनाव आयोग के आदेश के बिना कोई कार्रवाई नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने बताया कि अब चाहिए चुनाव समाप्त हो चुका है। कहा है कि थानेदार के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुआ तो सभी ग्रामीण आंदोलन करने पर विवश हो जाएंगे। विदित हो की होली के दिन शराब कारोबार के विरुद्ध पुलिस मैठी गांव में छापेमारी करने गई थी।

### अगले 2--3दिनों तक गर्मी से राहत नहीं , चलेगा हीट वेब

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के लोगों को फिलहाल भीषण गर्मी से राहत मिलने की की सम्भावना नहीं है। अगले 2-3दिनों तक अधिकतम तापमान 38-से 42डिग्री तक पहुंचने से हीट वेब की स्थिति बने रहने का अनुमान है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 12से 16जून तक के लिए जारी मौसम पूर्वानुमान में यह जानकारी दी है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 36.8 एवं 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 84 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 62 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.3 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 6.1 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 8.6 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.2 एवं दोपहर में 38.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## धनंजय यादव के द्वारा महादलित बस्ति में पुड़ी-सब्जी का वितरण किया गया

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुर। आरा सदर प्रखंड के जमीरा गांव में धनंजय यादव (जिला पार्षद सह प्रदेश महासचिव युवा राजद) के द्वारा महादलित बस्ति में पुड़ी -सब्जी का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर जमीरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भरत यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि लल्लू यादव, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष अनिल यादव, महासचिव ब्रहमदेव राय, सुरेंद्र यादव, चंदन यादव सहित सैकड़ों युवासाथी उपस्थित रहें। उक्त अवसर पर जिलापार्षद धनंजय यादव ने गरीबों के मसिहा लालू यादव के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भोजपुर समेत समस्त बिहारवासीयों को बधाई दिया उन्होंने कहा कि लालू जी का अनुसरण करते हुवे उनके बताये हुते मार्गो पर चलते हुवे जीवनपर्यंत गरीबों की सेवा करते रहुंगा और उनके हक और अधिकार के लिये संघर्ष करतें रहुंगा।

# लालू प्रसाद यादव के 77वें जन्म दिवस के अवसर पर किया गया वृक्षारोपण

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गरीबों व वंचितो के आवाज लालू प्रसाद यादव के 77वें जन्म दिवस के अवसर को राष्ट्रीय जनता दल भोजपुर जिला इकाई द्वारा इसे पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया। भोजपुर ज़िलाध्यक्ष वीरबल यादव के नेतृत्व में राजद विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया, पूर्व विधायक मो. नवाज आलम उर्फ अनवर आलम, सहित अन्य वरीय नेता और कार्यकर्ता अपने नेता लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण किए और मिठाइयां बांटी।

मौके पर जगदीशपुर के राजद विधायक श्री राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया ने कहा की लालू प्रसाद यादव जी के जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण कर हम सभी ने अपने नेता की लंबी आयु की कामना करने के साथ पर्यावरण को संतुलित करने का संकल्प लिया। आज जिस तरीके से वनों की कमी होने के कारण ग्लोबल वार्मिंग जैसे बड़े संकट से सामना करना पड़ रहा है वो चिंताजनक है। इस पर विचार करना होगा। उन्होंने यह भी अपील किया की हर व्यक्ति अपने जन्मदिवस पर पांच - पांच वृक्ष लगा कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लें। वहीं ज़िलाध्यक्ष श्री वीरबल यादव ने कहा की आज हम सबो के अभिभावक , गरीबों और बेजुबानो के जुबान , सामाजिक न्याय के मसीहा आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन है। उन्होंने यह भी कहा की लालू प्रसाद का जीवन झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के हक अधिकार के लिए सदैव समर्पित रहा। लालू जी का जीवन गरीबों और उनके उत्तथान में ही समर्पित रहा है। उन्होंने यह भी कहा की आज सभी लोग चिलचिलाती धूप और हिट वेव से परेशान है। वैसी स्थिति में पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी सभी की है। इसलिए राजद भोजपुर परिवार वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संतुलित करने में अपना योगदान देते हुए लालू जी के दीघार्यु होने की कामना करता है। वहीं आरा सदर के पूर्व राजद विधायक मो. नवाज आलम उर्फ. अनवर आलम ने कहा की गरीबों के मसीहा लालू जी अनवरत वंचितो एवं पिछड़ो के लिए एक स्वर के रूप में कार्य लिए।

उन्होंने मौके पर पर्यावरण में असंतुलन पर चिंता जाहिर की और कहा की वृक्षारोपण से इसको संतुलित करने के लिए संकल्पित होना होगा। उन्होंने अपने नेता लालू जी के दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर प्रदेश महासचिव मनोज सिंह, प्रधान महासचिव रामबाबू पासवान, प्रमुख मुकेश सिंह यादव, उपाध्यक्ष मनमोहन कुमार उर्फ मंटू शर्मा, प्रवक्ता आलोक रंजन, जगदीश कुशवाहा, युवा राजद नेता सोनू राय, एकराम आलम, नगर अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, छात्र राजद सह प्रभारी अमित कुमार ठाकुर, धनजीत यादव, देव यादव, सेराज अंसारी, विजय यादव, राकेश, सुमित आनंद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## इंडिगो गाड़ी से 188 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, गाड़ी चालक फरार

प्रातः किरण संवाददाता



तरैया। थाना क्षेत्र के छपिया बिन टोली के पास एसएच 73 मुख्य सड़क पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान इंडिगो गाड़ी से 188 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद कर लिया है। जिसको लेकर स.अ.नि. अप्पू कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर छपिया बिनटोली में वाहन जांच कर रहे थे कि काले रंग के एक स्प्लेंडर प्लस बाइक से एक व्यक्ति सवार था तथा उसके पीछे एक उजले रंग के इंडिगो गाड़ी आ रही थी। उक्त दोनो गाड़ियों को रुकने का इशारा करने पर एस्प्लेंडर बाइक व इंडिगो गाड़ी के चालक पीछे घुमाकर भागने लगा। पुलिस बल के सहयोग से रुकने का प्रयास किया गया। तब तक बाइक चालक और इंडिगो गाड़ी चालक गाड़ी छोड़ झाड़ी में कूद कर भागने लगे। पुलिस बल के सहयोग से पीछा किया गया लेकिन चालक भागने में सफल हो गए। पुलिस ने वापस आकर इंडिगो गाड़ी के तलाशी लिया तो ब्लेंडर प्राइड, रॉयल स्टेज, एट पीएम गोल्ड के कुल 188 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। मोटरसाइकिल के चालक व इंडिगो गाड़ी के चालक व गाड़ी मालिक पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई है।


## उमस भरी गर्मी से जन जीवन त्रस्त, नल जल योजना का नही मिलता है लाभ

प्रातः किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर) । प्रखंड क्षेत्र में उमस भरी गर्मी से मानव के साथ ही पशु पक्षियों व जीव जन्तु भी परेशानी का दंश झेल रहें हैं। बरियारपुर प्रखंड क्षेत्र में हर घर नल जल योजना भी भगवान भरोसे चल रहा हैं। प्रखंड क्षेत्र में अघिकांश पंम्प चालकों को आदेश जारी कर कहा गया है कि स-समय पर आमजनों को पानी उपलब्ध कराया जाए। यदि ग्रामीणों का किसी तरह का शिकायत शासन को मिला तो कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया गया है, किन्तु अधिकतर पंम्प चालको ने इस आदेश का उल्लंघन कर दिया है। ग्रामीण नल जल के संचालक पंम्प स्टार्स कर अपने निजी कार्य मे तल्लीन हो जाते हैं । इस बीच बिजली उपलब्ध है या नही इसे देखने की किसी को भी दरकार नही है। नल जल पंम्प पानी उठा रहा है या नहीं इसे देखने के लिए पंप संचालक उपलब्ध नहीं रहते है। इससे प्रतित होता है कि नल जल पंम्प से पानी दैने के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। अधिकतर पंम्प चालकों का कहना है कि हमने जो जल दे रहे हैं यह सरकार के नजर पर है। इधर नल जल के उपभोक्ता ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी पदाधिकारी द्वारा कभी भी जॉच करने को नही आते है। यदि पदाधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण करें तो उन्हें पानी चालु स्थिति में है या नहीं की स्थिति की जानकारी मिल जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि यदि नल जल योजना से संबंधित पंम्प संचालन स्थल की जांच करें तो पंम्प चालकों मे थोड़ा भय कायम रहेगा। जिससे आम जन तक स-समय नल जल पानी पंप से मिलता रहें।

## भीषण गर्मी में जल नल हुआ खराब पानी के लिए मचा हाहाकार

प्रातः किरण संवाददाता




सदर मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढी दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 13 में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत लगाए गए जल नल विगत एक सप्ताह से खराब हो जाने के कारण इस भीषण गर्मी में पानी के लिए ग्रामीणों के बीच हाहाकार मच गई है। वहीं ग्रामीण अरुण मंडल, अमित मंडल, धर्मेंद्र कुमार ,प्रवीण कुमार द्वारा बताया गया कि विगत एक सप्ताह से जल मीनार का मोटर खराब हो जाने के कारण हम लोगों के बीच इस गर्मी में पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। किसी तरह से हम लोग इधर-उधर से पानी लाकर पी रहे हैं। पानी की कई सारी काम है जिसको लेकर हम लोग काफी परेशान है। इसकी सूचना हम लोग पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी को दे दिए हैं। मुखिया द्वारा ठीक करने हेतु कारीगर को भेजा गया पर अब तक जल मिनार ठीक नहीं हुआ है। जल्द अगर जल मीनार की मरम्मती नहीं की गई तो हम लोग के बीच पानी की बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी एक ओर आकाश से आग उगल रही है तो दूसरी ओर पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है।

### सुरेंद्र यादव के सांसद बनने से संपूर्ण चौमुखी विकास होगा: अखिलेश पासवान

अरवल। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी सुरेंद्र यादव का जीत से अरवल जिले में संपूर्ण चौमुखी विकास होगा। राजद के धरोहर नेता अखिलेश कुमार पासवान ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जीत पर हर्ष व्यक्त किया। अखिलेश कुमार पासवान ने कहा कि सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में इस क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा. उन्होंने कहा कि अपने पूर्व के कार्यकाल में करपी-तेरा पथ समेत अन्य कई पथों का निर्माण कार्य कराया गया था। सुरेंद्र यादव को सांसद बनने से लोगों में या उम्मीद जगी है कि हमीद नगर पुनपुन परियोजना एवं अरवल में रेलवे लाइन गरीब वंचित के आवाज युवाओं की लड़ाई के लिए एवं किसान की समस्या समेत कई अन्य लंबित पड़े कार्यों को उनके द्वारा पूरा करवाया जाएगा. इस चुनाव में क्षेत्र के लोगों ने जाति एवं धर्म से उठकर इन्हें अपना बहुमूल्य मत देकर सांसद बनाया है।

## राज्य के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार : प्रो विनय चौधरी

प्रातः किरण



बेनीपुर(दरभंगा)। विधायक सह जदयू के प्रदेश प्रवक्ता प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट निर्देश है कि राज्य के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार बनता है। वे मंगलवार को बेनीपुर अंचल के सज्जनपुरा पंचायत में दो अग्नि पीड़ितों के बीच आपदा राहत राशि का चेक सौंपते हुए उक्त बातें कहीं। ज्ञात हो कि विधायक श्री चौधरी ने गत 20 अप्रैल को शार्ट सर्किट के कारण सज्जनपुरा पंचायत के सचित कुमार सिंह और राखी कुमारी के घर में आग लग गई थी। पीड़ितों को आपदा राहत मद से राहत राशि देने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया था । लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण राहत राशि नहीं उपलब्ध कराई गई थी । लेकिन लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही आज पीड़ितों को बारह बारह हजार की राहत राशि बर्तन,कपड़ा एवं अनाज उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान विधायक प्रो चौधरी ने उपस्थित लोगों को लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिए आभार प्रकट किया एवं कहा कि सरकार के मुखिया बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा बिहार के लोगों के सुख दुख में साथ रहे है और आगे भी रहेंगे।

# आरपीएफ के डीआईजी ने मेमूकारशेड में जली कोच का बारिकी से किया जांच, अधिकारियों से ली पूरी जानकारी

### आरपीएफ पोस्ट का भी डीआईजी ने निरीक्षण करते हुए दिया कई दिशा निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बीते गुरूवार को किऊल रेलवे स्टेशन पर खड़ी पटना जसीडीह मेमू गाड़ी के मोटरकोच सहित महिला बोगी जल जाने के बाद जली बोगी को झाझा मेमूकारशेड में रखा गया। जिसकी जांच लगातार दानापुर डिवीजन से लेकर हाजीपुर जोन के वरीय पदाधिकारी अपने स्तर से कर रहे है। वही मंगलवार को आरपीएफ डीआईजी लुइस अमुथर जली कोच का निरीक्षण करने के लिए मेमूकारशेड पहुंचा। इस दौरान उन्होनें सबसे पहले जली ईएमयू कोच का बारिकी से निरीक्षण किया और उसके बाद अधीनस्थ अधिकारियों स के साथ कई बिंदुओ पर गहन चर्चा किया। इस दौरान उन्होनें जले बोगी में पाए गए शराब की बोतल पर भी चर्चा मेमू कारशेड के वरीय मंडल विद्युत अभियंता संजीव कुमार से कई बिंदुओं को लेकर जानकारी ली। मेमू कारशेड में निरीक्षण करने के बाद डीआईजी ने आरपीएफ पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें उपस्थित सहायक कमांडेट हरिनारायण राम को रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं रेलवे संरक्षा को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश दिया और कहा कि रेलवे संपत्तियो की सुरक्षा करने को लेकर विशेष बात की। डीआईजी ने आरपीएफ के पदाधिकारी एवं आरक्षी को ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यो को करते हुए विशेष सर्तकता बरतने के साथ सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीआईजी ने बतायाकि रेलवे रैक की जलने की सूचना पर निरीक्षण किया जिसमें पूरी बारिकी से जांच कि गई और आग लगने का कारण का प्रयास किया कि आखिर कोच में आग कैसे लगी। हालांकि अभी जांच की प्रक्रिया जारी रहेगी। वही शराब की बोतल पाए जाने पर उन्होनें कहा कि इसकी भी जांच कि जा रही है। मौके पर दानापुर मंडल के आरपीएफ कमांडेट ए पंडा के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## बाइक चोर गिरोह के सरगना सहित आधा दर्जन की गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

वैशाली। थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर वैशाली पुलिस ने छापेमारी कर बाईक चोर गिरोह का उद्भेदन किया है। ईस छापेमारी में बाईक चोरी करने वाला, खरीदने वाले, चोरी के बाईक को आनन फानन मे खोल कर सभी पार्ट पूर्जा अलग थलग करने वाला गैराज संचालक सहित छः लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया की लंगड़ी पाकर अम्बारा मुख्य पथ पर वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी क्रम मे शेखपुरा गांव निवासी छोटू कुमार एवं दाउदनगर गांव निवासी विक्रम कुमार जो संदिग्ध अवस्था मे पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे खदेड कर पकड लिया गया। दोनों से कडाई से पुछ ताछ करने पर उसके निशानदेही पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के चकरशुल गांव मे छापेमारी किया जिसमे नीतेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। उक्त तीनों ने पुलिस को बताया कि ए सभी जहां कहीं भी चौक चौराहे पर बाईक खड़ी रहती है मास्टर चाभी से खोल कर चोरी करने का काम करता है। हाल हीं मे दाउदनगर बाजार पर से खडी एक बाईक को चोरी किया था जिसका एफआईआर थाने मे दर्ज है। उक्त तीनों के निशानदेही पर पुलिस ने लहलादपुर गांव निवासी पप्पु पासवान एवं चकअलहलाद गांव निवासी ललन सिंह के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम मे ललन सिंह एवं पप्पु पासवान के घर से तीन बाईक, चेचिस एवं बाईक का पार्ट बरामद हुआ। ललन सिंह के निशानदेही पर पुलिस ने मुजफ्फरपुर जिला के सरैंया थाना क्षेत्र स्थित बसंतपुर पट्टी गांव मे छापेमारी कर गैराज संचालक ज्ञानशंकर को गिरफ्तार किया गया। गैराज संचालक ने पुलिस को बताया कि वह वैशाली थाना क्षेत्र के चांदनी चौक पर बाईक का गैराज चलाता है चोरी के बाईक का कई इंजन उसके गैराज मे है. प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया की गैराज संचालक को गिरफ्तार कर उसके गैराज को खोलवाने पर वहां से बाईक का इंजन बरामद हुआ।

## कर्म में कुशलता ही योग की परिभाषा है : शाश्वत प्रदीप

प्रातः किरण



दरभंगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा इकाई के द्वारा प्रतिवर्ष गर्मी की छुट्टियों में आयोजित हो रहे निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु सर्जना निखार शिविर अंतर्गत आज योग, कंप्यूटर, ज्वेलरी क्राफ्ट, ड्रेस डिजाइनिंग, पत्रकारिता, फाइन आर्ट, संगीत आदि विषयो का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रातःकाल में वर्ग का आरंभ योगाचार्य सेवानिवृत प्राध्यापक बीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ शाश्वत प्रदीप द्वारा योग को कर्म की कुशलता बताते हुए प्रार्थना से प्रारम्भ कर पवनमुक्तासन, शशांग भुजंगासन, शशंगासन व पुर्व के पाठों को अभ्यास करवाकर शांति पाठ से वर्ग समाप्त किया गया। कंप्यूटर के प्रशिक्षक राहुल सिंह ने कम्प्यूटर को ऑपरेट करना, सिस्टम सॉफ्टवेयर व एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी दिया। ज्वेलरी क्राफ्ट का प्रशिक्षण दे रहे रिंकू राय, नूतन कुमारी, प्रियंका कुमारी ने वर्ग में आज ज्वेलरी मेकिंग विथ क्ले एंड फैब्रिक वर्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ड्रेस डिजाइनिंग के वर्ग ले रहे प्रियंका चौधरी ने छात्राओं को सामान्य वस्त्रों पर कलाकृतियों को उकेड़ने की अभ्यास कराया व सिलाई का वर्ग लेते हुए निक्की कुमारी ने पेटीकोट, माप लेना और कटिंग करना सिखाया। पत्रकारिता का वर्ग ले रहे न्यूज टुडे के संपादक प्रो संतोष दत्त झा ने कहा की बदलते वक्त में देश और समाज में मीडिया की भूमिका काफी महत्वपूर्ण बन गई है। आप अगर इसमें करियर बनाने की सोचते हैं तो यह सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ-साथ धन उपार्जन की अवसर प्रदान करती है। मीडिया कर्मियों का जीवन भी आज काफी हद तक ग्लैमरस है, और इसका क्रेज भी फिल्मी दुनिया की तरह लगातार आगे बढ़ रहा है। स्पोकन इंग्लिश का वर्ग ले रहे प्रशिक्षक स्पोकन हिल के डायरेक्टर ए के झा उर्फ राजा सर ने अंग्रेजी में बातचीत करने, अपना परिचय देने और अंग्रेजी बोलने के स्किल को मजबूत करने के बारे में बताया। वहीं संगीत के प्रशिक्षक मानस झा ने लोक गायन का विवरण देकर अभ्यास कराया। इस अवसर पर सहयोग में विभाग संयोजक राहुल सिंह, कार्यक्रम संयोजक सोनम कुमारी, नेहा, आकांक्षा सहित दर्जनों कार्यकर्ता सहयोग में उपस्थित थे।

## बिजली काटने से नाराज लोगों ने किया पावर ग्रिड में हंगामा

प्रातः किरण



आरा। भीषण गर्मी एवं तपती दोपहरी के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है वही आरा शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती से भी लोग काफी परेशान हैं और आज आरा शहर के महाराणा प्रताप नगर के लोगों का गुस्सा उस वक्त फूट पड़ा जब देर रात से उनके मोहल्ले में बिजली गायब थी तभी मोहल्ले के लोग जापानी फॉर्म पावर ग्रिड पहुंच गए और हंगामा करने लगे लोगों का कहना था कि रात 9:00 बजे से ही उनके मोहल्ले में बिजली गायब है और कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया जिसके कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है इस भीषण गर्मी में बिना पानी और बिजली के लोग देर रात से ही परेशान हैं जहां की बिजली ऑफिस में लोगों ने हंगामा किया और बिजली विभाग के पदाधिकारी के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए लगातार आरा शहर में बिजली कटौती से लोग काफी परेशान है वही नाराज लोगों ने पूरे शहर में बिजली की खराब स्थिति के लिए पदाधिकारी को जिम्मेवार ठहराया लोगों का गुस्सा इस बात से था कि बिजली विभाग के कोई भी पदाधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं और नहीं उनके समस्या का समाधान किया जा रहा है अगर जल्द से जल्दी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे लोग पूरे शहर की बिजली बंद कर देंगे।


## भोजपुर में जमीन विवाद को लेकर बाप-बेटा समेत तीन की पिटाई, वीडियो वायरल

आरा। भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव में जमीन विवाद को लेकर बाप-बेटा समेत लोगों की जमकर पिटाई कर दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में पीरो थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव निवासी जगमोहन सिंह, उनका पुत्र मंटू सिंह एवं उनकी भाभी गीता देवी शामिल है। उधर दोनों पक्षों के बीच हुए मारपीट का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर से देखा जा रहा है कि एक पक्ष के पुरुष व महिला द्वारा हाथों में लाठी-डंडे लेकर दूसरे पक्ष के सभी लोगों की जमकर पिटाई की जा रही है। इधर मंटू कुमार ने बताया कि पाटीदार से ही पांच कट्ठे खेत को लेकर करीब दो वर्ष से विवाद चल रहा है।

## जिलाधिकारी ने की बाढ़ पूर्व तैयारी की समीक्षा

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में विशेष रूप से बाढ़ पूर्व तैयारी, सुखाड़ की तैयारी सहित सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक कार्यो की समीक्षा समाहरणालय सभागार में की गई तथा अधिकारियों को निर्वाचन कार्य की तरह ही आपदा की तैयारी पूरी जिम्मेदारी से अलर्ट मोड में करने का निर्देश दिया। बाढ़ की पूर्व तैयारी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने तटबंधों का निरीक्षण, उसका सुदृढ़ीकरण एवं सुरक्षा हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने की जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में उन्होंने जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंतागण को प्रमुख रूप से गंडक बागमती के तटबंधों का स्वयं निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त संबंधित अंचलाधिकारियों को बाढ़ नियंत्रण के सहायक एवं कनीय अभियंता के साथ एक सप्ताह के भीतर भ्रमण करने तथा तटबंधों की सुरक्षा एवं सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। जलाधिकारी ने सरकारी एवं निजी नाव का अंचलवार निरीक्षण, निबंधन एवं एकरारनामा सुनिश्चित करने का निर्देश सभी अंचल के अंचलाधिकारी को दिया ताकि बाढ़ के समय प्रभावित क्षेत्र में नाव का समुचित उपयोग किया जा सके।

# 'खो खो' गुमनामी से अंतर्राष्ट्रीय शिखर तक : सुधांशु मित्तल





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पीछा करने के सदियों पुराने रोमांचक खेल 'खो खो' की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं और यह खेल प्राचीन काल से प्राकृतिक घास या मैदान में नियमित रूप से पूरे भारत में खेला जाता है। 'खो' मराठी शब्द है जिसका अर्थ है जाओ और पीछा करो। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेले जाने वाला 'खो खो' प्राचीन भारत का पारंपरिक खेल माना जाता है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के बाद दूसरा रोमांचक टैग गेम है। 'खो खो' की उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। इतिहास में इसका वर्णन मौर्य शासनकाल (चौथी ईसा पूर्व) में मिलता है। 'खो खो' खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महाभारत काल में 'खो खो' रथ पर खेला जाता था जहां प्रतिद्वंद्वी रथ पर सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते थे, जिसे 'रथेरा' कहा जाता था। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि महाभारत युद्ध के 13वें दिन गुरु द्रोणाचार्य द्वारा बनाए गए चक्रव्यूह में प्रवेश करने के लिए अभिमन्यु ने 'खो खो' में इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति का उपयोग किया था और 'खो खो' के कौशल का उपयोग करके कौरव वंश को भारी नुकसान पहुँचाया था।

लोकमान्य तिलक द्वारा गठित डेक्कन जिमखाना पुणे ने पहली बार इस खेल के विधिवत नियम तय किए। वर्ष 1923-24 में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कम्पटीशन की स्थापना की गई जिसके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर 'खो खो' को लोकप्रिय करने के लिए कदम उठाए गए। वर्ष 1928 में भारत की पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए गठित 'अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण मंडल' द्वारा वर्ष 1935 में इस खेल के नियमों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। आधुनिक काल में 'खो खो' खेल को महाराष्ट्र के अमरावती के हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल के तत्वाधान में सबसे पहले 1936 के बर्लिन ओलंपिक्स में प्रदर्शित किया गया था तथा इस खेल को अडोल्फ हिटलर ने जमकर सराहा। वर्ष 1938 में अखिल महाराष्ट्र शारीरिक शिक्षण मंडल ने 'खो खो' खेल की दूसरी नियम पुस्तिका प्रकाशित की। इसी वर्ष अकोला में इंटर जोनल स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया।

आज 'खो खो' भारत के सभी राज्यों में खेली जाती है तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 'खो खो' की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। आजादी के बाद भारतीय खेलों को प्रोत्साहन देने के अंतर्गत 1955-56 में 'अखिल भारतीय खो-खो मंडल' की स्थापना की गई। पुरुषों की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन 25 दिसंबर 1959 से 01 जनवरी 1960 को आयोजित किया गया जबकि महिलाओं की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 13 से 16 अप्रैल 1961 को आयोजित की गई। वर्ष 1964 में इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित 5वीं नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में व्यक्तिगत पुरस्कार शुरू किए गए। वर्ष 1966 में 'खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया' की स्थापना की गई तथा वर्ष 1970 में किशोर लड़कों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जबकि वर्ष 1974 में किशोर लड़कियों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 1982 में दिल्ली में आयोजित 9वीं एशियाई खेलों में खो-खो का डेमोंस्ट्रेशन मैच आयोजित किया गया। वर्ष 1987 में कोलकाता में आयोजित तीसरी साउथ एशियाई खेलों में खो-खो खेल को प्रदर्शित किया गया। अंतर्राष्टीय खेलों में पहली बार वर्ष 1996 में 'खो खो' की पहली एशियाई खो-खो चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिससे 'खो खो' को अंतर्राष्टीय खेल के रूप में लोकप्रियता मिली, जिससे आज यह खेल 36 से अधिक देशों में खेला जाता है। वर्ष 1998 में पहला नेता जी सुभाष गोल्ड कप इंटरनेशनल खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 'खो-खो' को अंतर्राष्टीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई 2018 में 'इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन' का गठन किया गया जिसका हेडक्वार्टर लंदन में है। लंदन में पहली इंटरनेशनल खो-खो चैंपियनशिप वर्ष 2018 में आयोजित की गई।

आज 'खो खो' भारत और अंतरराष्टीय स्तर पर व्यापक रूप से खेला जाने वाला खेल है। यह विभिन्न अंतरराष्टीय खेल आयोजनों का हिस्सा है जिसमें लगभग 20 देशों की राष्टीय खो-खो टीमें हैं। ऐसे गौरवशाली इतिहास के साथ खो-खो की लोकप्रियता आने वाले वर्षों में भी बढ़ती रहेगी।

टी-20 वर्ल्ड कप

## मैथ्यू वेड ने आईसीसी आचार संहिता का किया उल्लंघन, लगी फटकार



**बारबाडोस (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। आईसीसी के बयान में कहा गया है, 'ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू वेड को शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है।

ऑस्ट्रेलिया ने केंसिंग्टन ओवल में हुए इस मुकाबले में इंग्लैंड पर 36 रन से जीत दर्ज की थी। यह घटना उस समय हुई जब ऑस्ट्रेलिया की पारी के 18वें ओवर में वेड ने आदिल राशिद की गेंद को वापस गेंदबाज की तरफ खेला। वेड को उम्मीद थी कि अंपायर इसे 'डेड बॉल' करार देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वेड ने अंपायरों से बहस की।

विकेटकीपर बल्लेबाज वेड आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन को लेकर आईसीसी मैच रैफरियों के एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली गई इसलिए इस पर आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। इसके अलावा, वेड के अनुशासनात्मक रिकॉड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध था।

## टी20 विश्व कप में गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे टी-20 विश्वकप में पिचों के मिजाज को देखते हुए इस बार अभी तक खेले गये लीग मैचों में बल्ले की जगह गेंद का जलवा दिख रहा है और गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला। अभी तक खेले गये 21 लीग मुकाबलों में गेंदबाज इस तरह हावी रहे कि कोई भी बल्लेबाज सैकड़े तक नहीं पहुंच सका है। फिर चाहे कमजोर टीम के साथ मुकाबला रहा हो या धुरंधर के साथ। सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारुकी दो मैचों में नौ विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया तीन मैचों में नौ रन प्रति ओवर की औसत के साथ आठ विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दो मैचों में सात की औसत से छह विकेट के साथ तीसरे, चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान दो मैचों में आठ रन की औसत के साथ छह विकेट लिये है। ओमान के मेहरान खान तीन मैच आठ रन प्रति ओवर की औसत से छह विकेट पांचवें स्थान पर है।

भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दो मैच में 8.40 की औसत से छह विकेट चटका कर छठें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के ओट्टनील बाटमैंन तीन मैच 14.40 के साथ पांच विकेट के साथ सातवें स्थान पर है। श्रीलंका के नुवान तुषारा और नीदरलैंड के लोगन वैन वीक दो मैच में 8.40 की औसत से पांच-पांच विकेट के साथ संयुक्त रुप से आठवें और नौवें स्थान पर है। युगांडा के ब्रायन मसाबा तीन मैच 14.40 की औसत के साथ पांच विकेट लेकर दसवें स्थान पर है।

टी-20 विश्वकप में कुल सात गेंदबाज को सबसे अधिक विकेट लेने की उपलब्धि हासिल है, जिसमें चार गेंदबाज एशिया से हैं। वर्ष 2007 और 2009 में पाकिस्तान के उमर गुल, साल 2021 और 2022 में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा दो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में दो बार सबसे अधिक विकेट हासिल करने की उपब्लब्धि हासिल थी। टी-20 विश्वकप 2024 की शुरुआत और जून से हुई है और इसका फाइनल 29 जून को केनसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।

## मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनेंगे संग्राम सिंह

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनने के लिए तैयार हैं। संग्राम महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बनेंगे। मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार संग्राम ने कहा, 'कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा, 'एमएमए खेल का भविष्य है और पिछले कुछ वर्षों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता पूरी कहानी बयां करती है। भारत में इसको देखने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक मेरा समर्थन करेंगे।



## अकमल ने सिखों को लेकर दिया विवादित बयान

- **हरभजन ने याद करवाया इतिहास, कहा- लख दी लानत**



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भारत बनाम पाकिस्तान मैच के दौरान अर्शदीप सिंह के धर्म का अपमान करने के लिए पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर कामरान अकमल की आलोचना की। वायरल वीडियो में अकमल- जो एआरवाई न्यूज पर एक पैनल का हिस्सा थे- ने एक विवादास्पद टिप्पणी की और अन्य पैनलिस्टों के साथ हंसे।

**हरभजन ने याद करवाया इतिहास** - इस पर हरभजन ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, लख दी लानत तेरे कामरान अकमल.. आपको अपना गंदा मुंह खोलने से पहले सिखों का इतिहास जानना चाहिए। हम सिखों ने अपनी माताओं और बहनों को बचाया जब उन्हें आक्रमणकारियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था, समय हमेशा 12 बजे का था। शर्म आनी चाहिए तुम लोगों को.. कुछ आभार मानो।

**कामरान अकमल का वायरल वीडियो** - वायरल वीडियो में अर्शदीप सिंह को आखिरी ओवर देने पर कामरान अकमल को यह कहते हुए सुना गया, कुछ भी हो सकता है... आखिरी ओवर अर्शदीप सिंह ने कराया है। वैसे उसका रिदम नहीं लगा। 12 बज गए हैं। अकमल के बयान कई क्रिकेट प्रेमियों को पसंद नहीं आए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'बिल्कुल घृणित।' दूसरे यूजर ने टिप्पणी की, 'उस पर शर्म आनी चाहिए, वह ऐसा कुछ कैसे कह सकता है।' तीसरे यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हम सभी एक-दूसरे के बारे में मजाक बनाते हैं, लेकिन शालीनता की सीमा नहीं लांघनी चाहिए।'

**कामरान अकमल ने माफी मांगी** - हरभजन द्वारा आलोचना करने के तुरंत बाद कामरान अकमल ने माफी मांगी है। अकमल ने एक्स पर लिखा, मुझे अपनी हालिया टिप्पणियों पर गहरा खेद है और मैं हरभजन सिंह और सिख समुदाय से ईमानदारी से माफी मांगता हूं।

साउथ अफ्रीका- बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप

## 'यह अच्छा फैसला नहीं था', तौहीद ने हार के बाद अंपायरिंग की आलोचना की




**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद हृदय ने नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रन चेज के 17वें ओवर में एक विवादास्पद फैसले का हवाला देते हुए दक्षिण अफ्रीका से 4 रन से मिली हार के दौरान अंपायरिंग मानकों की आलोचना की। बांग्लादेश के रन चेज के 17वें ओवर में ओटनील बार्टमैन की एक गेंद महमूदुल्लाह के पैड से टकराकर चार रन के लिए चली गई। दक्षिण अफ्रीका ने एलबीडब्ल्यू की अपील की जिसे शुरू में सही माना गया लेकिन रिव्यू में खारिज कर दिया गया। चूंकि मैदानी अंपायर ने इसे आउट करार दिया था, इसलिए गेंद को डेड मान लिया गया। इस फैसले ने बांग्लादेश को चार रन नहीं मिल पाए और आखिरकार वे उसी अंतर से मैच हार गए।

मैच के बाद तौहीद ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इतने कड़े मुकाबले में हमारे लिए यह अच्छा फैसला नहीं था। मेरे हिसाब से, अंपायर ने इसे आउट दे दिया, लेकिन यह हमारे लिए बहुत मुश्किल था। वे चार रन मैच का रुख बदल सकते थे। कानून मेरे हाथ में नहीं हैं। उस समय वे चार रन वास्तव में महत्वपूर्ण थे। अंपायर फैसला ले सकते हैं और वे भी इंसान हैं और गलतियां कर सकते हैं। उन्होंने कुछ मौकों पर वाइड भी नहीं दिए, जो वाइड थे।

विवादास्पद फैसले के पांच गेंद बाद तौहीद ने 34 गेंदों पर 37 रन बनाए, उन्हें कैगिसो रबाडा की गेंद पर एलबीडब्लू आउट दे दिया गया जबकि रीप्ले में दिख रहा था कि गेंद केवल लेग स्टंप को छू रही थी। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि इस तरह के करीबी खेल में अंपायरिंग का स्तर बेहतर हो सकता था, खासकर जब वे छोटे लक्ष्य का पीछा कर रहे थे।

उन्होंने कहा, इस तरह के मैदान में जहां कम स्कोर वाले मैच हो रहे हैं, एक या दो रन बहुत बड़ी बात है। मुझे लगता है कि वे चार रन या दो वाइड करीबी कॉल थे और मुझे अंपायर के कॉल पर आउट दिया गया था और इसमें सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने कहा, %वास्तव में हम उस स्कोर से बहुत आश्वस्त थे और उस स्थिति से मुझे मैच खत्म कर देना चाहिए था। नए बल्लेबाज के लिए परिस्थितियों के अनुकूल ढलना मुश्किल होता है। उस स्थिति में मुझे मैच खत्म कर देना चाहिए था।

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे कम स्कोर 113/6 का सफलतापूर्वक बचाव किया और बांग्लादेश पर रोमांचक जीत के साथ सुपर 8 चरण के लिए अपनी योग्यता लगभग पक्की कर ली।

## आज ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत नामीबिया से, नजरें सुपर आठ पर




**नॉर्थ साउंड (एंटीगा) (एजेंसी)।** लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरा पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां कम रैंकिंग वाले नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में उतरेगा तो उसकी नजरें आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह पक्की करने पर टिकी होंगी। ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली एकमात्र टीम है। टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ पिछले लीग मैच में 36 रन की जीत के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी।

ओमान को 39 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत करने वाले ऑस्ट्रेलिया के दो मैच में दो जीत से चार अंक हैं। स्कॉटलैंड की टीम तीन मैच में पांच अंक के साथ शीर्ष पर है। नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में जगह पक्की हो जाएगी जिसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी। शीर्ष पर चल रहे स्कॉटलैंड के पास गत चैंपियन इंग्लैंड को पछाड़कर सुपर आठ में जगह बनाने का मौका है। इंग्लैंड के दो मैच में एक अंक हैं। स्कॉटलैंड के खिलाफ उसका पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। ऑस्ट्रेलिया ने दो हफ्ते पहले अभ्यास मैच में नामीबिया को नौ विकेट पर 119 रन पर रोकने के बाद सात विकेट से जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे डेविड वार्नर ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक जड़ा और फिर इंग्लैंड के खिलाफ 16 गेंद में 39 रन बनाकर टीम के सात विकेट पर 201 रन के बड़े स्कोर की नींव रखी।

वार्नर ने नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में भी अर्धशतक जड़ा था। उन्होंने टूर्नामेंट में 141.79 के स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए हैं। वार्नर के सलामी जोड़ीदार ट्रेविस हेड भी अच्छी फॉर्म में हैं और दोनों ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज शुरुआत देना चाहेंगे। नामीबिया को उम्मीद होगी कि ओमान के खिलाफ सुपर ओवर में जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वाइसे एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह ऑलराउंडर दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेलते हुए टी20 अंतरराष्टीय मैचों में चार बार ऑस्ट्रेलिया का सामना कर चुका है। अब तक टूर्नामेंट में अपने आठ ओवर में सिर्फ एक छक्का और एक चौका खाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर बर्नार्ड श्कोल्ट्ज से भी टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया** - मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जंपा।

**नामीबिया** - गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिंक, जेपी कोट्जे, डेविड वाइसे, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, मालन क्रूगर और पीडी ब्लिगनॉट।

**समय** - सुबह छह बजे (भारतीय समयानुसार)।

## पीसीबी ने दिया प्रस्ताव, 19 फरवरी से शुरू हो सकती है चैंपियंस ट्रॉफी



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले वर्ष देश में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को 19 फरवरी से शुरू कराने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के तहत बोर्ड ने टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में कराने का विचार बनाया है। कराची में टूर्नामेंट का उद्घाटन और सेमीफाइनल सहित तीन मैच होंगे। वहीं लाहौर में फाइनल समेत कुल सात मैच तथा पिंडी क्रिकेट ग्राउंड में कुल पांच मैच होंगे जिसमें दूसरा सेमीफाइनल भी होगा। रिपोट के अनुसार भारत का हर मैच लाहौर में कराने की तैयारी है। इसका मतलब है कि यदि भारत सेमीफाइनल में जाता है तो एक सेमीफाइनल में कराची या रावलपिंडी से निकालकर लाहौर लाना होगा। सुरक्षा के मद्देजनर भारतीय टीम को अधिक यात्रा से बचाते हुए मैचों एक ही शहर में कराए जाने की योजना है।

लाहौर बाघा बॉर्डर के पास भी है तो भारतीय प्रशंसकों के लिए वहां पहुंचना आसान भी होगा। हालांकि अभी तक यह निश्चित नहीं है कि भारत टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। वर्ष 2008 में एशिया कप के बाद से ही भारत ने पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है और 2012-13 के बाद से दोनों टीमों के बीच कोई द्विपक्षीय सीरीज़ भी नहीं खेली गई है। पिछले वर्ष जब पीसीबी ने एशिया कप होस्ट किया था तो भारत के सभी मैच श्रीलंका में खेले गए थे। भारत ने फाइनल में जीत दर्ज की थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) बार-बार कहता रहा कि भारतीय टीम का पाकिस्तान जाना भारत सरकार के निर्णय पर निर्भर है।

## ओलंपिक के लिए राइफल और पिस्टल टीम घोषित, दो स्पर्धाओं में भाग लेगी मनु भाकर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की जिसमें स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अकेली ऐसी खिलाड़ी है जो दो स्पर्धाओं में भाग लेगी।

टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया। टीम में 8 राइफल और 7 पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं। चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता देने का फैसला किया जिससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए। पाटिल अपनी पसंदीदा 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था।

निशानेबाजी में कोई व्यक्तिगत खिलाड़ी नहीं बल्कि देश को कोटा दिया जाता है। टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना है। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी दो सप्ताह के लिए स्वदेश लौटेंगे। शॉटगन टीम की घोषणा इटली के लोनाटो में होने वाले विश्व कप के बाद की जाएगी, जिसमें प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू होकर 18 जून तक चलेंगी। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। भारतीय निशानेबाजों ने इस बार संभावित 24 में से 21 कोटा स्थान हासिल किए हैं। राइफल और पिस्टल में उसने सभी आठ आठ कोटा स्थान हासिल किए हैं। भारत ने इससे पहले कभी इतनी अधिक कोटा स्थान हासिल नहीं किए थे। तोक्यो ओलंपिक के लिए भारत ने 15 कोटा स्थान हासिल किए थे।

### पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की टीम

**राइफल** - संदीप सिंह, अर्जुन बबूता (10 मीटर एयर राइफल पुरुष), एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल महिला), सिफ्ट कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन महिला), ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष)

**पिस्टल** - सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष), मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला), अनीश भानवाल विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी पुरुष), मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला)

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार की वापसी का जश्न मनाने पर मारे चाकू, पांच लोगों को किया अरेस्ट



**बेंगलुरु, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी सरकार की वापसी का जश्न मनाकर लौट रहे भाजपा के दो कार्यकर्ताओं पर कर्नाटक के मंगलुरू में 5 लोगों ने हमला बोल दिया। इन लोगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को चाकू से गोद डाला, जो फिलहाल अस्पताल में एडमिट हैं। इनमें से एक खतरे से बाहर है, जबकि दूसरे का ऑपरेशन होना है। पुलिस कमिश्नर अनुपम अग्रवाल ने बताया कि इस घटना में 41 साल के हर्ष और 24 साल के नंदकुमार पर हमला हुआ था। दोनों मोदी सरकार की वापसी के मौके पर आयोजित एक विजय जुलूस में हिस्सा लेने गए थे और वहीं से लौट रहे थे। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि इन लोगों ने धार्मिक स्थल के बाहर नारेबाजी की थी, जिसके बाद उनसे भिड़ंत हो गई। भाजपा कार्यकर्ताओं पर चाकू से हमला बोलने के आरोप में मोहम्मद शाकिर, अब्दुल रज्जाक, अबू बकर सिद्दीकी, सवाद और हफीज को अरेस्ट किया गया है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि यह विवाद एक बार के बाहर हुआ था। यहां 20 से 25 बाइक सवार युवकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं का पीछा किया था। उन दोनों भाजपा वर्कर्स पर आरोप था कि उन्होंने नारेबाजी की थी। पुलिस ने इस मामले में मस्जिद से जुड़े पीके अब्दुल्ला की अर्जी पर केस दर्ज किया है। अब्दुल्ला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि पीटे गए भाजपा कार्यकर्ता उकसाने वाले नारे लगा रहे थे। इसके अलावा वहां बाहर खड़े लोगों को गालियां भी दी थीं। इस मामले से सांप्रदायिक लिहाज से संवेदनशील कर्नाटक में नया विवाद छिड़ सकता है। फिलहाल कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है और भाजपा आरोप लगाती रही है कि वह मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करती है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में 240 सीटें जीतने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने फिर से एनडीए के घटक दलों के समर्थन से सरकार बनाई है और रविवार को पूरे मंत्री परिषद के साथ शपथ भी ग्रहण कर ली है।

### केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने ठुकरा दिया राज्य सरकार का न्योता

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में पिनाराई विजयन की सरकार और राज्यपाल के बीच तनातनी लंबे समय से चल रही है। इसी बीच केरल सरकार ने जब लोक केरल सभा के उद्घाटन के लिए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को आमंत्रित किया तो उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। बता दें कि तीन दिन चलने वाली लोक केरल सभा दुनियाभर के केरलाइट्स का एक कार्यक्रम होता है। चीफ सेक्रेटरी वी वेणु प्रसाद खुद राज्पाल को आमंत्रित करने राजभवन गए थे। बता दें कि कई मामलों को लेकर केरल की सरकार और राज्यपाल में मतभेद देखने को मिलता है। वहीं खान ने चीफ सेक्रेटरी से कहा कि सीपीआई (एम) के नेता उनपर निराधार आरोप लगाते रहते हैं। वहीं सार्जनिक जगहों पर भी उनके छात्र और युवा ऐक्टिविस्ट उनका रास्ता रोकने लगते हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक जब मंत्रियों ने खुले आम प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया तो उससे उन्हें बहुत दुख पहुंचा। मीटिंग के दौरान राज्यपाल ने कहा कि आखिर सरकार इस तरह से अचानक उनके प्रति अपना रवैया क्यों बदल रही है। इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम में आने से इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी कई कार्यक्रम कराए गए जिनमें उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था। बता दें कि केरल विधानभवन में ही दुनियाभर के केरलाइट्स के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। यह 13 से 15 जून तक चलेगा। बता दें कि बीते साल दिसंबर में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भारतीय उद्योग के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी रास्ते में एसएफआई के कार्यक्रातओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। केरल राज्यपाल ने कहा था कि यह इस तरह की पांचवीं घटना है। उन्होंने कहा था कि झंडों को रॉड में लगाया गया था।

# लोकसभा रिजल्ट आते ही अजित पवार के बदले बोल ! चाचा शरद पवार की तारीफ

### कहा- विचारधारा नहीं बदली



**महाराष्ट्र, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं और नई सरकार का गठन भी हो चुका है। महाराष्ट्र में अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार से बीते साल ही बगावत कर ली थी और अपनी नई पार्टी बनाकर चुनाव में उतरे थे। उनके दल को महाराष्ट्र में एक सीट पर ही जीत मिली थी। इसके अलावा बारामती लोकसभा सीट पर अजित पवार की पत्नी सुनेत्र को सुप्रिया सुले के मुकाबले हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों को अजित पवार के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है, जो भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट के साथ गठबंधन सरकार में डिप्टी सीएम हैं।

इस बीच नतीजों के बाद अजित पवार के बोल बदलते दिख रहे हैं। उन्होंने सोमवार को एनसीपी के 25 साल पूरे होने के मौके पर शरद पवार की तारीफ की। अजित पवार ने कहा, शरद पवार ने सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर अलग होकर नई पार्टी का गठन किया था। वह तब से ही पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और हमारे संगठन को दिशा दे रहे हैं। जून 2023 में शरद पवार से अलग होने के बाद से ऐसा पहली बार है, जब अजित पवार ने उनकी तारीफ की है। अजित पवार की ओर से ऐसे वक्त में तारीफ किया जाना कयासों को जन्म दे रहा है, जब उनके गुट को महज एक लोकसभा सीट मिली। वहीं शरद पवार खेमे ने 10 पर जीत हासिल की है।

इस मौके पर अजित पवार ने एनडीए के साथ अपने रिश्तों और मोदी सरकार में मंत्री पद न लेने पर भी सफाई दी। उन्होंने कहा, हमारा कहना था कि प्रफुल्ल पटेल पहले भी कैबिनेट मिनिस्टर रहे हैं। ऐसे में वह राज्य मंत्री क्यों बनेंगे। हमने इस बार में भाजपा की लीडरशिप को बता दिया है। हम कुछ समय इंतजार करेंगे और एनडीए में ही बने रहेंगे। इसके अलावा 15 अगस्त से पहले तक ही हमारी राज्यसभा में एक बजाय तीन सीटें हो जाएंगी। वहीं भाजपा सूत्रों का कहना है कि अजित पवार को नेतृत्व ने कह दिया था कि 7 सीटें जीतने वाले एकनाथ शिंदे गुट को एक राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का ही पद मिला है। इसलिए एक सीट वाले आपके दल के लिए यह ऑफर ठीक है। अजित पवार ने यह भी साफ किया कि भले ही वह भाजपा और एकनाथ शिंदे सेना के साथ हैं, लेकिन हमारी विचारधारा में कोई बदलाव नहीं आया है। हमारी विचारधारा वही है। वही राह है, जो महात्मा फुले, भीमराव आंबेडकर और शाहू जी महाराज ने दिखाई थी। एनडीए की ओर से संविधान बदले जाने के सवाल पर अजित पवार ने कहा कि विपक्ष ने गलत नैरेटिव फैलाया था, जिसमें वह सफल रहा।

### दांत साफ कर रहे बच्चे की भाई ने ऐसे थपथपाई पीठ, गले में फंस गया ब्रश; मची चीख-पुकार

**पुडुचेरी, एजेंसी।** दांत साफ करते समय एक बच्चे के गले में ब्रश फंस गया। दर्द के मारे बच्चे की चीख-पुकार मच गई। हालत और बिगड़ने लगी तो घरवाले उसे अस्पताल ले गए। बच्चे की जान बचाने के लिए डॉक्टरों को उसकी सर्जरी करनी पड़ी। डॉक्टरों ने बताया कि अगर समय रहते सर्जरी नहीं होती तो सांस न ले पाने के कारण उसकी मौत भी हो सकती थी। डॉक्टरों ने उसी दिन गले का ऑपरेशन करके उसे अस्पताल से भी छुट्टी दे दी। पुडुचेरी का सरकारी अस्पताल महात्मा गांधी पोस्ट ग्रेचुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइसेंज (एमजीपीजीआईडीएस)के डॉक्टरों ने किशोर की जान बचाई। डॉक्टरों की टीम ने 14 वर्षीय लड़के के गले में फंसा टूथब्रश निकाला है। 45 मिनट के कठिन ऑपरेशन के बाद अस्पताल ने बच्चे को उसी दिन डिस्चार्ज भी दे दिया। हालांकि डॉक्टरों का कहना था कि ऑपरेशन इतना आसान नहीं था।

लड़के की पहचान विल्लुपुरम जिले के किलियानूर के किसान सुरेश के बेटे एस दीबेश के रूप में हुई है। उसे शनिवार की सुबह तब अस्पताल में भर्ती किया गया, जब डॉक्टरों को जानकारी हुई कि उसके गले में ब्रश फंस गया है। जानकारी के अनुसार, दीबेश अपने भाई के साथ ब्रश कर रहा था। तभी खेल-खेल में उसके भाई ने उसकी पीठ जोर से थपथपा दी। इससे हुआ यूं कि दीबेश के हाथ से ब्रश की पकड़ ढीली हुई और ब्रश उसके गले के अंदर जाकर फंस गया। मारे दर्द के दीबेश की चीख निकलने लगी। जब उसके घरवालों को यह जानकारी मालूम हुई तो उन्होंने उसे तुरंत अस्पताल ले जाने का फैसला लिया।



### अपमानित नहीं होना चाहता, नहीं लड़ूंगा जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव- उमर अब्दुल्ला

**जम्मू कश्मीर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू कश्मीर की बारामूला सीट से करारी हार मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला के लिए राज्य विधानसभा चुनाव का विकल्प है। लेकिन, उन्होंने यह कहते हुए चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया कि वे केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव जीतकर विधानसभा की सीढ़ियां नहीं चढ़ना चाहते, क्योंकि वह खुद को अपमानित नहीं करना चाहते हैं। उनका कहना है कि वह भले ही चुनाव न लड़ें लेकिन, पार्टी के चुनावी अभियान का नेतृत्व जरूर करेंगे। जेल में बंद शेख अब्दुल रशीद उर्फ ??इंजीनियर रशीद से बारामूला लोकसभा चुनाव हारने को उमर अब्दुल्ला परेशान करने वाली बात नहीं मानते। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि चुनावी राजनीति में हार के लिए भी तैयार रहना पड़ता है। अगर आप इस तथ्य को अलग रखें कि मैं हार गया, तो कुल मिलाकर मुझे लगता है कि हमारी पार्टी नेशनल कॉफ्रेंस के पास संतुष्ट होने के लिए बहुत कुछ है। जहां तक मेरी अपनी सीट का सवाल है, मैं निराश होने के अलावा और क्या कर सकता हूं? लेकिन यह चुनावी राजनीति है।

### डॉक्टर की लग्जरी कार से शराब तस्करी, तीन गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर मध निषेध की पुलिस ने दो लग्जरी कार में यूपी के शराब के साथ तीन शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। लग्जरी कार पर डॉक्टर का स्टिकर लगा कर शराब की तस्करी कर रहा था।द टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर जिले के पारू थाना क्षेत्र में लालू छपरा गांव में विदेशी शराब को कार में लादकर पताही ले जा रहे है। टीम लालू छपरा गांव में छापेमारी करने पहुंची। जहां पुलिस टीम ने दो लग्जरी कार से 45 कार्टन शराब बरामद की। मौके से तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। एक कार का नंबर प्लेट बंगाल और एक कार पर डॉक्टर लिखा हुआ है।

**मोहमदपुरखाजा गांव के रहने वाले हैं बदमाश :** दो तस्कर की पहचान करजा थाना क्षेत्र मोहमदपुरखाजा गांव निवासी के रूप में हुई है। मध निषेध की इंस्पेक्टर शिबेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने पारू थाना क्षेत्र लालू छपरा में कार्रवाई की। दो लग्जरी कार से शराब की खेप लेकर पहुंचे तीन लोग पकड़े गए।

## तेरहवीं के दिन जिंदा घर लौटा युवक, मरा समझ परिवार ने कर दिया था अंतिम संस्कार

**श्योपुर , एजेंसी।** मध्य प्रदेश के श्योपुर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहं एक व्यक्ति को उसके परिवार द्वारा मरा हुआ समझ अंतिम संस्कार करने के बाद तेरहवीं की रस्म वाले दिन पहले वह जीवित घर लौट आया। अब यह बात पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गई है।

दरअसल, हाल ही में राजस्थान के सवाई माधोपुर के पास सूरवाल में हुए एक हादसे की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें घायलों की शिनाख्त की अपील की गई थी। इस फोटो को देख, मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के लाहचोड़ा गांव के एक परिवार ने घायल व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र शर्मा के रूप में की और उसे जयपुर ले गए, जहां उसे इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जयपुर में डॉक्टरों ने परिवार को बताया कि इलाज के दौरान सुरेंद्र की मौत हो गई है। थाना प्रभारी लाल बहादुर मीना ने बताया कि परिवार ने शुरुआत में हादसे में मरने वाले व्यक्ति की





पहचान सुरेंद्र के रूप में की थी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। शव का अंतिम संस्कार 28 मई को किया गया। परिवार जब सुरेंद्र की तेरहवीं के दिन की रस्मों की तैयारी कर रहा था, तभी उन्हें एक दिन पहले सुरेंद्र का फोन आया। शुरू में उन्हें लगा कि यह कोई मजाक है, लेकिन उसके भाई ने सुरेंद्र से वीडियो कॉल के जरिये पुष्टि करने को कहा। वीडियो कॉल पर जब उन्होंने सुरेंद्र को जिंदा देखा, तो उन्होंने उसे तुरंत घर लौटने के लिए कहा और तेरहवीं की सभी तैयारियां बंद कर दीं। यह भ्रम तब शुरू हुआ जब सुरवाल में एक व्यक्ति की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। श्योपुर में एक सड़क किनारे के रेस्तरां का एक खाद्य बिल उसकी जेब से मिला, जिससे सुरवाल पुलिस को दुर्घटना में मरने वाले व्यक्ति की पहचान करने में मदद मिली। सोशल वर्कर बिहारी सिंह सोलंकी ने सोशल मीडिया पर मृतक की फोटो पोस्ट की, जिसमें सुरेंद्र के परिवार ने गलती से उसे सुरेंद्र के रूप में पहचान लिया और उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। सुरेंद्र की मां कृष्णा देवी ने बताया कि परिवार ने एक अज्ञात शव की पहचान सुरेंद्र के रूप में की और सभी अनुष्ठान भी कर दिए। उन्होंने कहा कि उनके पास जब सुरेंद्र का फोन आया, तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ।

## अमेरिकी-इस्राइली जासूसी सेल को विद्रोहियों ने किया गिरफ्तार, हूती के अधिकारी ने दी जानकारी



**सना, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इस बीच यमन के हूती विद्रोही भी काफी सक्रिय हो गए हैं। सोमवार को उन्होंने एक अमेरिकी-इस्राइली जासूसी सेल को गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले ही विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के लगभग एक दर्जन कर्मचारियों को हिरासत में लिया था। हूती के आरोपों पर अब तक इस्राइल की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग ने भी आरोपों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

हूती के खुफिया प्रमुख अब्देल हकीम अल खैवानी ने सोमवार को बताया कि कथित सेल में यमन में अमेरिकी दूतावास के पूर्व कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने कहा कि सेल ने दशकों तक दुश्मन के पक्ष में आधिकारिक और अनौपचारिक संस्थानों में जासूसी और तोड़फोड़ की है। सेल के सदस्यों और अमेरिकी अधिकारियों ने तोड़फोड़ की गतिविधियों को अंजाम दिया। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी दूतावास में अपने पदों का फायदा उठाया। अमेरिकी दूतावास के सना से जाने के बाद, सेल के सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय और संयुक्त राष्ट्र संगठनों की आड़ में अपने तोड़फोड़ के एजेंडे को जारी रखा।

हूतियों का उदय 1980 के दशक में यमन में हुआ। यह यमन के उत्तरी क्षेत्र में शिया मुस्लिमों का सबसे बड़ा आदिवासी संगठन है। हूती उत्तरी यमन में सुन्नी इस्लाम की सलाफी विचारधारा के विस्तार के विरोध में हैं। 2011 से पहले जब यमन में सुन्नी नेता अब्दुल्ला सालेह की सरकार थी, तब शियाओं के दमन की कई घटनाएं सामने आईं। ऐसे में शियाओं में सुन्नी समुदाय के तानाशाह नेता के खिलाफ गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने देखा कि अब्दुल्ला सालेह की आर्थिक नीतियों की वजह से उत्तरी क्षेत्र में असमानता बढ़ी है। वे इस आर्थिक असमानता से नाराज थे। बताया जाता है कि हूती विद्रोहियों को सीधे तौर पर ईरान का समर्थन हासिल है। दरअसल, ईरान शिया बहुल देश है और हूती मुस्लिम भी इसी समुदाय से आते हैं। इसी सामुदायिक जुड़ाव के चलते ईरान पर हूतियों की मदद के आरोप लगते रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हूतियों के पास जो हथियार और मिसाइलें मिलती हैं, वे भी ईरान द्वारा निर्मित होती है। इतना ही नहीं इस्लामिक जगत में राज के लिए ईरान का पहले ही सऊदी अरब और यूएई से लंबा विवाद रहा है। ऐसे में ईरान के लिए यमन को अरब देशों के प्रभाव में जाने से रोकना बड़ी चुनौती है। इसीलिए वह हूती विद्रोहियों का समर्थन कर यमन में सऊदी अरब और यूएई को रोकने की कोशिश में लगा है।

## हमास से जंग के बीच इस्राइल ने लेबनान पर किया हमला, हिजबुल्ला के तीन सदस्य मारे गए

**गाजा, एजेंसी।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। इधर, हमास और इस्राइल बीते सात महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इस्राइल ने लेबनान में टैंकरों के एक काफिले को निशाना बनाया। इस हमले में हिजबुल्ला के तीन सदस्य भी मारे गए।

हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के साथ जारी जंग के बीच हिजबुल्ला ने भी इस्राइल को निशाना बनाया है। लेबनान में आठ महीने से अधिक समय से जारी हिंसा में कम से कम 462 लोग मारे गए हैं, जिनमें लगभग 90 नागरिक और लगभग 300 हिजबुल्ला लड़ाके शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में सैन्य सूत्र के हवाले से बताया गया इस्राइल ने सीरिया की सीमा पर स्थित हरमेल जिले के एक गांव में टैंकरों के एक काफिले और एक इमारत को निशाना बनाया। उसने नौ हमले किए, जिसमें हिजबुल्ला के तीन लोग मारे गए। साथ ही उन्होंने बताया कि तीन लोग घायल हुए हैं। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स वॉर मॉनिटर के अनुसार, हमले में दो अन्य लोग भी मारे गए हैं। एनजीओ के निदेशक रामी अब्देल रहमान ने बताया, सीरिया की सीमा पर लेबनान में प्रवेश करने वाले टैंकरों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए इस्राइली हमले में हिजबुल्ला के साथ काम करने वाले तीन सीरियाई और दो लेबनानी मारे गए। उन्होंने कहा कि हमले के बाद पांच अन्य घायल हो गए और दो लोग लापता हैं। युद्ध की निगरानी करने वालों ने बताया कि हमले का मुकाबला करने के लिए सीरियाई विमानरोधी रक्षा को सक्रिय किया गया था। हिजबुल्ला के लड़ाके लंबे समय से सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद की सेना के समर्थन में तैनात हैं। सोमवार के हमलों से कुछ घंटे पहले, हिजबुल्ला ने एलान किया था की कि उसने लेबनान के ऊपर एक और इस्राइली हर्मीस ड्रोन को मार गिराया है, जो फरवरी के बाद से इस प्रकार का पांचवां ड्रोन है।

## नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर के नेताओं ने बधाई दी

**सिंगापुर, एजेसी**

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर समेत कई राष्ट्र प्रमुखों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। पीएम मोदी को बधाई देने वालों में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बड़े भाई एवं सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख नवाज शरीफ ने नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर सोमवार को शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भी मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने पर बधाई दी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा कि हाल के चुनाव में मोदी की सफलता उनके नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मोदी इस अवसर का लाभ दक्षिण एशिया के दो अरब लोगों के भाग्य को आकार देने में उठाएं। नवाज ने कहा, तीसरी बार सत्ता संभालने पर पीएम मोदी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। हाल के चुनाव में आपकी पार्टी की सफलता आपके नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शाती है। आइए हम नफरत को आशा से बदलें और दक्षिण एशिया के दो अरब लोगों के भाग्य को आकार देने के लिए अवसर का लाभ उठाएं। मोदी ने रविवार को नयी दिल्ली में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन से लौटने के बाद एक्स पर एक पोस्ट में मोदी को बधाई दी। भारत के पड़ोस से शहबाज ही एक ऐसे नेता थे जिन्हें नयी दिल्ली में मोदी के शपथग्रहण समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया। शहबाज ने कहा, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नरेन्द्र मोदी को बधाई। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने भारत के लोगों के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और उन्हें ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी। रामफोसा ने भारत के लोगों को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने और चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भी बधाई दी जो 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में संपन्न हुई। इस बीच, सिंगापुर के प्रधान मंत्री लॉरेंस वोंग ने भी नरेन्द्र मोदी को उनके फिर से प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। वोंग ने रविवार को अपने भारतीय समकक्ष को लिखे एक बधाई पत्र में कहा कि मोदी ने पिछले दशक में ह्यभारत के उल्लेखनीय परिवर्तन को बढ़ावा दिया और लाखों लोगों के जीवन का उत्थान किया।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा पट्टी में अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव पारित किया

**न्यूयॉर्क, एजेसी**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा पट्टी के लिए अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव पारित कर दिया। परिषद के 15 सदस्यों में से 14 ने पक्ष में मतदान किया। रूस ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। वह अनुपस्थित रहा। रूस के पास वीटो शक्ति है। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने रिपोर्ट में लिखा है कि एक तरह से परिषद ने वाशिंगटन को कूटनीतिक जीत दिलाई है, क्योंकि इससे पहले अमेरिका परिषद के समक्ष पिछले तीन संघर्ष विराम प्रस्तावों को वीटो कर चुका था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पारित होने के बाद संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत सुश्री लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने कहा, हिंसा के इस चक्र को समाप्त करने और टिकाऊ शांति बनाने का एकमात्र तरीका राजनीतिक समझौता है। सुश्री ग्रीनफील्ड ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि इजराइल समझौते पर सहमत हो और कतर और मिस्र हमास को बातचीत की मेज पर लाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा, सहयोगियो, आज हमने शांति के लिए मतदान किया। इस प्रस्ताव में तीन चरण की योजना बनाई गई है, जो तत्काल युद्धविराम, इजराइली जेलों में बंद फिलिस्तीनियों के बदले में सभी बंधकों की रिहाई, विस्थापित गाजावासियों की उनके घरों में वापसी और गाजा से इजराइली सेना की पूर्ण वापसी के साथ शुरू होती है। दूसरे चरण में दोनों पक्षों की सहमति से स्थायी युद्धविराम का आह्वान किया गया है और तीसरे चरण में गाजा के लिए एक बहुवर्षीय पुनर्निर्माण योजना और मृत बंधकों के अवशेषों की वापसी शामिल होगी। प्रस्ताव में कहा गया है कि यदि पहले चरण की बातचीत में छह सप्ताह से अधिक समय लगता है, तब भी जब तक बातचीत जारी रहेगी तब तक संघर्ष विराम जारी रहेगा। इसमें गाजा पट्टी में जनसांख्यिकीय या क्षेत्रीय परिवर्तन के किसी भी प्रयास को भी खारिज कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के प्रतिनिधि सुश्री शापिर बेन नफ्ताली ने कहा है कि युद्ध में उनके देश के लक्ष्य नहीं बदले हैं और वह बंधकों को मुक्त कराने के लिए सैन्य अभियानों का उपयोग करेगा। सुश्री नफ्ताली ने परिषद को भरोसा दिलाया है कि अगर हमास नेता सभी बंधकों को मुक्त कर दें और खुद आत्मसमर्पण कर दें, तो एक भी गोली नहीं चलाई जाएगी।

बिहार सरकार

संदेश

बच्चे न केवल राष्ट्र का भविष्य होते हैं बल्कि वे हमारे गौरवशाली अतीत के संवाहक भी होते हैं। उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ पालन–पोषण, शिक्षा एवं स्वच्छ वातावरण सभी बच्चों का नैसर्गिक अधिकार ही नहीं हमारा सामाजिक दायित्व भी है। बाल श्रम इन उद्देश्यों की पूर्ति में बाधक होने के साथ–साथ सभ्य समाज के लिए अभिशाप है। बाल श्रम एक जटिल सामाजिक एवं आर्थिक समस्या है। राज्य सरकार इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए कृतसंकल्पित है एवं इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष 12 जून को **''विश्व बाल श्रम निषेध दिवस''** के रूप में मनाया जाता है।

बाल श्रम से विमुक्त बच्चों के पुनर्वास हेतु राज्य कार्य योजना के द्वारा सतत प्रयास जारी है। इस पुनीत कार्य में समाज के सभी वर्गों की साझेदारी एवं परस्पर सहयोग आवश्यक है। केवल श्रम कानूनों के प्रवर्त्तन मात्र से बाल श्रम विमुक्त राज्य का सपना पूरा नहीं हो सकता है बल्कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को प्रत्येक स्तर से इसे जड़–मूल से हटा देने के लिए संकल्पित भी होना होगा। बाल श्रम के विरुद्ध प्रचार–प्रसार कर हमें जन–चेतना का भी विकास करना होगा।

आज 12 जून को **''विश्व बाल श्रम निषेध''** दिवस के अवसर पर हम बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ संकल्प लें एवं अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

(सम्राट चौधरी)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 001717 (LRD)D. 2024-25

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555